डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd.
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

Annual Report
वार्षिक रिपोर्ट | 2014-2015

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd.

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

Annual Report 2014-2015
वार्षिक रिपोर्ट 2014-2015

Regd. Office & Corp. Office:
5th Floor, Pragati Maidan Metro Station Building Complex, New Delhi - 110001

सामान्य सूचना

पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय
5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन बिल्डिंग परिसर
नई दिल्ली–110001

सांविधिक लेखा परीक्षक
बवेजा एवं कौल, चार्टड एकाउन्टेंन्स
306, कॉर्पोरेट टॉवर्स
85ए, जमरूदपुर ग्रेटर कैलाश–1
नई दिल्ली–110048

आंतरिक लेखा परीक्षक
ए.आर.एंड कंपनी, चार्टड एकाउन्टेंस,
पताः सी–1, द्वितीय तल, आरडीसी,
राजनगर–गाजियाबाद–201001

बैंकर्स
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
एचडीएफसी बैंक
आईसीआईसीआई बैंक

निदेशकों की सूची (दिनांक 21.09.2015 को)

क्रसं.		निदेशक का नाम	पदनामकार्य ग्रहण की तिथि
1.	श्री ए.के.मित्तल	अंशकालिक अध्यक्ष(सरकारी)	03.02.2015
2.	श्री आदेश शर्मा	प्रबंध निदेशक	20.10.2014
3.	श्री अंशुमान शर्मा	निदेशक(परियोजना नियोजन)	05.04.2011
4.	श्री एच.डी.गुजराती	निदेशक(परिचालन एवं व्यवसाय विकास)	29.11.2012
5.	श्री एम.के.मित्तल	निदेशक (वित्त)	16.09.2013
6.	श्री डी.एस.राणा	निदेशक (अवसंरचना)	27.10.2014
7.	श्री गिरीश पिल्लई	अंशकालिक निदेशक(सरकारी)	14.11.2012
8.	श्री गजेन्द्र हल्दिया	अंशकालिक निदेशक(सरकारी)	02.05.2008

विषय सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	अध्यक्ष का संदेश	5 - 6
2.	सूचना एवं प्राक्सी फार्म	7 - 18
3.	निदेशकों की रिपोर्ट	19 - 41
4.	लेखा परीक्षकों की टिप्पणी और प्रबंधन का उत्तर (अनुलग्नक ''क'')	42
5.	सचिविय लेखा परीक्षक की टिप्पणी और प्रबंधन का उत्तर (अनुलग्नक ''ख'')	43
6.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणी (अनुलग्नक ''ग'')	44 - 45
7.	कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व की एक रिपोर्ट (अनुलग्नक ''घ'')	46 - 50
8.	कॉर्पोरेट शासन (गवर्नेस) रिपोर्ट (अनुलग्नक ''ङ'')	51 - 64
9.	प्रबंध निदेशक की घोषणा (अनुलग्नक ''ङ1'')	65
10.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मुख्य वित्तीय अधिकार द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाण पत्र (''ङ2'')	66
11.	पेशेवर कंपनी सचिव से प्राप्त कॉर्पोरेट गवरनेंस के अनुपालन का प्रमाण पत्र (''ङ3'')	67
12.	प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट (अनुलग्नक ''च'')	68 - 78
13.	व्यवसायिक कंपनी सचिव से एक सचिविय लेखा परीक्षण रिपोर्ट (अनुलग्नक ''छ'')	79 - 83
14.	वार्षिक रिपोर्ट के सार का बोर्ड रिपोर्ट में संलग्न फार्म नं एमजीटी–9 (अनुलग्नक''ज'')	84 - 92
15.	वित्तीय विवरण	93 - 119
16.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	120 - 125

अध्यक्ष का संदेश

डीएफसीसीआईएल की नवमीं वार्षिक आम बैठक में, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं । 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशक मंडल की रिपोर्ट और लेखा परिक्षित कंपनी के खाते और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जो पहले से ही आपको भेजी जा चुकी है।

डीएफसीसीआईएल का निर्माण एक रणनीति के तहत छोटे वृद्धिशील कदमों के द्वारा भारतीय रेल की माल ढोने की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

कंपनी अपने ग्राहकों को कुशल,विश्वसनीय, सुरक्षित एवं सस्ता विकल्प का उपयोग करके अत्याधुनिक प्रोद्योगिकी के साथ माल परिवहन के क्षेत्र में बाजार में अपनी हिस्सेदारी को प्राप्त करने के लिए भारतीय रेल को सक्ष्म बनाने की दिशा में दो कोरीडोर का निर्माण के मिशन को पूरा करने के लिए आगे बढ़ रही हैं । कंपनी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अग्रसर है और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्यों में प्रगति हुई है।

1. वित्तीय वर्ष 2014–2015 कुल पूंजी लागत रू.2897.50 करोड़ थी। परियोजना की स्थापना से पूंजी संचयी व्यय रू.13247.70 करोड़ है।

2. पूर्वी डीएफसी पर लगभग 4548 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 1318 किमी. से अधिक भूमि का अधिग्रहण (सोननगर–दानकुनी सेक्शन के 538 किमी. को छोड़कर 1002 हेक्टेयर क्षेत्र के साथ)को पूरा कर लिया गया है। पश्चिमी डीएफसी पर 1520 किमी. के साथ लगभग 5989 हेक्टेयर क्षेत्र को काफी हद तक पूरा कर लिया गया है। दिनांक 31.03.2015 को भूमि अधिग्रहण की प्रगति लगभग 84.2 प्रतिशत (सोननगर–दानकुनी सेक्शन को छोड़कर) और कुल प्रगति 81 प्रतिशत है। (पश्चिमी डीएफसी रू.4140 करोड़, पूर्वी डीएफसी रू.2742 करोड़) की राशि का कुल मुआवजा दिया गया है।

3. विगत एक वर्ष के दौरान, ठेकों को देने की गति में तेजी आई है। रू.17,590 करोड़ के ठेकें दिए गए हैं। डीएफसीसीआईएल की कुल लंबाई (पीपीपी पर सोननगर–दानकुनी सेक्शन को छोड़कर) में सिविल के लिए 65प्रतिशत और विद्युत और एसएंडटी के लिए 48 प्रतिशत ठेको को अधिनिर्णय हो गया है। अवधि के दौरान दिए जाने वाले मुख्य ठेके हैं :

   - सिविल ठेका–मुगलसराय–कानपुर (पूर्वीडीएफसी–2)–402 किमी.
   - सिविल ठेका–वैतरणा–मकरपुरा (पश्चिमी डीएफसी चरण–II)–320 किमी.
   - रेवाड़ी–वडोदरा सेक्शन के लिए विद्युत ठेका (पश्चिमी डीएफसी चरण–I)
   - खुर्जा–कानपुर (पूर्वी डीएफसी–1) के लिए विद्युत और एसएंडटी ठेका
   - रेवाड़ी–मकरपुरा (पश्चिमी डीएफसी चरण–1) के लिए एसएंडटी ठेका
   - पश्चिमी डीएफसी के लिए विशेष पुल पैकेज
   - पश्चिमी डीएफसी के लिए गाड़ी सुरक्षा चेतावनी प्रणाली
   - भारत में हेवी हॉल रेल क्षमता का विकास (एचएचआरसीटीआई)

4. **धन की व्यवस्था :**

   - पूर्वी डीएफसी–3 के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और US $650 मिलियन की राशि का ऋण 30.06.2015 विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत किया गया है।
   - कानपुर–मुगलसराय सेक्शन के लिए विश्व बैंक ने $1.1 बिलियन के ऋण करार पर दिसबंर 2014 में हस्ताक्षर किए गए।

- दिनांक 24.06.2015 को आयोजित आर्थिक मामले की केबिनेट कमेटी द्वारा संशोधित लागत प्राक्कलन रू.81459 करोड़ का अनुमोदन कर दिया गया।

5. जारी किए गए कार्यों की महत्वपूर्ण प्रगतिः

- पश्चिमी डीएफसी के रेवाड़ी–इकबालगढ़ सेक्शन में मिट्टी की खुदाई एवं कन्क्रीटिंग के कार्य में तेजी आई है। पश्चिमी डीएफसी में भगेगा में स्लीपर प्लांट को चालू किया गया।
- पूर्वी डीएफसी के खुर्जा–कानपुर सेक्शन में मिट्टी की खुदाई एवं कन्क्रीटिंग कार्य की प्रगति में तेजी आई है और पूर्वी डीएफसी में भारत में पहली बार यांत्रीकृत नए ट्रेक निर्माण मशीन के साथ ट्रेक लिंकिंग को शुरू किया गया है।
- दुर्गावती–सासाराम सेक्शन जून 2015 में दुर्गावती में भारतीय रेलवे के साथ प्रांरभ करने के लिए प्रथम जंक्शन ओर ओएचई और ट्रेक के पूरा होने के बाद सेक्शन के इंजन रोलिंग व्यवस्था की गई है।
- सोनपुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पीएससी गर्डर की शुरूआत का कार्य प्रगति पर है।

6. वर्ष 2014–2015 के दौरान ओपन मार्केट से 85 कर्मचारी भर्ती किए गए। इसके अलावा 21 पदों को सरकारी/उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों से तत्काल समावेशन के आधार पर भरा गया। सभी नए अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रांरभिक/परिचय प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष के दौरान अनुकरणीय तरीके से कार्य करने वाले कंपनी के कर्मचारियों को प्रेरित और पुरस्कृत करने के लिए बहुत से कदम उठाए गए स्किल क्षमता को बढ़ाने और क्षमता के निर्माण के लिए 1295 कार्य दिवसों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

7. कोर बिजनेस प्रक्रिया में तकनीकी लाभ के लिए विशेष पहचान के रूप में डीएफसीसीआईएल को सैप एसीई पुरस्कार 2014 प्रदान किया गया।

8. वर्ष के दौरान, सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत ईको सेनीटेशन, स्कूलों में सामान के साथ कंप्यूटर्स और चयनित परियोजना कार्यान्वयन यूनिटों (पीआईयू) में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के स्किल विकास प्रशिक्षण के लिए रू 53.86 लाख रूपये की राशि खर्च की गई। कंपनी ने स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

   कंपनी व्यवसायिक नैतिकता और मूल्यों के पालन करने के लिए वचनबद्ध हैं। मई 2010 में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम विभाग (सीपीएसई) के लिए दिए गए कॉर्पोरेट गवरनेंस पर सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा (डीपीई) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष की रिपोर्ट में ''कॉर्पोरेट संचालन ओर विश्लेषण रिपोर्ट'' में वार्षिक रिपोर्ट सम्मिलित की गई।

आभार

संगठन/मंडलों के सहयोग तथा सहायता प्रदान करने के लिए मैं रेल मंत्रालय के विभिन्न निदेशालयों क्षेत्रीय रेलों और भारत सरकार के अधीन अन्य मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों और उनके विभागों और कंपनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके द्वारा निष्ठा से किए प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं।

इसके अतिरिक्त, मैं कंपनी के हितधारकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं बोर्ड एवं अपने साथियों का भी उनके बहुमूल्य सुझावों और निरन्तर सहयोग एवं समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं।

मैं अपने बैंकों, व्यापारिक संबंधियों को, डीएफसीसीआईएल को दिए गए उनके सहयोग एवं सहायता के लिए धन्यवाद करता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी के समर्पित प्रयासों से कंपनी के उद्देश्यों को ईमानदारी, गति एवं सफलता के साथ प्राप्त करना संभव हो पाएगा।

हस्ताक्षर/–
ए.के.मित्तल
अध्यक्ष

दिनांक : 21.09.2015
स्थान : नई दिल्ली

सूचना

सूचना एतद् किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यों के संपादन के लिए डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(सीआईएन–यू60232डीएल2006जीओआई155068) के सदस्यों की 9वीं वार्षिक आम बैठक सोमवार, 21 सितबंर, 2015 को दोपहर 12.30 बजे सभा कक्ष, 5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो बिल्डिंग परिसर, नई दिल्ली–110001 में आयोजित होगी।

साधारण कार्य

1. 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और उस पर भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ–साथ 31 मार्च, 2015 के अनुसार लेखा परीक्षित विवरण,लेखा परीक्षित संतुलन पत्र, लाभ एवं हानि खाते का विवरण को प्राप्त करना, उस पर विचार करना और स्वीकार करना।

2. वर्ष 2015–2016 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त कंपनी के लेखा परीक्षक की नियुक्ति निम्नलिखित संकल्प अपनाकर की जाती है।

   ''संकल्प किया जाता है कि सदस्यों, भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए मेसर्स बवेजा और कौल, चार्टर्ड एकाउंटेंट को कंपनी के संविधिक लेखा परीक्षक के रूप में निदेशक मंडल द्वारा लेखा परीक्षक की सिफारिशों के अनुसार निर्धारित पारिश्रमिक के अंतर्गत नियुक्त किया जाता है।

विशेष कार्य

3. विचार करने और यदि सही, जारी करना संशोधन के साथ या बिना, निम्नलिखित संकल्प को विशेष संकल्प के रूप मेः

आगे सकंल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम की धारा 152(2)(सी),196 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसरण में यदि कोई हो, को संबंधित कंपनी के एसोसियेशन के संबंधित अनुच्छेदों के साथ पढ़ा जाए, कंपनी के निदेशक मंडल के द्वारा तद्नुसार सहमति दी जाती है।

भारत के राष्ट्रपति ने रेलवे बोर्ड के पत्र सं.2014/ई(ओ)II/40/9 दिनांक 14.10.2014 के द्वारा श्री आदेश शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, दक्षिण पश्चिम रेलवे को डीएफसीसीआईएल में तत्काल समावेशन के आधार पर पांच वर्ष के लिए दिनांक 20.10.2014 (पूर्वान्ह) से (प्रबंध निदेशक) के रूप में नियुक्त किया है या सेवा निवृति अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले है।

''आगे संकल्प किया जाता है कि निदेशक/वित्त/कंपनी सचिव को सभी कार्यों,जो भी आवश्यक दस्तावेज हो, पर हस्ताक्षर करने, इस संकल्प को प्रभावी करने के लिए आवश्यक समीचीन कार्य करने के लिए उससे संबंधित अनुषांगीक हो सकते हैं, को अधिकृत किया जाता है।

4. विचार करने और यदि सही, जारी करना संशोधन के साथ या बिना, निम्नलिखित संकल्प को विशेष संकल्प के रूप में:

''संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(2), 161,196 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसरण में यदि कोई हो, को संबंधित कंपनी के एसोसियेशन के संबंधित अनुच्छेदों के साथ पढ़ा जाए, कंपनी की सहमति से भारत के राष्ट्रपति द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2013/ई(ओ)II/40/4 दिनांक 27.10.2014 के अंतर्गत श्री डी. एस. राणा, मुख्य परियोजना प्रबंधक/डीएफसीसीआईएल को डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में तत्काल समावेशन के आधार पर दिनांक 27.10.2014 (पूर्वान्ह) से निदेशक/अवसंरचना के रूप में नियुक्त किया है या सेवा निवृति अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले है।

''आगे सकल्प किया जाता है कि निदेशक/वित्त/कंपनी सचिव को सभी कार्यों,जो भी आवश्यक दस्तावेज हो, पर हस्ताक्षर करने, इस संकल्प को प्रभावी करने के लिए आवश्यक समीचीन कार्य करने के लिए उससे संबंधित अनुषांगिक हो सकते हैं, को अधिकृत किया जाता है।

5. विचार करने और यदि सही, जारी करना संशोधन के साथ या बिना, निम्नलिखित संकल्प को विशेष संकल्प के रूप में:

संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(2), 161,196 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसरण में यदि कोई हो, को संबंधित कंपनी के एसोसियेशन के संबंधित अनुच्छेदों के साथ पढ़ा जाए, कंपनी की सहमति से भारत के राष्ट्रपति द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2009/इन्फ्र/6/2 दिनांक 03.02.2015 के अंतर्गत श्री ए.के. मित्तल, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में तत्काल प्रभाव से श्री अरूनेन्द्र कुमार, निर्वतमान अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के स्थान पर अगले आदेशों तक जो भी पहले हो अंशकालिक अध्यक्ष, नियुक्त किया है।

''आगे संकल्प किया जाता है कि निदेशक/वित्त/कंपनी सचिव को सभी कार्यों,जो भी आवश्यक दस्तावेज हो, पर हस्ताक्षर करने, इस संकल्प को प्रभावी करने के लिए आवश्यक समीचीन कार्य करने के लिए उससे संबंधित अनुषंगिक हो सकते हैं, को अधिकृत किया जाता है।

बोर्ड के आदेश से
ह/–

मीनू कपूर
कपंनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनाक : 31.08.2015

टिप्पणी

1. कंपनी अधिनियम 2013(अधिनियम) की धारा 102 के अनुसरण में संबंधित व्याख्यात्मक विवरण के व्यापार के संबंध में सूचना की मद संख्या 3 निम्नानुसार संलग्न है।

2. वार्षिक आम बैठक (ए जी एम) में भाग लेने और मत देने का हकदार कोई सदस्य अपने एवज में भाग लेने और मत देने के लिए एक परोक्षी नियुक्त करने के लिए हकदार है और परीक्षी के लिए कंपनी का सदस्य होना अनिवार्य नहीं है। परोक्षी नियुक्त करने का प्रपत्र कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक आरंभ होने से 48 घंटे पहले जमा करा दिया जाना चाहिए।

3. एजीएम की सूचना वार्षिक रिपोर्ट 2014–15 के साथ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई मेल पते कंपनी के पास पंजीकृत हैं,`जब तक किसी सदस्य द्वारा भौतिक रूप से उक्त प्रति के लिए अनुरोध न किया जाए। वह सदस्यगण जिनके ई मेल पते पंजीकृत नहीं है, उन्हें अनुमति माध्यम से भौतिक प्रति भेजी जाएगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में विदेश व्यापार के संबंध में व्याख्यात्मक विवरण

मद संख्या–3

1. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152 (2) में यह व्यवस्था की गई है कि अन्यथा स्पष्ट रूप से अधिनियम में प्रदत्त कंपनी द्वारा प्रत्येक निदेशक को वार्षिक बैठक में नियुक्त किया जाएगा।

2. कंपनी के एसोसियेशन के अनुच्छेदों के अनुच्छेद 81 (अध्यक्ष, अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक, निदेशकों और उनके कार्यालय) की नियुक्ति अनुच्छेद 81 प्रदान करता है–

   (1) राष्ट्रपति को नियुक्त करने की शक्ति होगीः

   (क) पूर्णकालिक अध्यक्ष, अंशकालिक अध्यक्ष, पूर्णकालिक प्रबंध निदेशक अथवा एक पूर्णकालिक अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओर अन्य पूर्णकालिक निदेशक।

   (ख) निदेशकगण भारत सरकार और अथवा अन्य राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे और

   (ग) अन्य निदेशकगण अध्यक्ष की सलाह से स्वतंत्र निदेशकगण सहित। राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त निदेशकगण कार्यालय में तब तक कार्य करेंगे जब तक कि उन्हें हटाया, त्यागपत्र, सेवानिवृति , मृत्यु अथवा अन्य कारण न हो।

3. धारा 196 में प्रबंधकीय कार्मिकों के पारिश्रमिक और नियुक्ति की व्यवस्था है–धारा 196(1) के अनुसार –

(1) कंपनी द्वारा उसी समय प्रबंध निदेशक और प्रबंधक को नियुक्त अथवा नियोजन नहीं किया जाएगा।

(2) कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति का प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक के रूप एक समय में पांच वर्ष से अधिक पुर्ननियोजन नहीं किया जाएगा।

बशर्ते कि उसकी अवधि की समाप्ति से एक वर्ष पूर्व पुर्ननियोजन नहीं किया जाएगा।

(3) कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति को प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक का नियोजन अथवा नियुक्ति जारी नहीं रखी जाएगी जो कि

(क) जो कि 21 वर्ष से कम हों अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हों :

बशर्ते कि 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके व्यक्ति को विशेष संकल्प के पारित होने के बाद नियुक्त किया गया हो जिसमें उस व्यक्ति की नियुक्ति का औचित्य को दर्शाते हुए प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

(ख) एक अनुन्यमोचित दिवालिया अथवा किसी भी समय दिवालिया घोषित किया गया है।

(ग) अपने लेनदारों के लिए किसी भी समय भुगतान को निलंबित करने, या बनाने या किसी समय उनके साथ संयोजन करना अथवा

(घ) एक अपराध में न्यायालय द्वारा अपराध सिद्ध होने और छः माह से अधिक की अवधि के लिए सजा दिए जाने के लिए।

(4) अनुसूची वी और धारा 197 के प्रावधानों के अधीन, एक प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक को नियुक्त किया जाएगा और इस तरह की नियुक्ति के लिए निबंधन एवं शर्तें और दिए जाने वाले पारिश्रमिक को बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा जो कि कंपनी की आगामी साधारण बैठक में संकल्प द्वारा अनुमोदन के अधीन होगी ओर केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह की नियुक्ति के लिए विशिष्ट अनुसूची की शर्तों मे परिवर्तन करती है।

बशर्ते कि इस तरह की नियुक्ति में विचार के लिए सामान्य बैठक अथवा बोर्ड में सूचना में देय पारिश्रमिक के लिए निबंधन व शर्तें शामिल की जाएगी, और इस तरह के अन्य मामलों में एक निदेशक अथवा निदेशकों की इस तरह की नियुक्तियों के हित यदि कोई हो: बशर्ते कि इस तरह की नियुक्ति के लिए रजिस्ट्रार के यहां साठ दिन के अंदर निर्धारित फार्म में रिटर्न दाखिल करना होगा।

(5) इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन, जहां प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक की नियुक्ति को कंपनी की साधारण बैठक में अनुमोदित नहीं किया जाता है, इस तरह के कृत्य करने से पूर्व इस तरह के अनुमोदन को अमान्य कर दिया जाएगा।

(4) धारा 462 की उपधारा (1) के खंड (क) और (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में और कंपनी अधिनियम 2013 (2013 का 18) के उक्त धारा की उपधारा (02) के अनुसरण में और कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 01)की धारा 620 के अंतर्गत जारी अधिसूचना का अधिक्रमण करते हुए, इस तरह के अधिक्रमण से पूर्व की ओर छोड़ी गई वस्तुओं के अलावा, केन्द्र सरकार जनता के हित में कंपनी अधिनियम 2013 के कुछ प्रावधानों को जैसा कि टेबल के कॉलम (2)के लिए कुछ निर्देश देती है, को सरकारी कपंनी (दिनांक 05.06.2015 की टेबल में) के विशिष्ट कॉलम (3) में कुछ नए विचारों के अपवादों और रूपान्तरों को लागू किया जाएगा और नहीं किया जाएगा। तद्नुसार डीएफसीसीआईएल को एक सरकारी कंपनी होने के नाते अधिनियम की धारा 196 (2) और 4 एवं 5 से छूट दी गई है।

5) वर्ष 2014–15 के दौरान रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र सं.2014/ई(ओ)II/40/9 दिनांक 14.10.2014 के द्वारा, भारत के राष्ट्रपति ने श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/दक्षिण पश्चिम रेलवे, को तत्काल समावेशन के आधार पर पांच वर्ष के लिए प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल के रूप में नियुक्त किया है। उन्होंने दिनांक 20.10.2014 पूर्वान्ह में प्रबंध निदेशक, डीएफसीसीआईएल का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नियुक्ति की निबंधन व शर्तें विश्लेषणात्मक विवरण के भाग के रूप में प्रति संलग्न है।

6) धारा 152(2) की शर्तों में, यह आवश्यक है कि राष्ट्रपति द्वारा की गई नियुक्तियों को शेयर धारकों की सहमति ली जाए।

प्रबंध निदेशक के अलावा, कंपनी में कोई निदेशक अथवा, प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति और /अथवा उनके रिश्तेदार इससे संबंधित वित्तीय अथवा अन्यथा उनके व्यापार से संबंधित नहीं हैं।

मद संख्या– 04

1. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(2) में यह व्यवस्था की गई है कि अन्यथा स्पष्ट रूप से अधिनियम में प्रदत्त कंपनी द्वारा प्रत्येक निदेशक को वार्षिक बैठक में नियुक्त किया जाएगा।

2. कंपनी के एसोसियेशन के अनुच्छेदों के अनुच्छेद 81 (अध्यक्ष, अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक, निदेशकों और उनके कार्यालय) की नियुक्ति अनुच्छेद 81 प्रदान करता है–

(1) राष्ट्रपति को नियुक्त करने की शक्ति होगीः

(क) पूर्णकालिक अध्यक्ष, अंशकालिक अध्यक्ष, पूर्णकालिक प्रबंध निदेशक अथवा एक पूर्णकालिक अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालिक निदेशक।

(ख) निदेशकगण भारत सरकार और अथवा अन्य राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे और

(ग) अन्य निदेशकगण अध्यक्ष की सलाह से स्वतंत्र निदेशकगण सहित। राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त निदेशकगण कार्यालय में तब तक कार्य करेंगे जब तक कि उन्हें हटाया, त्यागपत्र, सेवानिवृति, मृत्यु अथवा अन्य कारण न हो।

3. धारा 196 में प्रबंधकीय कार्मिकों के पारिश्रमिक और नियुक्ति की व्यवस्था है–धारा 196(1) के अनुसार

(1) कंपनी द्वारा उसी समय प्रबंध निदेशक और प्रबंधक को नियुक्त अथवा नियोजन नहीं किया जाएगा।

(2) कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति का प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक के रूप एक समय में पांच वर्ष से अधिक पुर्ननियोजन नहीं किया जाएगा।

बशर्ते कि उसकी अवधि की समाप्ति से एक वर्ष पूर्व पुर्ननियोजन नहीं किया जाएगा।

(3) कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति को प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक का नियोजन अथवा नियुक्ति जारी नहीं रखी जाएगी जोकि

(क) जोकि 21 वर्ष से कम हों अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हों :

बशर्ते कि 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके व्यक्ति को विशेष संकल्प के पारित होने के बाद नियुक्त किया गया हो जिसमें उस व्यक्ति की नियुक्ति का औचित्य को दर्शाते हुए प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

(ख) एक अनुन्यमोचित दिवालिया अथवा किसी भी समय दिवालिया घोषित किया गया है।

(ग) अपने लेनदारों के लिए किसी भी समय भुगतान को निलंबित करने, या बनाने या किसी समय उनके साथ संयोजन करना अथवा

(घ) एक अपराध में न्यायालय द्वारा अपराध सिद्ध होने और छः माह से अधिक की अवधि के लिए सजा दिए जाने के लिए।

(4) अनुसूची वी और धारा 197 के प्रावधानों के अधीन, एक प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक को नियुक्त किया जाएगा और इस तरह की नियुक्ति के लिए निबंधन एवं शर्तें और दिए जाने वाले पारिश्रमिक को बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा जो कि कंपनी की आगामी साधारण बैठक में संकल्प द्वारा अनुमोदन के अधीन होगी और केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह की नियुक्ति के लिए विशिष्ट अनुसूची की शर्तों मे परिवर्तन करती है।

बशर्ते कि इस तरह की नियुक्ति में विचार के लिए सामान्य बैठक अथवा बोर्ड में सूचना में देय पारिश्रमिक के लिए निबंधन व शर्तें शामिल की जाएगी, और इस तरह के अन्य मामलों में एक निदेशक अथवा निदेशकों की इस तरह की नियुक्तियों के हित यदि कोई होः बशर्ते कि इस तरह की नियुक्ति के लिए रजिस्ट्रार के यहां साठ दिन के अन्दर निर्धारित फार्म में रिटर्न दाखिल करना होगा।

(5) इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन, जहां प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक की नियुक्ति को कंपनी की साधारण बैठक में अनुमोदित नहीं किया जाता है, इस तरह के कृत्य करने से पूर्व इस तरह के अनुमोदन को अमान्य कर दिया जाएगा।

4. धारा 462 की उपधारा (1) के खंड (क) और (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में और कंपनी अधिनियम 2013 (2013 का 18) के उक्त धारा की उपधारा (02) के अनुसरण में और कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 01)की धारा 620 के अंतर्गत जारी अधिसूचना का अधिक्रमण करते हुए, इस तरह के अधिक्रमण से पूर्व की ओर छोड़ी गई वस्तुओं के अलावा, केन्द्र सरकार जनता के हित में कंपनी अधिनियम 2013 के कुछ प्रावधानों को जैसा कि टेबल के कॉलम (2)के लिए कुछ निर्देश देती है, को सरकारी कपंनी (दिनांक 05.06.2015 की टेबल में) के विशिष्ट कॉलम (3) में कुछ नए विचारों के अपवादों और रूपान्तरों को लागू किया जाएगा और नहीं किया जाएगा। तद्नुसार डीएफसीसीआईएल को एक सरकारी कंपनी होने के नाते अधिनियम की धारा 196 (2) और 4 एवं 5 से छूट दी गई है।

5. वर्ष 2014–2015 के दौरान रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र 2013/ई/(ओ)II/40/4 दिनांक 27.10.2014, भारत के राष्ट्रपति ने श्री डी. एस. राणा, मुख्य परियोजना प्रबंधक/डीएफसीसीआईएल को डीएफसीसीआईएल बोर्ड में निदेशक/अवसंरचना के रूप में तत्काल समावेशन के आधार पर पांच वर्ष के लिए नियुक्ति का अनुमोदन किया है या सेवा निवृति अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो। उन्होंने डीएफसीसीआईएल में निदेशक/अवसंरचना के पद पर दिनांक 27.10.2014 पूर्वान्ह को कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

6. निदेशक/अवसंरचना के अलावा, कंपनी में कोई निदेशक और प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति और/अथवा उनके रिश्तेदार इससे संबंधित वित्तीय अथवा अन्यथा उनके व्यापार से संबंधित नहीं हैं।

मद सं.5

1) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(2) में यह व्यवस्था की गई है कि अन्यथा स्पष्ट रूप से अधिनियम में प्रदत्त कंपनी द्वारा प्रत्येक निदेशक को वार्षिक बैठक में नियुक्त किया जाएगा।

2) कंपनी के एसोसियेशन के अनुच्छेदों के अनुच्छेद 81 (अध्यक्ष, अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक, निदेशकों और उनके कार्यालय) की नियुक्ति अनुच्छेद 81 प्रदान करता है–

(1) राष्ट्रपति को नियुक्त करने की शक्ति होगीः

(क) पूर्णकालिक अध्यक्ष, अंशकालिक अध्यक्ष, पूर्णकालिक प्रबंध निदेशक अथवा एक पूर्णकालिक अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओर अन्य पूर्णकालिक निदेशक।

(ख) निदेशकगण भारत सरकार और अथवा अन्य राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे और

(ग) अन्य निदेशकगण अध्यक्ष की सलाह से स्वतंत्र निदेशकगण सहित।

राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त निदेशकगण कार्यालय में तब तक कार्य करेंगे जब तक कि उन्हें हटाया, त्यागपत्र, सेवानिवृति, मृत्यु अथवा अन्य कारण न हो।

3) धारा 196 में प्रबंधकीय कार्मिकों के पारिश्रमिक और नियुक्ति की व्यवस्था है–धारा 196(1) के अनुसार–

(1) कंपनी द्वारा उसी समय प्रबंध निदेशक और प्रबंधक को नियुक्त अथवा नियोजन नहीं किया जाएगा।

(2) कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति का प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक के रूप एक समय में पांच वर्ष से अधिक पुर्ननियोजन नहीं किया जाएगा।

बशर्ते कि उसकी अवधि की समाप्ति से एक वर्ष पूर्व पुर्ननियोजन नहीं किया जाएगा।

(3) कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति को प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक का नियोजन अथवा नियुक्ति जारी नहीं रखी जाएगी जो कि–

(क) जो कि 21 वर्ष से कम हों अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हों :

बशर्ते कि 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके व्यक्ति को विशेष संकल्प के पारित होने के बाद नियुक्त किया गया हो जिसमें उस व्यक्ति की नियुक्ति का औचित्य को दर्शाते हुए प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

(ख) एक अनुन्यमोचित दिवालिया अथवा किसी भी समय दिवालिया घोषित किया गया है।

(ग) अपने लेनदारों के लिए किसी भी समय भुगतान को निलंबित करने, या बनाने या किसी समय उनके साथ संयोजन करना अथवा

(घ) एक अपराध में न्यायालय द्वारा अपराध सिद्ध होने और छः माह से अधिक की अवधि के लिए सजा दिए जाने के लिए।

(4) अनुसूची वी और धारा 197 के प्रावधानों के अधीन, एक प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक को नियुक्त किया जाएगा और इस तरह की नियुक्ति के लिए निबंधन एवं शर्तें और दिए जाने वाले पारिश्रमिक को बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा जो कि कंपनी की आगामी साधारण बैठक में संकल्प द्वारा अनुमोदन के अधीन होगी ओर केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह की नियुक्ति के लिए विशिष्ट अनुसूची की शर्तों मे परिवर्तन करती है।

बशर्ते कि इस तरह की नियुक्ति में विचार के लिए सामान्य बैठक अथवा बोर्ड में सूचना में देय पारिश्रमिक के लिए निबंधन व शर्तें शामिल की जाएगी, और इस तरह के अन्य मामलों में एक निदेशक अथवा निदेशकों की इस तरह की नियुक्तियों के हित यदि कोई होः बशर्ते कि इस तरह की नियुक्ति के लिए रजिस्ट्रार के यहां साठ दिन के आंदर निर्धारित फार्म में रिटर्न दाखिल करना होगा।

(5) इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन, जहां प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक अथवा प्रबंधक की नियुक्ति को कंपनी की साधारण बैठक में अनुमोदित नहीं किया जाता है, इस तरह के कृत्य करने से पूर्व इस तरह के अनुमोदन को अमान्य कर दिया जाएगा।

4. धारा 462 की उपधारा (1) के खंड (क) और (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में और कंपनी अधिनियम 2013 (2013 का 18) के उक्त धारा की उपधारा (02) के अनुसरण में और कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 01)की धारा 620 के अंतर्गत जारी अधिसूचना का अधिक्रमण करते हुए, इस तरह के अधिक्रमण से पूर्व की ओर छोड़ी गई वस्तुओं के अलावा, केन्द्र सरकार जनता

के हित में कंपनी अधिनियम 2013 के कुछ प्रावधानों को जैसा कि टेबल के कॉलम (2)के लिए कुछ निर्देश देती है, को सरकारी कपंनी (दिनांक 05.06.2015 की टेबल में) के विशिष्ट कॉलम (3) में कुछ नवाचारों के अपवादों और रूपान्तरों को लागू किया जाएगा और नहीं किया जाएगा। तद्नुसार डीएफसीसीआईएल को एक सरकारी कंपनी होने के नाते अधिनियम की धारा 196 (2) और 4 एवं 5 से छूट दी गई है।

5. वर्ष 2014–2015 के दौरान रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र सं.2009/इन्फ्रा/6/2 दिनांक 3.2.2015 के द्वारा, भारत के राष्ट्रपति ने श्री ए. के. मित्तल, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड को तत्काल प्रभाव से श्री अरूनेन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड जब तक वह पद पर कार्यरत थे अथवा जो भी आदेश पहले हों, के स्थान पर डीएफसीसीआईएल बोर्ड का अंशकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

6. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(2) में यह व्यवस्था की गई है कि अन्यथा स्पष्ट रूप से अधिनियम में प्रदत्त कंपनी द्वारा प्रत्येक निदेशक को वार्षिक बैठक में नियुक्त किया जाएगा।

श्री ए के मित्तल, अध्यक्ष, डीएफसीसीआईएल के अलावा, कंपनी के कोई निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति और/अथवा उनके संबंधित रिश्तेदार वित्तीय हित अथवा अन्यथा उनके व्यापार से संबंधित नहीं हैं।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) RAILWAY BOARD

सं.2014/ई/(ओ)II/40/9 नई दिल्ली, दिनांक 14.10.2014

कपंनी सचिव,
डीएफसीसीआईएल
5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन बिल्डिंग,
नई दिल्ली–110001

विषयः डीएफसीसीआईएल में प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति ।

सक्षम अधिकारी ने श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/दक्षिण पश्चिम रेलवे, को तत्काल समावेशन के आधार पर कार्य ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष के लिए अथवा सेवानिवृति की तिथि अथवा अग्रिम आदेशों तक जो भी पहले हो, प्रबंध निदेशक, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(डीएफसीसीआईएल) को वेतमान रू.80,000–1,25,000/– में नियुक्त करने का अनुमोदन प्रदान किया है ।अधिकारी का त्यागपत्र रेलवे से कार्यमुक्त की तिथि से स्वीकार किया गया है ।अधिकारी द्वारा कार्यग्रहण की तिथि की सूचना भेजें ।

ह/–
(मनोज कुमार)
अवर सचिव,/ई(ओ)II
रेलवे बोर्ड

सं.2014/ई/(ओ)II/40/9 नई दिल्ली, दिनांक 14.10.2014

प्रतिलिपि :

1. श्री आदेश शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/दक्षिण पश्चिम रेलवे, हुबली को इस आशय से प्रेषित है कि शीघ्र से शीघ्र कार्यभार ग्रहण करें।
2. महाप्रबंधक/दक्षिण पश्चिम रेलवे, हुबली से अनुरोध है कि अधिकारी को तत्काल कार्यमुक्त करें।
3. एएम(सीई), एएम(प्लांनिग), सलाहकार(अवसंरचना),सलाहकार(सतर्कता),ओएसडी/एमई, रेलवे बोर्ड।
4. पीएसएस/एमआर/एमओएस(आर)
5. पीएसओ/अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, सदस्य/यातायात, सदस्य/यांत्रिक,संदस्य/इंजीनियरी, सदस्य/बिजली, वित्त आयुक्त और सचिव रेलवे बोर्ड के पीपीएस।
6. डीओपीएंडटी(श्री वीरेन्द्र सिंहए अवर सचिव)उनके कार्यालय ज्ञापन सं.23(44) ईओर/2014(एसीसी) दिनांक 08.10.2014 के संदर्भ में।
7. सचिव, पीईएसबी, पी ई भवन, सीजीओ काम्पलेक्स, लोदीरोड, नई दिल्ली 110003 को उनके पत्र सं.यूओ नं 6/4/2013–पीईएसबी दिनांक 25.06.2014।

ह/–
(मनोज कुमार)
अवर सचिव,/ई(ओ)II
रेलवे बोर्ड

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) RAILWAY BOARD

सं.2014/ई/(ओ)II/40/24 नई दिल्ली, दिनांक 17.12.2014

कंपनी सचिव,
डीएफसीसीआईएल
5 वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन बिल्डिंग,
नई दिल्ली–110001

विषयः डीएफसीसीआईएल में श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई के स्थाई समावेशन के संबंध में ।

महोदय,

मुझे राष्ट्रपति की स्वीकृति से श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई, रेल मंत्रालय के एक स्थायी अधिकारी को डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(डीएफसीसीआईएल)में प्रबंध निदेशक के रूप में स्थायी समावेशन में रेल मंत्रालय के पत्रों सं. एफ(ई)III/86/पीएन–1/5 दिनांक 16.04.1986, एफ(ई)III/84/पीएन1/4 दिनांक 25.06.1987. एफ(ई)III–95/पीएन1/9दिनांक 10.07.1995, और एफ(ई)III/86/पीएन1/5दिनांक 22.12.1995 में वर्णित शर्तो के प्रभावी से और निबंधन और शर्तों के अधीन स्वीकृत को कहने का निर्देश हुआ है ।

2. प्रभावी तिथिः स्थायी समावेशन दिनांक 20.10.2014 से प्रभावी होगा।

3. पेंशन/उपदानः

क) अधिकारी को रेलवे में की गई सेवा के लिए पेंशन और आनुपातिक सेवा निवृत्ति के उपदान दिया जाएगा। वह 40 प्रतिशत कम्यूटअप के भी हकदार होंगे।

ख) सेवानिवृत्ति लाभों की गणनाःसमानुपतिक सेवा निवृत्ति उपदान और पेंशन की गणना रेल सेवा (पेंशन) नियम,1993 और छठे वेतना आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन में जारी निर्देशों के अनुसार की जाएगी ।

नोटः इस मामले में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के बारे में जारी रेल मंत्रालय के पत्र सं. ई(पीएंडए)–77/आरटी–46 दिनांक 9.11.1987 के लाभ देय नहीं हैं।

ग) सेवा निवृत्ति लाभों के भुगतान की तिथिः सेवा निवृत्ति उपदान की राशि और अन्य सेवा निवृत्ति लाभों का भुगतान स्थायी समावेशन की तिथि के बाद तत्काल कर दिया जाएगा। मासिक पेंशन का भुगतान रेलवे में अंतर्गत सेवा की समाप्ति की तिथि से किया जाएगा।

घ) कुल राशि के उपदान की सीमाः रेलवे के अंतर्गत दी गई सेवा के संबंध में कुल उपदान देय है और डीएफसीसीआईएल के अंतर्गत देय राशि से अधिक देय नहीं होगी, जैसे श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई रेलवे सेवा में रहते और डीएफसीसीआईएली से समान वेतन लेते।

4. परिवार पेंशन

I. डीएफसीसीआईएल में स्थायी समावेशन पर, श्री आदेश शर्मा को रेल सेवा (पेंशन) नियम 1993 के अंतर्गत समावेशन के प्रभावी होने से परिवार पेंशन देय होगी ।

III. परिवार पेंशन राशि के संबंध में डीएफसीसीआईएल में स्थायी समावेशन की तिथि पर करने की जिम्मेदारी रेलवे की होगी और स्थायी समावेशन की तिथि के प्रभावी होने के नियमों और वेतन ड्रान के संदर्भ में गणना की जाएगी। रेलवे द्वारा समय समय पर प्रभावी नियमों/आदेशों के साथ परिवार पेंशन को परिवार के सदंस्यों की पात्रता निर्धारित होगी।

नोटः यदि वह स्थायी नहीं है और समावेशन की तिथि पर 10 वर्षों से कम की सेवा हैं तो परिवार रेलवे की परिवार पेंशन योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के लाभ के लिए पात्र नहीं होगा।

5. समावेशन पर वेतन निर्धारणः श्री आदेश शर्मा, का वेतन निर्धारण डीपीई नियमों के अंतर्गत किया जाएगा।

6. छुटटीः श्री आदेश शर्मा, सेवा से त्यागपत्र की स्वीकृति के समय उपलब्ध छुटटी के नकदीकरण के पात्र होंगे वशर्ते कि पत्र सं. एफ(ई)III/2008/एलई–1/2 दिनांक 27.10.2011 के अनुसार अधिकतम 300 दिन हों।

7. स्थायी समावेशन के बाद लाभः डीएफसीसीआईएल में स्थायी समावेशन की तिथि श्री आदेश शर्मा,द्वारा दी गई सेवा अवधि के लिए, वह समीक्षाधीन कर्मचारियों के लिए देय लाभों के पात्र होंगे और जो कि संबंधित नियमों के तहत् नियंत्रित होते हैं।

8. भविष्य निधिः श्री आदेश शर्मा के स्टेट रेलवे भविष्यनिधि लेखा (एसआरपीएफ) में जमा अंशदान की राशि को मय ब्याज के साथ डीएफसीसीआईएल के अधीन नए भविष्यनिधि खाते में उनकी सहमति के साथ स्थानान्तरित कर दी जाएगी। यदि डीएफसीसीआईएल के पास कोई भविष्यनिधि खाता अथवा पीएफ योजना नहीं है। एसआरपीएफ की शेष राशि को श्री आदेश शर्मा को नकद भुगतान कर दिया जाएगा। एक बार इस तरह की भविष्यनिधि की राशि का स्थानान्तरण होने पर श्री आदेश शर्मा को रेलवे के भविष्यनिधि नियमों को न मानकार डीएफसीसीआईएल के भविष्यनिधि मानने होगें।

भवदीय
(मनोज कुमार)
अवर सचिव,/ई(ओ)II
रेलवे बोर्ड

सं.2014/ई/(ओ)II/40/9 नई दिल्ली, दिनांक 17.12.2014

प्रतिलिपि प्रधान निदेशक/लेखा परीक्षक, दक्षिण पश्चिम रेलवे, हुबली और पश्चिम रेलवे, मुम्बई और उप नियंत्रक और भारत के महा लेखा परीक्षक(रेलवे) कमरा नं.224, रेल भवन, नई दिल्ली।

कृते वित्त आयुक्त, रेलवे

सं.2014/ई/(ओ)II/40/9 नई दिल्ली, दिनांक 17.12.2014

प्रतिलिपिः

1. महाप्रबंधक और वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, दक्षिण पश्चिम रेलवे हुबली और पश्चिम रेलवे, मुम्बई (इस अनुरोध के साथ कि श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई,) पूर्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/सीएन/बीएनसी, दक्षिण पश्चिम रेलवे को रिलीज करें)

2. श्री आदेश शर्मा, प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल, 5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टैशन बिल्डिंग काम्पलेक्स, नई दिल्ली–110001

3. अपर सदस्य/यातायात, सलाहकार/सतर्कता, सलाहकार/गोपनीय, जेएस/जी, जेएस/डी, ओएसडी/एमटी, अवर सचिव/सी, एफ/ई/III एएवं ई/ओ/ III शाखाएं, रेलवे बोर्ड ।

(मनोज कुमार)
अवर सचिव,/ई(ओ)II
रेलवे बोर्ड

परोक्षी प्रपत्र

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 105(6) और कपंनी (प्रबंधन और प्रशासन)नियम,2014 की नियम 19(3) के प्रावधानों के अनुसरण में)

सीआईएनः

सदस्य(यों) का नाम.....

पंजीकृत पताः.....

ईमेल आईडीः.....

फोलियों सं./ग्राहक आईडीः.....

डीपी आईडीः मैं/हमें डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सदस्य होने के नाते प्रति इक्विटी शेयर रू. 1000.00 का दिया जा रहा है, नियुक्त करते हैंः

1. नाम

   ईमेल आईडीः

   पताः

   हस्ताक्षर.....अथवा नाकाम रहने

2. नाम

   ईमेल आईडीः

   पताः

   हस्ताक्षर.....अथवा नाकाम रहने

3. नाम

   ईमेल आईडीः

   पताः

   हस्ताक्षर.....अथवा नाकाम रहने

कंपनी की .....दिनांक.....पर .....होने वाली वार्षिक आम बैठक/असाधारण आम बैठक में और उसके किसी स्थान पर मेरी ओर से भाग लेने और मेरा मत देने के लिए परोक्ष प्रतिनिधि प्रोक्सी नियुक्त करता हूं और किसी स्थगन, निम्नलिखित संकल्प के सबंध मेंः

संकल्प संख्या

1.

2.

3.

राजस्व टिकट लगाएं

हस्ताक्षर.....दिनांक.....

शेयर धारक के हस्ताक्षर.....

प्रोक्सी धारक के हस्ताक्षर.....

नोटः कारगर सिद्ध होने के लिए परोक्षी प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक आरंभ होने से 48 घंटे पहले प्राप्त होनी चाहिए ।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालयः 5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो बिल्डिंग परिसर
नई दिल्ली–110001
(सीआईएनःयू60232डीएल2006जीओआई155068)

उपस्थिति स्लिप

पंजीकृत फोलियो .....

नाम .....

पताः .....

.....

मैं/हम कंपनी की दिनांक 21.09.2015 को सोमवार 12.30 बजे पंजीकृत कार्यालय, 5वां तल प्रगति मैदान मैट्रो बिल्डिंग परिसर, नई दिल्ली–110001 में होने वाली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति दर्ज कराते हैं ।

शेयर धारक/उपस्थित प्रोक्सी के हस्ताक्षर––––––––––––––––––––––––––

निदेशकों की रिपोर्ट

देवियों / सज्जनों

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा सहित कंपनी की नौवीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

1.1 वित्तीय विवरणः

वित्तीय वर्ष 2014–2015 के लिए वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची के अनुसार तैयार किये गए हैं। वर्ष 2014–2015 के दौरान कॉर्पोरेशन ने निम्नलिखित खर्चे किए है।

(क) परियोजना निष्पादन पर व्यय निम्नानुसार हैः

(रू करोड़ मे)

विवरण	31.03.2014 को	वित्तीय वर्ष 2014.15 के दौरान	31.03.2015 को
पूंजीगत खर्च(बिना भूमि की लागत के)			
मूर्त परिसंपत्तियां	**8.98**	**2.85**	**11.83**
अमूर्त परिसंपत्तियां	**0.41**	**0.00**	**0.41**
पूंजीगत कार्य प्रगति पर	**1,561.32**	**1,711.10**	**3,272.42**
विकास के अंतर्गत परिसंपत्तियां	**7.63**	**1.68**	**9.31**
पूंजी अग्रिम	**2,590.87**	**245.40**	**2,836.27**
कुल पूंजीगत खर्च(बिना भूमि की लागत के)	**4,169.21**	**1,961.03**	**6,130.24**
भूमि की लागत(रेल मंत्रालय द्वारा वहन)	**6,180.99**	**936.47**	**7,117.46**
कुल पूंजीगत खर्च भूमि की लागत सहित	**10,350.20**	**2,897.50**	**13,247.70**

(ख) विकास लेखा

वर्ष के दौरान विकास लेख के रू. 189.73 करोड़ को पूंजीगत प्रगति कार्य में स्थानान्तरित किया गया, विवरण निम्नानुसार हैः–

(रू करोड़ मे)

विवरण	31.03.2015 को समाप्त वर्ष	31.03.2014 को समाप्त वर्ष
कर्मचारी लाभ खर्चे	70.00	61.55
वित्तीय लागत(वित्तीय खर्च)	90.65	27.98
मूल्य ह्रास और परिशोधन खर्चे	2.77	2.62
प्रशासनिक और अन्य खर्चें	53.68	46.80
उप– कुल योग	**217.10**	**138.95**
विदेशी मुद्रा भिन्नता (हानि / लाभ)	(2.10)	2.70
घटानाः अन्य आय	25.27	19.71
सीडब्लयूआईपी में कुल स्थानान्तरित	**189.73**	**121.94**

(ग) लाभांश

आपके निदेशकों ने कंपनी निर्माण चरण के अंतर्गत होने से '' कोई लाभांश'' की सिफारिश नहीं की है।

(घ) स्थानान्तरण के लिए प्रस्तावित राशिः कुछ नहीं

1.2 धन की व्यवस्थाः पूंजीगत ढांचा

31 मार्च 2015 को कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी रू. रू. 8,000,00,00,000(रू. आठ हजार करोड़) थी जो कि रू.8,00,00,000(रू. आठ करोड़) इक्विटी शेयरों में विभाजित है और प्रत्येक शेयर की कीमत 1000/– रू. है।

दिनांक 31.03.2015 के अनुसार कंपनी की प्रदत्त पूंजी रू. 37,15,66,88,000 (रू सैंतीस अरब पंद्रह करोड़ छयासठ लाख अठ्ठासी हज़ार केवल) जो कि 37156688 (रू.तीन करोड़ इकहत्तर लाख छप्पन हज़ार छः सौ अठठासी) इक्विटी शेयरों में विभाजित है और प्रत्येक शेयर की कीमत 1000/– रू. है और शेयर आवेदन पूंजी रू. 1087.00 करोड़ थी। रेल मंत्रालय द्वारा इक्विटी के योगदान के कारण कंपनी की प्रदत्त पूंजी में वृद्धि हुई है । पूंजी ढांचा निम्नानुसार हैः

(रू करोड़ मे)

विवरण	31.03.2015 को	31.03.2014 को
इक्विटी वित्त पोषण		
शेयर धारकों का फंड	3,826.10	2,780.46
आबंटन के लिए लंबित शेयर आवेदन	1,087.00	1,007.93
पूंजी		
डेबिट वित्त पोषण		
जायका	912.86	743.93
आईबीआरडी		
कुल योग	**6,354.18**	**4,785.01**

1.2.1 डेबिट वित्त पोषण

(I) **चरण 1 (वडोदरा–रेवाड़ी) 920 किमी.चरण–2 (वडोदरा–जेएनपीटी और रेवाड़ी–दादरी) 564 किमी. (जायका) परामर्श**

इंजीनियरिंग सर्विस कंसल्टैंसी (चरण–1)के लिए 2,606$ (दो बिलियम छह सौ छह मिलियन जापानी येन) का ऋण का जायका के साथ करार पर आईडीपी–205 के तहत हस्ताक्षर हुए और दिनांक 31.03.2015 तक हमने इस ऋण में से रू.116.45 करोड़ का उपयोग किया है।

अन्य इंजीनियरिंग सर्विस कंसलटैंसी (चरण–2) (वडोदरा–जेएनपीटी और रेवाड़ी–दादरी) 564 किमी. का जायका के साथ करार आईडीपी–212, 1,616 (एक बिलियन छह सौ सोलह मिलियन) जपानी येन का हुआ इसमें से दिनांक 31.03.2015 तक रू. 64.81 करोड का उपयोग किया है।

(ii) **चरण 1 (वडोदरा–रेवाड़ी) 920 किमी. (जायका) (JICA) निर्माण**

चरण। के निर्माण के लिए 90.262 (नब्बे बिलियन दो सौ बासठ मिलियन) जापानी येन का ऋण करार आईडी–पी 209 पर जायका के साथ हस्ताक्षर हो गए है और इसमें से दिनांक 31.3.2015 तक रू. 731.60 करोड़ का उपयोग किया गया है।

(iii) **पश्चिम डेडीकेटेड फेट कोरीडोर चरण–2 के लिए ऋण करार (मुख्य ऋण)**

वर्ष के दौरान जायका के साथ 136.119 (एक सौ छत्तीस एक सौ उन्नीस) बिलियन जापानी येन का आईडी–पी 229 ऋण करार हुआ और इसी के साथ संपूर्ण पश्चिम डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के लिए धन की व्यवस्था हो गई है। दिनांक 31.3.2015 तक इस राशि में से कोई खर्च नहीं किया गया है।

(IV) **पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के मुगलसराय–कानपुर–खुर्जा–लुधियाना सेक्शन 1131 किमी.और खुर्जा–दादरी सेक्शन के लिए धन की व्यवस्था–**

- विश्व बैंक पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के मुगलसराय–लुधियाना की फंडिग के लिए पहले ही सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। परियोजना के लिए कुल $2,725 बिलियन अमरीकी डालर के ऋण पर सहमति हुई थी।
- जिसमें पूर्वी डेडीकेटेउ फ्रेट कोरीडोर के खुर्जा–भाउपुर (343 किमी.)सेक्शन के चरण–1 परियोजना के लिए ऋण सं. 8066 आई एन द्वारा 975 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण के लिए दिनांक 27.10.2011 को हस्ताक्षर किए गए और दिनांक 31.03.2015 तक इस ऋण में से रू.499.27 करोड़ का उपयोग किया गया है।
- भाउपुर–मुगलसराय (पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर–2 के लिए रू. 1100 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण को पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है और ऋण करार पर दिनांक 11.12.2014 को हस्ताक्षर किए गए और दिनांक 31.03.2015 तक रू.1.55 करोड़ का उपयोग किया गया है।
- पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर–2 परियोजना खुर्जा–शाहनेवाल सेक्शन के लिए तकनीकी बातचीत दिनांक 13.05.2015 को हुई थी जिसमें बातचीत को दिनांक 27.05.2015 को आगे बढ़ाया गया। विश्व बैंक द्वारा दिनांक 30.06.2015 को ऋण राशि अमेरिकी डालर $650 मिलियन स्वीकृत किया गया है। विश्व बैंक द्वारा अग्रिम प्रापण की पहले ही अनुमति दी जा चुकी है।

2. कंपनी मामलों के राज्य

2.1 वित्तीय वर्ष 2014–15 में दिए गए ठेके

वर्ष 2014–2015 दौरान दिए गए ठेके निम्नानुसार हैः

(क) पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरः (कार्य एवं परामर्श)

1. रेवाड़ी–वडोदरा सेक्शन (ईएमपी–4) के लिए विद्युत और यांत्रिक पैकेजः स्वीकृत पत्र दिनांक 18.11.2014 को जारी कर दिया गया है और ठेका करार पर दिनांक 04.03.2015 को हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। ठेका दिनांक 01.05.2015 से प्रभावी हुआ था और ठेके के लिए चालू करने की तारीख 15.05.2015 है।

2. **साबरमती और माही नदियों के ऊपरी पुल के लिए विशेष स्टील पुल पैकेज (सीटीपी–3ए):**

   स्वीकृत पत्र दिनांक 26.08.14 को जारी कर दिया गया है। ठेका नवम्बर 2014 में कार्यान्वित करना था और ठेके को चालू करने की तारीख 20.11.2014 है।

3. **पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर चरण–1 (पीएमसी–1) के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्शः** स्वीकृति पत्र दिनांक 21.02.2014 को जारी किया गया था, ठेका करा का निष्पादन दिनांक 27.03.2014 को किया गया था और ठेके का 11 अप्रेल 2014 को कार्यान्वित करना था।

(ख) पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरः (कार्य एवं परामर्श)

1. मुगलसराय–करचना सेक्शन (ईडीएफसी–2) ठेका पैकेज–201 के सिविल, ढांचा और ट्रेक कार्यों की डिजायन और निर्माणः जीआईएल–एसआईएल(जेवी)को दिनांक 31.03.2015 को ठेका दिया गया है। ठेका करार पर दिनांक 27.05.2015 को हस्ताक्षर किए गए और चालू करने की तारीख 12.05.2015 है।

2. करचना–न्यू भाऊपुर सेक्शन (ईडीएफसी–2) ठेका पैकेज–202 के सिविल,ढाचां और ट्रेक कार्य के लिए डिजायन एवं निर्माण : जीआईएल–एसआईएल(जेवी) को दिनांक 31.03.2015 को ठेका अवार्ड किया गया । ठेका करार पर 27.05.2015 को हस्ताक्षर किए गए और चालू करने की तारीख 12.05.2015 है।

3. पूर्वी डीएफसी परियोजना–1 भाउपुर–खुर्जा के लिए क्वालिटी ओर संरक्षा लेखा परीक्षण परामर्श सेवाएंः मोट मेकडोनाल्ड लि.(यूके)और मोट मेकडोनाल्ड प्रा.लि.(भारत) को ठेका दिया गया है ओर ठेके पर दिनांक 06.05.2014 को हस्ताक्षर किए गए।

4. ईडीएफसी परियोजना–2 के मुगलसराय–न्यू भाउपरु सेक्शन के लिए पीएमसी सेवाओं को सिस्ट्रा एस.ए.फ्रांस के जेवी, सिस्ट्रा एमवीए कन्सल्टींग (भारत)प्रा.लि., मोट मेकडोनाल्ट लिमिटेड(यूके) एवं मोक मेकडोनाल्ड प्राईवेट लिमिटेड(भारत) को दिनांक 31.03.2015 को दिया गया।

(सी) परिचालन एवं व्यवसाय विकास विभाग ।

1. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के दनुकुनी–सोननगर सेक्शन के दनकुनी–गोमोह चरण–1 पीपीपी निर्माण, परिचालन एवं अनुरक्षण के एक मॉडल रियायत करार को विकसित करने लिए कानूनी परामर्शदाता के नियुक्ति के लिए परामर्श ठेका मेसर्स एचएएस एडवोकेट्स को दिया गया ।

2. **चालू वित्त वर्ष 2015–16 में दिए जाने वाले ठेके**

(क) पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर (कार्य एवं परामर्श):

चालू वित्त वर्ष के दौरान निम्नलिखित ठेकों को अंतिम रूप दिया गया।

1. पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर चरण–1, रेवाड़ी–वड़ोदरा के लिए सिगनल एवं टेलीकॉम पैकेज(एसटीपी–5) की स्वीकृति का पत्र दिनांक 22.06.2015 को जारी किया गया।

2. पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर चरण–2 मकरपुरा–सचिन (134 किमी.) सेक्शन के लिए सिविल एवं ट्रेक पैकेज (सीटीपी–13) का स्वीकृति पत्र दिनांक 22.05.2015 को जारी किया गया।

3. पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के चरण–2 सचिन–वैतरणा (186 किमी.) के लिए सिविल और ट्रेक पैकेज (सीटीपी–12) दिनांक 22.05.2015 को स्वीकृति पत्र जारी कर दिया गया।

4. पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर चरण–2 पर विशेष स्टील पुल पैकेज 15ए, 15बी, और 15सी बड़ी नदियों और लम्बे स्पॉन रेल फ्लाई ओवर पर पुलों के लिए क्रमशः जेएनपीटी–संजाली, भरूच–बडोदरा और रेवाड़ी–दादरी सेक्शन के अधिकार वाले क्षेत्रों के लिए तीन ठेका पैकेज के लिए स्वीकृत पत्र दिनांक 03.06.2015 को जारी कर दिए गए।

5. सिगनल और टेलीकॉम पैकेज(एसटीपी–5ए): स्वीकृत पत्र दिनांक 12.08.2015 को जारी कर दिया गया।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित ठेकों को अंतिम रूप दिया जाना है:

6. पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर चरण–1 के इकबालगढ़–मकरपुरा सेक्शन के लिए सिविल और ट्रेक पैकेज (सीटीपी–3(आर) को जनवरी 2016 में अवार्ड किए जाने की योजना है। इस पैकेज को पुनःनिविदा के लिए खारिज किया गया था और प्रापण समय को कम करने के लिए योग्यता मानदंड के लिए बुलाया गया है।

7. लगभग 102 किमी. रूट के वैतरणा से जेएनपीटी सेक्शन के लिए सिविल और ट्रेक पैकेज (सीटीपी–11) के लिए बोली का आमंत्रण किया गया है और बोलियों को अक्टूबर–2015 में प्राप्त होने की कार्यक्रम है । यह आशा की जाती है कि फरवरी– 2016 के अंत में एलओए जारी कर दिया जाएगा।

8. रेवाड़ी–दादरी (128 किमी.)सेक्शन के लिए सिविल और ट्रेक पैकेज (सीटीपी–14) के लिए बोलियों को अंतिम तिथि 02.11.2015 तक प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आशा की जाती है कि इस पैकेज के लिए एलओए को भी मार्च 2016 के अंत तक जारी कर दिया जाएगा । यह सभी सिविल, विद्युत और एसएंडटी कार्यो के लिए संयुक्त पैकेज है।

9. मकरपुरा–जेएनपीटी के लिए विद्युत और यांत्रिक पैकेज (ईएमपी–16) के लिए बोलियां को भी अंतिम तिथि 25.08.2015 तक प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रण दिया गया है। आशा है कि इस पैकेज के लिए एलओए जनवरी–2016 में जारी कर दिया जाएगा।

10. मकरपुरा–जेएनपीटी सेक्शन के लिए सिगनल एंड टेलीकॉम (एसटीपी–17) पैकेज के लिए बोलियों को अंतिम तिथि 07.11.2015 तक प्रस्तुत करने आमंत्रण दिया गया है। आशा है कि फरवरी–2016 के अंत तक पैकेज को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

11. परियोजना प्रबंधन परामर्श(पीएमसी–II)(आर): संपूर्ण पश्चिमी डीएफसी चरण–2 के लिए पीएमसी के लिए पूर्व में खोले गए आरएफपी को पुनः आमंत्रण के लिए डिस्चार्ज किया गया। नए प्रस्ताव प्राप्त हो गए हैं और दिनांक 04.07.2015 को तकनीकी प्रस्ताव खोले गए, जो कि वर्तमान में मूल्यांकन के अधीन हैं । आशा है कि सितबंर 2015 के अंत तक ठेके को अंतिम रूप दे दिया जाएगा ।

(ख) पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर : (कार्य एवं परामर्श)

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित ठेको को अंतिम रूप दिया गया :

1. भाऊपुर–खुर्जा सेक्शन पैकेज–104 के लिए टेलीकम्यूनिकेशन और सिगलनिंग, विद्युतीकरण 2x25kv AC 50 Hz को प्रारंभ करने और टेस्टिंग, लगाना, आपूर्ति,निर्माण, डिजायन – ठेके को अल्सटोम कन्सोरियम को दिनांक 21.07.2015 को दिया गया।

2. मुगलसराय–न्यू भाऊपुर के लिए क्वालिटी और संरक्षा आडिट परामर्श– जैनटिनसा को –एस.एन.बोभे(जेवी) दिनांक 06.07.2015 को ठेका दिया गया है।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित ठेकों को अंतिम रूप दिया जाना है :

3. मुगलसराय–न्यू भाऊपुर सेक्शन, पैकेज 203 के लिए डिजायन, आपूर्ति, निर्माण, सिगलनिंग, टेलीकम्यूनिकेशनः मार्च, 2016 में अधिनिर्णय की संभावना है।

4. मुगलसराय–न्यू भाऊपुर सेक्शन, ठेका पैकेज 204 का विद्युतीकरण 2x25KV, 50HZ,AC ट्रेक्शन के लिए डिजायन, आपूर्ति, निर्माण इन्सटालेशनः मार्च 2016 में अधिनिर्णय की संभावना है।

5. शाहनेवाल–पिलखनी सेक्शन कान्ट्रेक्ट पैकेज–301 के लिए सिविल, ढांचा और ट्रेक कार्यों के निर्माण और डिजायन : मार्च 2016 में अधिनिर्णय की संभावना है।

6. दादरी–खुर्जा सेक्शन पैकेज–302 के लिए सिविल, ढांचागत और ट्रेक कार्यों के लिए डिजायन और निर्माणः मार्च 2016 में अधिनिर्णय की संभावना है।

7. हावड़ा की तरफ भारतीय रेलवे के स्टेशन सोनपुल से चिरालापथ्थू डीएफसी के हावड़ा सिरे से और गरबा स्टेशन की तरफ नए सोननगर और किमी 3.16 से 5.38 मिमी से डेहरीऑनसून यार्ड से पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के सबंध में एमबैंकमेंट/कटिंग बलेक्टिंग सहित, वायडक्टस, रेल फ्लाई ओवर, पुलों (बडें और छोटे एवं आरयूबी) की डिजायन और निर्माण की बनावट : फरवरी–2016 में अधिनिर्णय की संभावना है।

8. दुर्गावती–मुगलसराय के बीच ट्रेक और ट्रेक से संबंधित कार्यों की डिजायन एवं निर्माण।

(ग) परिचालन एवं व्यवसाय विकास विभागः

1. भारत में हैवी हॉल क्षमता विकास (एचएचआरसीडीआई) के लिए परामर्श ठेका मेसर्स डिलोटी टच थॉमस्तू इंडिया प्राईवेट लि. को दिया गया ।

2. डीएफसीसीआईएल संस्थागत सुदृढीकरण मॉडयूल (आईएसएमडी) के लिए परामर्श सेवाएंः मसौदा ठेका करार पर दिनांक 22.07.2015 को हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। अंतिम ठेका पर अगस्त 2015 में हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

3. डीएफसीसीआईएल के लिए वाणिज्यिक रणनीतियों और मार्केटिंग के विकास के लिए परामर्श सेवाएं (डीएमसीएसडी): मसौदा ठेका करार पर दिनांक 23.07.2015 को हस्ताक्षर किए गए। अंतिम ठेका पर अगस्त, 2015 में हस्ताक्षर होने की संभावना है।

4. डीएफसीसीआईएल के लिए गैर–भेदभावपूर्ण पहुंच के लिए परामर्श सेवाएं (सीएसएनएडी): मसौदा करार पर जुलाई 2015 में हस्ताक्षर होने की संभावना है और अंतिम ठेका पर अगस्त 2015 में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

2.3 ठेको की भौतिक प्रगति

पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

क. कार्य ठेके : इक्विटी फंडड

1. महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में वसई–भरूच सेक्शन पर उतरन और वैतरना के बीच (अनुमानित 200 किमी.) पर 54 बड़े एवं महत्वपूर्ण पुलों की डिजायन एवं निर्माण के लिए एक मुश्त आधार पर ठेका दिया गया है।(ठेका करार नं. एचक्यू/ईएन/डब्लयूसी/ब्रिजेज/डीएंडबी/1/सोमा दिनांक 17.03.2009)

- 46 बड़े एवं 8 महत्वपूर्ण पुलों के कार्य में निर्माण और डिजायन शामिल है 29 पुल खंबे की नींव एवं 25 पुलों की ओपन नींव पर आधारित है।
- 26 मुख्य पुलों के निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है। वर्तमान कार्य की प्रगति 66.47 प्रतिशत है। कार्य को निर्धारित अवधि दिनांक 15.06.2015 तक संशोधित लागत रू 667.81 करोड़ के साथ पूरा किया जाना था लेकिन पक्षों के बीच विवाद हो गया था। आर्बीट्रेशन द्वारा घोषित अधिनिर्णय को माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में चुनौती दी गई है। आगे की कार्यवाही न्यायालय के प्रकिया पर आधारित होगी। यद्यपि, कार्य प्रांरभ करवा कर वर्ष 2017 तक पूरा करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

Bird's eye view completed Pile from P-21 to P-9

2. **परामर्श ठेकेः इक्विटी फंडड**

वैतरना और उतरन (अनुमानित 200 किमी.) के बीच 54 महत्वपूर्ण एवं बड़े पुलों की डिजायन एवं निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएंः ठेका करार (सीए सं.एचक्यू/ईएन/डब्लयूसी/ब्रिजेज/पीएमसी/1/स्पान), को दिनांक 12.06.2009 को निष्पादित किया गया। ठेके की करेंशी को 14.06.2016 तक बढ़ाया गया है और कार्य प्रगति पर है।

3. **कार्य ठेकेः जायका फंडड**

1. रेवाड़ी–इकबालगढ सेक्शन (सीटीपी–1 एवं 2) के लिए सिविल एवं ट्रेक पैकेजः

- अनुमानित रू.6699/– करोड़ मूल्य पर ठेका अगस्त 2013 में निष्पादित किया गया।
- भगेगा में कक्रींट प्लांट को चालू किया गया है और ट्रायल उत्पादन को शुरू किया गया है।
- लगभग 22 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 14 प्रतिशत वित्तीय प्रगति हो गई है।
- 25 प्रतिशत मिट्टी का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- 32 बड़े पुलों का कार्य प्रगति पर है।
- 49 छोटे पुलों का कार्य पूरा कर लिया गया है और 201 पुलों का कार्य प्रगति पर है।
- 21 आरयूबी के निर्माण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

पश्चिमी डीएफसी भगेगा यार्ड में रेल्स

लॉन्ग लाइन स्लीपर कांस्टिंग प्लान्ट भगेगा–प.डीएफसी

भगेगा में फ्लेश वैल्डिंग प्लान्ट

2. माही और साबरमती नदी के ऊपर विशेष स्टील पुल (सीटीपी–3ए (आर):

- स्वीकृत पत्र दिनांक 26.08.2014 को दिया गया है और कार्य 20.11.2014 से प्रारंभ हो गया है। कार्य में माही नदी पर 585 मीटर लम्बे और साबरमती नदी पर 536 मीटर लम्बा पुल की डिजायन और निर्माण शामिल है ।
- दोनों पुलो के लिए मिट्टी की जांच और हाइड्रोलोजिकल अध्ययन पूरा कर लिया गया है।
- डिजायन और ड्राइंग को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उप–ढांचागत और सुपर ढांचा का फेब्रीकेशन शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा।

3. पश्चिमी डीएफसी चरण–1(ईएमपी–4) के विद्युत और यांत्रिक कार्य

- मुख्य परियोजना प्रबंधक/जयपुर के अधीन 05 और मुख्य परियोजना प्रबंधक/अजमेर के अधीन 06 ट्रेक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) की ठेकेदार के साथ संयुक्त रूप से जांच की गई और न्यायालय का स्थगन आदेश होने के कारण किशनगढ़ पर टीएसएस के लिए को छोड़कर सौप दिया गया है।
- अहमदाबाद और बड़ौदरा यूनिट के अंतर्ग 05 टीएसएस के लिए, तीन लोकेशनों पर भूमि का कब्जा ले लिया गया है और शेष के कब्जे की दिनांक 15.11.15 तक मिलने की संभावना है।
- ठेकेदार द्वारा विभिन्न दस्तावेजों जैसे दस्तावेज कन्ट्रोल प्रक्रिया संरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (एसएचई) नीति सर्वेक्षण योजना और कार्यक्रम, डिजायन प्रस्तुत योजना एवं कार्यक्रम, संविदात्मक निर्माण कार्यक्रम, डिजायन गुणवत्ता आश्वासन योजना आदि सौंप दिए गए है, जो कि इंजीनियर द्वारा रिव्यू किया जा चुका है।

4. परामर्श ठेकेः जायका फंडड

1. पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (रेवाड़ी–वडोदरा):

- फरवरी 2014 में निप्पोन कोई, जापान के नेतृत्व वाले संघ को पीएमसी ठेका दे दिया गया है।
- इस कार्य के क्षेत्र में डिजायन, निर्माण और चालू के चरण के द्वारा 920 किमी.लम्बे पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के कार्यान्वयन में डीएफसीसीआईएल का सहयोग करना शामिल है। पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के ठेकों में डिजायन–लम्प–सम में इंजीनियर के रूप में पीएमसी की भूमिका होगी।

- मार्च 2014 में ठेका निष्पादित किया गया और सीटीपी–1 एवं 2, सी.टी.पी.–3ए (आर), ईएमपी–4 एवं एसटीपी–5 के ठेकों के कार्य प्रगति पर है।

2. रेवाड़ी–वडोदरा चरण–1 के लिए इंजीनिरिंग सेवाएं परामर्श ठेकाः–

निप्पन कोएई, जापान के नेतृत्व में ठेका दिया गया था पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के लिए योजना के लिए परामर्श सेवाएं उपलब्ध करवाना, इंजीनियरिंग डिजायन एवं प्रपाण आदि कार्य क्षेत्र में शामिल हैं। जैसे प्रापण प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सका, पूर्ण करने की अवधि को 31 दिसंबर 2015 तक बढ़ा दिया गया है। शेष ठेका पैकेज हैंः–

- रेल मंत्रालय द्वारा निष्पादित की गई रोलिंग स्टाक पैकेज (आरएस–7) की बोली 30 जून 2015 को प्राप्त हो गई है । तकनीकी बोली का मूल्यांकन विचाराधीन है।
- इकबालगढ़ से मकरपुरा सेक्शन सीटीपी–3(आर) के लिए सिविल और ट्रेक पैकेज के प्रापण के लिए बोली ,अक्टूबर 2015 में प्राप्त हो जाएगी।

3. वडोदरा–जेएनपीटी और रेवाड़ी–दादरी पश्चिमडीएफसी चरण–2 के लिए इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं :

निप्पन कोएई, जापान को नेतृत्व में ठेका दिया गया था। निप्पन कोई, जापान के नेतृत्व में ठेका दिया गया था पश्चिमी डीएफसी चरण–2 योजना के लिए परामर्श सेवाएं उपलब्ध करवाना, इंजीनियरिंग डिजायन एवं प्रपाण आदि कार्य क्षेत्र में शामिल हैं। जैसे प्रापण प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सका, जून 2016 तक बढ़ाने के लिए सलाहकार को स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में पश्चिमी डीएफसी चरण–2 के निम्नलिखित शेष पैकेज प्रगति पर हैंः

- जेएनपीटी–वैतरण (सीटीपी–11) सेक्शन के बीच सिविल एवं ट्रेक पैकेज के लिए।
- रेवाड़ी–दादरी सेक्शन में सिविल और ट्रेक पैकेज–14
- मकरपुरा–जेएनपीटी सेक्शन के बीच ईएमपी–16
- मकरपुरा से जेएनपीटी के बीच सेक्शन के लिए एसएंडटी पैकेज, एसटीपी–17

पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

क. कार्य ठेकेः इक्विटी फंडड (मुगलसराय–सोननगर सेक्शन)

1. मुगलसराय–सोननगर सेक्शन पर न्यू करवन्दिया से न्यू गंज ख्वाजा (अनुमानित 105 किमी.) ब्लेन्किटिंग, बड़े पुलो, छोटे पुलों, आरयूबी, आरओबी सहित डिजायन और निर्माण की फार्मेशन।

   - न्यू करवन्दिया से दुर्गावती स्टेशनों के बीच मिटट्ी और पुलों का भौतिक कार्य पूरा हो गया है।
   - दुर्गावती–गंजख्वाजा सेक्शन में मिट्टी का कार्य प्रगति पर है।

2. मुगलसराय–सोननगर सेक्शन पर अनुमानित 66 किमी. न्यू करवन्दिया से (रेलवे किमी.564) से दुर्गावती तक (रेलवे किमी. 630)को चालू करना और उसकी जांच और ट्रेक का निर्माण और ट्रेक संबधित कार्यों की डिजायन, प्रापण।

   - दुर्गावती–सासाराम के बीच न्यू ट्रेक निर्माण (एनटीसी) मशीन के द्वारा ट्रेक विछाया गया है और खोलने के लिए तैयार है।
   - सासाराम–करवन्दिया सेक्शन के बीच ट्रेक लिंकिग का कार्य प्रगति पर है।

डीएफसी ट्रेक पर मशीन पैंकिंग

डीएफसी विद्युत सब स्टेशन

न्यू करवन्दिया पर आईपीएस लगाना

नया डीएफसी ट्रेक

3. सोन नदी के ऊपर महत्वपूर्ण पुल की डिजायन और निर्माण (अनुमानित लंबाई 3.06 किमी), सोन नगर (रेलवे किमी. 549) और डेहरी–ऑन–सोन (रेलवे किमी.554) के बीच निर्माण कार्य उन्नत चरण मे हैं। पीएससी गर्डर का शुभारंभ प्रगति पर है। जुलाई 2015 तक लगभग 56% प्रगति हुई है।

सोन पुल– गर्डरों का शुभारंभ

4. गंजख्वाजा के निकट रेल फ्लाई ओवर की डिजायन एवं निर्माण, डेहरी–ऑन–सोन एवं मुगलसराय के बीच एमबैंकमेंट/कटिंग सहित ब्लेन्किटिंग, पुलों(बड़े, छोटे एवं आरयूबी)की फार्मेशन और करवन्दिया–डेहरी–ऑन–सोन सेक्शन में पुल कार्य प्रगति पर है। गंजख्वाजा पर फ्लाई ओवर कार्य (आरएफओ) प्रारंभ किया जाना है।

ख. परामर्श ठेके : इक्विटी फंडड (मुगलसराय–सोननगर सेक्शन)

1. फार्मेशन के निर्माण की सुविधा के लिए चैनेज 14.108 किमी.(न्यू करवन्दिया के निकट) से चैनेज 119.437 किमी. (गंजख्वाजा के निकट) (अनुमानित 105 किमी): परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं : सिविल कार्य के निष्पादन के लिए पीएमसी कार्य प्रगति पर है।

2. न्यू करवन्दिया (रेलवे किमी. 564) से दुर्गावती (रेलवे किमी.630) अनुमानित 66 किमी. के लिए ट्रेक, सिगलनिंग और टेलीकॉम कार्यो, ट्रेक्शन पावर सप्लाई, एससीएडीए, ओएचई और सामान्य विद्युत कार्यों डिजायन एवं निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श : ट्रेक और सिस्टम कार्यों के लिए कार्य प्रगति पर है।

3. **सोन नदी के ऊपर महत्वपूर्ण पुल** (अनुमानित लंबाई 3.06 किमी.) और **गंजख्वाजा के निकट रेल फ्लाई ओवर** के निर्माण और डिजायन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं : उपरोक्त के लिए पीएमसी कार्य प्रगति पर है।

ग. कार्य ठेके: विश्व बैंक फंडड (लुधियाना–मुगलसराय एवं खुर्जा–दादरी)

1. **भाऊपुर–खुर्जा सेक्शन (एलओटी–101,102 और 103) के लिए सिविल, ढांचागत और ट्रेक कार्य (सीएसटी):**

- मेसर्स टाटा एल्डेसा (जेवी) को तीन पैकेज में निविदा दी गई और मार्च 2013 के दौरान अनुमानित कुल लागत रू. 3267.00 करोड़ के ठेका करार पर हस्ताक्षर किए गए। सभी तीन ठेका पैकेज में कार्य प्रगति पर है।
- लगभग 39 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 32 प्रतिशत वित्तीय प्रगति हासिंल की गई।
- अभी तक 64 प्रतिशत मिट्टी का कार्य पूरा किया गया है। 220 किमी. के एमबैंकमेंट की आधी ऊंचाई (एच/2), 180 किमी.पूरी ऊंचाई (एच) और 152 किमी. के ब्लेन्कट का निर्माण कर पूरा किया गया है।
- रेल फ्लाई ओवर की प्रगति 20 प्रतिशत थी। 07 आरएफओ में से 05 के लिए फाउन्डेशन का कार्य पूरा हो गया है और ढांचागत कार्य प्रगति पर है।
- बड़े पुलों की प्रगति 45 प्रतिशत रही है और 15 मे से 06 बड़े पुलों का कार्य उपढांचागत स्तर पर आ गया है।
- छोटे पुलों की प्रगति 62 प्रतिशत रही है। 243 छोटे पुलों में से 152 और 152 आरयूबी में से 21 का कार्य पूरा हो गया है।
- भादन, मैथा और ढोडखान में अस्थाई डिपों को स्थापित किया गया है। 16 किमी का ट्रेक लिकिंग का कार्य पूरा हो गया है।

पूर्वी डीएफसी–1 भादन में रेल अनलोडिंग गेन्ट्रीज

पूर्वी डीएफसी–1 भादन में ट्रेक लिकिंग एनटीसी मशीन

पूर्वी डीएफसी–1 बड़े और छोटे पुलों का कार्य प्रगति पर है।

2. मुगलसराय–न्यू भाऊपुर सेक्शन(सीपी 201 एवं 202) के लिए सिविल, ढांचागत और ट्रेक कार्यः

मार्च 2015 में मेसर्स जीएमआर–एसईएल (जेवी) को ठेका एवार्ड किया गया और मई 2015 के दौरान ठेका प्रांरभ हो गया है। ठेकेदार ने श्रमशक्ति और मशीनरी जुटा दिए हैं।

जियोटेक्नीकल सर्वेक्षण और विस्तृत टोपोग्राफिक सर्वेक्षण प्रगति पर है। क्षेत्र की प्रयोगशालाओं में कार्य प्रांरभ कर दिया गया है। डिजायन टीम को लगा दिया गया है और डिजायन संरेखण प्रगति पर है। बाउन्ड्री पर डिगिंग ट्रेंन्च द्वारा आरओडब्ल्यू का भौतिक कब्जा शुरू कर दिया गया है। 90 प्रतिशत से अधिक भूमि के आरओडब्ल्यू को सीएसटी ठेकेदार को सौंप दिया गया है। फर्म डिमार्केशन के लिए बाउन्ड्री पर ट्रेंच डिगिंग प्रारम्भ हो गया है।

जियोटेक्नीकल जांच का कार्य प्रगति पर है।

टोपोग्राफीकल सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है ।

घ. परामर्श ठेका : विश्व बैंक फंडड

1. पूर्वी डीएफसी–1 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (भाऊपुर–खुर्जा):

- मेसर्स साइ–टिपसा (SAI-TYPSA) संघ को ठेका एवार्ड कर दिया गया है और अक्टूबर 2013 के दौरान ठेके पर हस्ताक्षर हो गए थे।
- इन सेवाओं में डिजायन, निर्माण, जांच और चालू करने के स्तरों के माध्यम से प्रणाली ठेके और सीएसटी कार्यान्वयन शामिल है। पूर्वी डीएफसी–1 के लिए ठेके का डिजायन–बिल्ड–लम्प सम का प्रबंध में पीएमसी इंजीनियर की भूमिका रहेगी।
- वर्तमान में एवार्ड किए गए सिविल ठेका मेसर्स टाटा–एल्डेसा(जेवी) और प्रणाली ठेका के कार्यान्वयन की सेवाएं प्रगति पर है।

2. पूर्वी डीएफसी–2 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श(न्यू भाऊपुर–मुगलसराय)

- मेसर्स सिस्ट्र–मोटटमेकडोनाल्ड संघ को ठेका एवार्ड किया गया और ठेका करार पर जून– 2015 के दौरान हस्ताक्षर हुए। ठेका 1 जुलाई 2015 से शुरू हो गया है।
- इन सेवाओं में डिजायन, निर्माण, जांच और चालू करने के स्तरों के माध्यम से प्रणाली ठेके और सीएसटी कार्यान्वयन शामिल है। पूर्वी डीएफसी–2 के लिए ठेके का डिजायन–बिल्ड–लम्प सम का प्रबंध में पीएमसी इंजीनियर की भूमिका रहेगी।
- पीएमसी ने एकत्रीकरण शुरू कर दिया है। टीम लीडर ने कार्य संभाल लिया है।

2.4 भूमि अधिग्रहण और सामाजिक सुरक्षा उपाय

डीएफसी संरेखण 09 राज्यों और 66 जिलों से होकर निकलेगा। पूर्वी कोरीडोर पर, डीएफसी संरेखण दानकुनी से लुधियाना तक पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब राज्यों से गुजरेगा। पश्चिमी कोरीडोर उत्तर प्रदेश में दादरी से वाया हरियाणा, राजस्थान, गुजरात से जेएनपीटी महाराष्ट्र तक दूरी तय करेगा।

संरेखण में अधिक जनसंख्या क्षेत्र और ढांचागत गिरने को ध्यान में रखते हुए, खुर्जा–पिलखनी सेक्शन में मेरठ, मुजफ्फरनगर और हापुड पर समान्तर से डिटूर तक संरेखण में बदलाव किया गया था । पश्चिमी डीएफसी में भूमि की आवश्यकता में बढ़ोत्तरी के कारण, 3300 किमी. से अधिक के लिए भूमि की कुल आवश्यकता बढ़कर 10667 से 11539 हेक्टेयर हो गयी है। इसमें 9804 हेक्टेयर प्राइवेट भूमि है तथा शेष सरकारी भूमि है । पूर्वी डीएफसी पर, (सोननगर–दानकुनी में 1002 हेक्टेयर के क्षेत्र को शामिल करते हुए 538 किमी के रूट को छोड़कर) लगभग 4548 हेक्टेयर क्षेत्र के साथ 1318 किमी लंबाई में फैले क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के लिए है। पश्चिमी डीएफसी, यह लगभग 5989 हेक्टेयर के क्षेत्र में 1520 किमी. लंबाई में फैला हुआ है । विशेष रेलवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण रेल संशोधन अधिनियम 2008 (आरएए2008) द्वारा शासित है।

सोननगर–दानकुनी सेक्शन को छोड़कर दिनांक 31.03.2015 तक भूमि अधिग्रहण की प्रगति लगभग 84.2 प्रतिशत और कुल प्रगति 81 प्रतिशत हो चुकी है। 9063 हेक्टेयर प्राइवेट भूमि की कुल आवश्यकता में से (सोननगर–दानकुनी सेक्शन को छोड़कर) केवल 100 हेक्टेयर के हिस्से के संरखेण बदलाव के लिए 20ए की अधिसूचना लंबित है। 7888 हेक्टेयर के लिए (87 प्रतिशत मिलाकार) कुल एवार्ड पूरा हो गया है। सोननगर–दानकुनी सेक्शन, 1002 हेक्टेयर में से 903 हेक्टेयर के 20ए जारी कर दिया गया है। कुल मुआवजा रू 6882 करोड (पश्चिमी डीएफसी रू.4140 करोड़, पूर्वी डीएफसी रू.2742 करोड़) एवार्ड हो गया है।

रेल (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 20–ओ के अनुसार, राष्ट्रीय पुनर्वास और पुर्नस्थापन नीति 2007 अपनाई जानी है। रेल मंत्रालय के पात्रता मैट्रिक्स (ईएम) जारी किया है जिसमें एन आर आर पी 2007 के समकक्ष पैरा पर आधारित परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों के लिए उपलब्ध विभिन्न पात्रता श्रेणी कवर होती है। भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा, पुनर्वास और पुर्नस्थापन अधिकार अधिनियम 2013 संशोधित विधेयक के अनुसरण में, नए अधिनियम के प्रावधानों के संबंध डीएसफसीसी द्वारा 01.01.2015 से सभी अर्जन को देय मुआवजा एवं आर एंड आर दिया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार रेलवे बोर्ड द्वारा एक नए पात्रता मैट्रिक को जारी किया गया और इसे दिनांक 01.01.2015 से लागू किया गया। यह डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट, सभी मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालय,प्रभावित गावों में सार्वजनिक स्थानों के लिए सार्वजनिक सूचना उपलब्ध करवाई गई है। पुनर्वास और पुर्नस्थापन के लिए रू.234 करोड़ का वितरण पूरा किया गया।

सभी व्यवहारिक विकल्पों को अपनाकर भूमि अधिग्रहण और अनिच्छुक पुनर्वास प्रभावों को कम करने तथा पर्याप्त पैकेज को सुनिश्चित करने के लिए और प्रभावित परिवारों के सक्रिय योगदान से पुनर्वास प्रक्रियाओं के तेज कार्यान्वयन के लिए विशेष सावधानी बरती जाती है। कंपनी परियोजना के कार्यान्वयन के कारण प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों के लिए उपुर्यक्त पुनर्वास और पुर्नस्थापन उपाय अपनाने के लिए पुनर्वास नीति का निर्माण किया है। विश्व बैंक और जायका की सुरक्षा नीति को पूरा करने के लिए पूर्वी डीएफसी एवं पश्चिमी डीएफसी के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्याकंन अध्ययन संचालित किए गए हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान, पुनर्वास कार्य योजना(इएमपी) और पर्यावरणीय मूल्यांकन (ईए) रिपोर्ट एपीएल–3 चरण–1 के पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (ईएमपी) (साहनेवाल–पिलखनी),175 किमी. और (दादरी–खुर्जा 46 किमी.) कुल 221 किमी. को नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार अंतिम रूप दिया गया और आम सूचना के लिए डीएफसीसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

पूर्वी डीएफसी–2 में आरएपी के सूचारू रूप से कार्यान्वयन, माइक्रो योजना को तैयार करने और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान में सहायता के लिए तीन एनजीओ की नियुक्ति की गई । वर्ष के दौरान पूर्वीडीएफसी–2 के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय सुरक्षा के पुनरीक्षण और मॉनीटरिंग के लिए एक बाहरी स्वतंत्र एजेन्सी की नियुक्ति की गई। एजेन्सी आर एंड आर, भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा और मॉनीटर करने, आर ए पी और ईएमपी के कार्यान्वयन और इसे सुधारने के लिए अपने सुझाव देगी। पूर्वीडीएफसी के लिए नियुक्त किए गए सामाजिक और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों की मॉनीटरिंग और रिव्यू सलाहाकार (एइएसएमआरसी) द्वारा आरआरपी और ईएमपी के योजना कार्यान्वयन की निरन्तर मॉनीटरिंग की जा रही है और इससे डीएफसीसीसआईएल को परियाजना कार्मिका को सुरक्षित पर्यावरण कार्य और क्वालिटी को उपलब्ध कराने में मदद की है।

एपीएल–3 के चरण–1 (साहनेवाल–पिलखनी, 175 किमी. और दादरी–खुर्जा 46 किमी.)कुल 221 किमी. के लिए एसइएसयएमआरसी को लगाने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण भी कर दिया गया है।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर संची प्रभावों के आंकलन के क्रम में, एक संचयी प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट (सीआईए) भी तैयार की गई है। पूर्वीडीएफसी परियोजना(लुधियाना से मुगलसराय) की संचयी प्रभाव मूल्यांकन की विस्तृत रिपोर्ट विचाराधीन है।

परियोजना प्रभावित व्यक्तियों से संबंधित आवश्यकताओं को आर एंड आर प्रक्रिया के द्वारा आवश्यक सहयोग और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जोर दिया जाता है। डीएफसी परियोजना के कार्यान्वयन के लिए शिकायत निवारण तंत्र के लिए बनाई गई पुनर्वास नीति के ढांचे के अंतर्गत उपलब्ध उचित मुआवजे के रूप में पुर्नस्थापन या पुनर्वास के लाभ से वंचित हाने पर प्रभावित व्यक्तियों और समूहों की वैध चिंताओं का समाधान किया जाता है। चितांओं/समस्याओं के समाधान करने के लिए लोकपाल की नियुक्ति की गई है। शिकायत निवारण समितियों खुर्जा–भाऊपुर और भाऊपुर–मुगलसराय सेक्शन के लए परियोजना एवं जिला स्तर पर गठन किया गया है। परियोजना स्तर पर गठित समिति की जानकारी डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा भूमि मुआवजे से संबंधित समस्याओं को देखने के लिए प्रत्येक जिले के मध्यस्थ (आब्रीट्रेटर्स) की नियुक्ति की गई है।

2.5 दानकुनी–सोननगर पीपीपी परियोजना

यह निर्णय किया गया है कि रेल मंत्रालय द्वारा दो चरणों में पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप के माध्यम से दानकुनी–सोननगर (540 किमी.) के बीच जो हैं दानकुनी–गोमोह सेक्सन (282.2 किमी.) चरण–1 के रूप में और गोमोह–सोननगर सेक्शन (256.581 किमी.) चरण–2 के रूप में डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के लिए निर्माण किया जाएगा। परियोजना का विवरण निम्नानुसार हैः

विवरण		भूमि अधिग्रहण सेक्शन		
		20 ए	20 ई	20 एफ
दानकुनी गोमोह सेक्शन (282.2 किमी.)चरण–1	कुल आवश्यकता	552.75 हेक्टे.	552.75 हेक्टे.	552.75 हेक्टे.
	मार्च–2015 तक प्रगति	552.75 हेक्टे. (100%)	503.00 हेक्टे. (91%)	338.55 हेक्टे. (61%)
गोमोह सोननगर सेक्शन (256.581 किमी.)चरण–2	कुल आवश्यकता	449.50 हेक्टे·	449.50 हेक्टे·	449.50 हेक्टे·
	मार्च–2015 तक प्रगति	259.70 हेक्टे· (58%)	160.50 हेक्टे· (36%)	140.00 हेक्टे· (31%)

- **भूमि अधिग्रहणः चरणवार भूमि अधिग्रहण की स्थिति निम्नानुसार है।**

  हुगली जिले के सिंगूर के बलरामवती मौजा, वर्धमान जिले के शक्तिगढ़,मंकर, अंदल और कुल्टी, पश्चिम बंगाल और बिहार में गया डिटूर ग्रामों को छोड़कर जहां परियोजना प्रभावित व्यक्तियों द्वारा नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार मुआवजा की मांग की जा रही है । कोडरमा डिटूर (57 किमी.) में माओवादी गतिविधियों के कारण, जमीन पर सरेंखण की स्टेकिंग और भूमि अधिग्रहण की गति धीमी है।

- **विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर):**

  दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 और गोमोह–दानकुनी सेक्शन चरण–2 की डीपीआर को अंतिम रूप दिया गया।

- **परियोजना अनुमानित लागत**

  दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 की रियायती अनुमानित लागत रू.4570 करोड़ है। गोमोह–सोननगर सेक्शन चरण–2 की अनुमानित लागत रू. 5520 करोड़ है।

- (04) नए क्रौसिंग स्टेशनों की लोकेशन और संरेखण और (04) नए जंक्शन स्टेशनों के साथ दो केबिन सहित विभिन्न ढांचागत सुविधाओं के लिए दानकुनी–गोमोह (282.2 किमी.) चरण–1 की पुष्टि की जा चुकी है। गोमोह–सोननगर सेक्शन चरण–2 के लिए 06 मे से 02 सरेंखण और लोकेशन अनुमोदन के लिए विचाराधीन है।

- **मानकों और विशिष्टीकरणों के मेनुअलः**

  मानकों और विशिष्टीकरणों के मसौदे को तैयार करने का परामर्श ठेका मेसर्स राइटस को दे दिया गया है। रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है ओर दिनांक 17.02.2015 को रेलवे बोर्ड भेज दिया है।

- **वित्तीय मॉडलिंगः**

  रेलवे बोर्ड द्वारा दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 के लिए संदर्भ के नियमों के आधार पर एक परामर्श ठेका मेसर्स ग्रांट थ्रोनटोन को एवार्ड किया गया है। वित्तीय परामर्शदाता द्वारा वित्तीय मॉडलिंग पर मसौदा अंतिम रिपोर्ट दे दी गई है और दिनांक 15.10.2014 को रेलवे बोर्ड भेज दिया गया है।

- **फिजीबिलिटी रिपोर्ट और यातायात अध्यन रिपोर्टः**

  दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 के लिए ''इन हाउस'' फिजीबिलिटी रिपोर्ट और यातयात अध्ययन रिपोर्ट तैयार हो गई है और रेलवे बोर्ड भेज दिया गया है।

- रियायती करार और अन्य दस्तावेजों को विकसित करने के लिए कानूनी सलाहकार की नियुक्ति की गई है।

2.6 भविष्य के कोरीडोरः

रेलवे बोर्ड ने भविष्य के चार कोरीडोर के लिए पी ई टी एस(प्रीलीमीनरी इंजीनियरिंग एंड ट्रॉफिक सर्वे) प्राप्त करने के लिए निर्देश दिए हैं:

(I) पूर्व–पश्चिम कोरीडोर (कोलकाता–मुम्बई)–पीईटीएस के अनुसार 2328 किमी.

(ii) उत्तर –दक्षिण कोरीडोर (दिल्ली–चैन्नई)–पीईटीएस के अनुसार 2327 किमी.

(iii) पूर्व तटीय कोरीडोर (खड़गपुर–विजयवाड़ा). पीईटीएस के अनुसार 1120 किमी.

(iv) दक्षिण कोरीडोर (चैन्नई–गोवा) पीईटीएस के अनुसार 890 किमी.

पीटीईएस के कार्य को मेसर्स राइटस द्वारा किया जा रहा है। सितबंर 2011 के दौरान कार्य प्रारंभ किया गया और बिना टैक्स के लागत रू 68.5 करोड़ है।

वर्ष के दौरान राइट्स द्वारा उत्तर दक्षिण कोरीडोर और पूर्व पश्चिम कोरीडोर के लिए पीईटी मसौदा अंतिम रिपोर्ट को प्रस्तुत कर दिया गया है। पूर्व तटीय कोरीडोर और दक्षिण कोरीडोर (रेनुकुंठा से हुबली) के लिए फील्ड डाटा कलेक्शन पूरा हो गया है। पूर्व तटीय रेलवे के लिए मसौदा पीईटी रिपोर्ट सितबंर 2015 और दक्षिण कोरीडोर के लिए मार्च 2016 में पूर्ण होन की संभावना है।

3.1 निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का विवरण ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में नियुक्तियों एवं पदावधि समाप्ति के कारण कुछ परिवर्तन हुए हैं जो निम्नानुसार हैः

निम्नलिखित निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2014–2015 के दौरान ज्वाइन किया।

1. रेलवे बोर्ड के प्त्र सं.2010/ई(ओ)II/40/25 दिनांक 20.03.2014 अनुसार प्रतिनियुक्ति पर तैनात श्री आर. के. गुप्ता, प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल की नियुक्ति पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में होने के कारण, यह निर्णय लिया गया कि श्री आर. के. गुप्ता, अग्रिम आदेश तक प्रबंध निदेशक, डीएफसीसीआईएल का कार्यभार देखना जारी रखेंगे ।

2. रेलवे बोर्ड ने अपने प्त्र सं.2010/ई(ओ)II/40/25 दिनांक 28.07.2014 के अनुसार प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री अंशुमान शर्मा निदेशक/पीपी , डीएफसीसीआईएल को उनके कार्य के अतिरिक्त उनके चार्ज लेने की तारीख से पीइएसबी से नियमित रूप से प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के पद के चयन होने तक अग्रिम आदेशों तक अथवा जो भी पहले हो सौपा गया। उन्होंने प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के रूप में दिनांक 28.07.2014 (अपरान्ह) में कार्य ग्रहण कर लिया।

3. रेलवे बोर्ड के प्त्र सं.2010/ई(ओ)II/40/09 दिनांक 14.10.2014 सक्षम प्राधिकारी ने श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई, सीएओ/दक्षिण पश्चिम रेलवे, स्थायी समावेशन के आधार पर 05 वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के रूप में नियुक्ति करने का अनुमोदन प्रदान किया है। उन्होंने प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के रूप में दिनांक 20.10.2014(पूर्वान्ह) में कार्यग्रहण कर लिया है।

4. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2013/ई(ओ)II/40/04 दिनांक 27.10.2014 सक्षम प्राधिकारी ने श्री डी. एस. राणा, मुख्य परियोजना प्रबंधक/डीएफसीसीआईएल को डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में निदेशक/अवसंरचना के रूप में तत्काल समावेशन के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति को अनुमोदन प्रदान किया है उन्होंने निदेशक/अवसंरचना के रूप में दिनांक 27.10.2015 (पूर्वान्ह) को कार्य ग्रहण कर लिया है।

5. रेलवे बोर्ड के पत्र सं.2009/इन्फ्रा/6/2 दिनांक 03.02.2015 के अनुसार भारत के राष्ट्रपति ने श्री ए.के.मित्तल, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड को तत्काल प्रभाव से डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में अंशकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन्हें श्री अरूनेन्द्र कुमार , पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के स्थान पर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड के पद पर बने रहने तक या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, नियुक्त किया है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित निदेशकों का कार्यकाल समाप्त हो गया है :

क. रेलवे बोर्ड के पत्र सं.2013/इन्फ्रा/6/29 दिनांक 08.01.2014, के अनुसार श्री भास्कर गुप्ता, स्वतंत्र निदेशक की विस्तारित अवधि तीन माह का कार्यकाल दिनांक 07.04.2014 को समाप्त हो गया है।

ख. रेलवे बोर्ड के पत्र सं.2010/ई(ओ)II/40/25 दिनांक 28.07.2014 के अनुसार श्री आर के गुप्ता, आईआरएसई, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे ने प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल का अतिरिक्त कार्यभार दिनांक 28.07.2014 (अपरान्ह) मे छोड़ दिया है।

ग. श्री अंशुमान शर्मा, निदेशक/पीपी ने प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिनांक 20.10.2014 को छोड़ दिया है।

घ. श्री अंशुमान शर्मा, निदेशक/पीपी ने निदेशक/अवसंरचना के पद का अतिरिक्त कार्यभार दिनांक 27.10.2014 को छोड़ दिया है।

ड़. श्री अरूनेन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने अंशकालिक अध्यक्ष, डीएफसीसीआईएल के पद को दिनांक 27.10.2014 को छोड़ दिया है।

वित्तीय वर्ष 2014–2015 के समाप्त होने के बाद निम्नलिखित निदेशक का कार्यभार समाप्त हो गया है:

क. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2008/इन्फ्रा/6/1 दिनांक 25.04.2012, के अनुसार, श्री आर. एस. शर्मा, स्वतंत्र निदेशक ने तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 24.04.2014 को समाप्त हो गया है ।

इस रिपोर्ट के प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित निदेशक कार्यभार देख रहें है:

क्रसं.	निदेशक का नाम	पदनाम	कार्य ग्रहण की तिथि
1.	श्री ए.के. मित्तल	अंशकालिक अध्यक्ष(सरकारी)	03.02.2015
2.	श्री आदेश शर्मा	प्रबंध निदेशक	20.10.2014
3.	श्री अंशुमान शर्मा	निदेशक (परि.नियोजन)	05.04.2011
4.	श्री एच.डी. गुजराती	निदेशक (परि.एवं व्य.विकास)	29.11.2012
5.	श्री एम. के. मित्तल	निदेशक (वित्त)	16.09.2013
6.	श्री डी. एस. राणा	निदेशक (अवसंरचना)	27.10.2014
7.	श्री गिरीश पिल्लई	अंशकालिक निदेशक (सरकारी)	14.11.2012
8.	श्री गजेन्द्र हल्दिया	अंशकालिक निदेशक (सरकारी)	02.05.2008

3.2 बोर्ड की बैठकों की संख्याः

वित्तीय वर्ष 2014–2015 के दौरान, व्यवसाय के संबंध में निदेशक मंडल की चार बैठकें हुई। निदेशक मंडल की बैठकों की तिथियां निम्नानुसार है :

क्रसं.	तिमाही	तिथि
1.	जून 2014 को समाप्त तिमाही	13.06.2014
2.	सितम्बर 2014 को समाप्त तिमाही	29.08.2014
3.	दिसंबर 2014 को समाप्त तिमाही	13.11.2014
4.	मार्च 2015 को समाप्त तिमाही	12.02.2015

3.3 कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) के अंतर्गत निदेशकों के उत्तरदायित्वों का विवरण :

कंपनी अधिनियम,2013 के धारा 134(3)(सी)के संदर्भ में कंपनी के निदेशक मंडल सुनिश्चित करते हैं कि :–

(क) वार्षिक लेखा को तैयार करने, लागू लेखा मानकों का अनुसरण किया गया है और तात्विक विसंगतियों के लिए समुचित स्पष्टीकरण दिए गए है।

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों, उन्हें सतत लागू किया है और निर्णय लिए है कि किए गए आंकलन विवेक पूर्ण और उपयुक्त हैं जो वित्तीय वर्ष पर और उस अवधि के लाभ हानि खाते में कंपनी के मामलों की सही स्थिति को दर्शातें हैं।

(ग) कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखेबाजी तथा अन्य अनियमित्ताओं की रोकथाम के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड के अनुरक्षण के लिए निदेशकों ने समुचित और पर्याप्त सावधानी बरती है।

(घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखा एक कार्यरत कंपनी के आधार पर तैयार किया है।

(ड़) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के साथ उचित सिस्टम के कार्यान्वयन का सुनिश्चिय किया है और इस तरह के सिस्टम पर्याप्त और प्रचलन में हैं। निदेशक मंडल कंपनी पर लागू सभी कानूनों, कंपनी द्वारा तैयार किए गए के साथ गैर अनुपालन में किए गए कंपनी के प्रयासों की वार्षिक समीक्षा करेंगे । इससे कंपनी के आकार के अनुरूप प्रबंधन प्रणाली के अनुपालन को बल मिलता है।

3.4 धारा (149) की धारा (6) के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दी गई घोषणा का विवरण ।

श्री आर.एस.शर्मा, स्वतंत्र निदेशक द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 की उपधारा (6) के अनुसरण में घोषणा कर दी गई है।

4 लेखा परीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(सी एंड ए जी) ने मेसर्स बावेजा एंव कौल, चार्टर्ड एकाउन्टेंटस को वर्ष 2014–15 के लिए कंपनी का संविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है और सदस्यों द्वारा शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निदेशक मंडल ने उनका लागू दर के अनुसार पारिश्रमिक रू.8,40,000/–सेवा कर अलग से निर्धारित किया है और पाकेट खर्च अतिरिक्त होगा।

4.1 लेखा परीक्षक और सचिविय लेखा परीक्षक द्वारा अस्वीकार और प्रतिकूल टिप्पणी अथवा आरक्षण, प्रत्येक योग्यता पर बोर्ड द्वारा टिप्पणियां अथवा स्पष्टीकरण।

4.1(क) **सांविधिक लेखा परीक्षक रिपोर्ट**

लेखा अनुबंध परीक्षकों और प्रबंधन के उत्तर की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के अनुलग्नक ''क'' में है।

4.1(ख) **सचिविय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट**

सचिविय लेखा परीक्षक और प्रबंधन के उत्तर की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के अनुलग्नक ''ख'' में है।

4.2 **भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां:**

31 मार्च,2015 को समाप्त वर्ष में कंपनी के लेखा पर भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणी निल है जो कि रिपोर्ट के अनुलग्नक ''ग'' पर है ।

5. दिए गए ऋण, किए गए निवेश, दी गई गारंटी और उपलब्ध प्रतिभूमियों का विवरण:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋण,गारंटी और निवेदन निल हैं ।

6. (नियुक्तियां और प्रबंधन कार्मिकों की परिलब्धियां) नियम 2014 के अंतर्गत कंपनी के नियम 5(2)के तहत् कर्मचारियों का विवरण :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी (नियुक्तियां और प्रबंधन कार्मिको के परिलब्धियां) नियम 5(2) के अंतर्गत दी गई सूचना निल है क्योंकि कोई भी कर्मचारी और निदेशक/केएमपी निर्धारित सीमा से अधिक परिलब्धियां प्राप्त नहीं कर रहा था ।

7. संबंधित पक्षों के साथ ठेके और करार।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निदेशकों द्वारा रूचि को प्रकट करने के आधार पर, कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 188 (1) में वर्णित संबंधित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा कोई भी ठेका अथवा व्यवस्थाओं में प्रवेश नहीं किया था।

8. रिपोर्ट की तिथि और वित्तीय विवरण यदि कोई जो कि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के बीच में कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करते हैं।

दिनांक 31.03.2015 को और रिपोर्ट की तिथि पर सामग्री बदलाव और प्रतिबद्धताओं की कोई रिपोर्ट नहीं प्राप्त हुई है, वित्तीय विवरण यदि कोई जो कि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के बीच में कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करते हैं।

9. ऊर्जा का संरक्षण, प्रोद्योगिकी विलयन और विदेशी मुद्रा का अर्जन और निर्गम।

कंपनी अधिनियम 2013 के सेक्शन 134(3)एम के अनुसरण में अपेक्षित विवरणों को कंपनी नियम (लेखा नियम,2014)के साथ लागू को पढ़ा जाएगा जो निम्न हैं:

(क) ऊर्जा का संरक्षण–

(I) ऊर्जा संरक्षण पर की गई कार्रवाई और प्रभाव–

कॉर्पोरेट कार्यालय परिसर में ऊर्जा संरक्षण के निम्न उपायों को किया गया।

(क) ऊर्जा कुशल एलईडी लाइटों द्वारा वर्तमान सीएफएल फिटिंग को रेट्रो फिटमेंट।

(ख) ओक्यूपेंशी सेंशर को फिट करना।

(ग) बीईई स्टार रेटेट उत्पादों के आवश्यक प्रापण पर नीति।

ब्यूरो ऑफ एनर्जी कुशलता (बीईई) द्वारा कॉर्पोरेट बिल्डिंग को 4 स्टार रेटेट दिया गया है। कॉर्पोरेट बिल्डिंग को 5 स्टार रेटिंग के लिए करने के प्रयास किए जाएंगे। विद्युत लोड बढ़ने के बावजूद कॉर्पोरेट कार्यालय बिल्डिंग में औसतन 5 प्रतिशत ऊर्जा खपत में कमी आई है।

(II) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के प्रयोग के लिए कंपनी द्वारा किए गए उपायः

डीएफसीसीआईएल नेटवर्क पर हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए, कोरीडोर और उनकी कॉर्पोरेट बिल्डिंग में सोलर प्लान्टस को लगाने की योजना बनाई गई है।

(III) ऊर्जा संरक्षण उपकरण पर पूंजी निवेश।

ऊर्जा संरक्षण उपायों पर अनुमानित रू. 12.5 लाख खर्च किए गए।

(ख) तकनीकी समावेशनः

(I) तकनीकी समावेशन के लिए किए गए प्रयास–निल

(II) जैसे उत्पादन सुधार, लागत कम करना, उत्पाद विकास अथवा आयात प्रतिस्थापन से उत्पन्न लाभ। –निल

(III) आयातित तकनीक के मामलें में (वित्तीय वर्ष के प्रांरभ से तीन वर्ष के अंदर आयात की गई)–निल

(क) आयातित की गई तकनीक का विवरण–लागू नहीं

(ख) आयातित वर्ष–लागू नही

(ग) क्या तकनीक को पूर्ण रूप से अवशोषित किया गया – लागू नहीं

(घ) यदि पूर्ण रूप से अवशोषित नहीं किया गया तो किस क्षेत्र में नहीं किया गया और उसका कारण : और

(ड़) अनुसंधान और विकास पर किए गए खर्च–लागू नहीं

(ग) समीक्षाधीन अवधि के दौरान विदेशी मुद्रा अर्जन और व्ययः

विदेशी मुद्रा अर्जन	–निल
विदेशी मुद्रा का निर्गम	रू.141.31 करोड़ जिसमें से
ब्याज	रू.2.64 करोड़
सेमीनार प्रशिक्षण व्यय	रू.0.09 करोड़
टूर एवं यात्रा व्यय	रू.0.02 करोड़
एल सी ओपनिंग प्रभार	रू.0.40 करोड़
जायका ऋण पर बैंक प्रभार	रू.0.10 करोड़
परामर्श	रू. 56.11 करोड़
कार्य	रू. 81.95 करोड़

10. बोर्ड की राय में यदि यह पाया जाता है कि कंपनी के अस्तित्व को जोखिम हो सकता है, जिसमें उसकी पहचान और तत्व शामिल हो, के लिए जोखिम प्रबंधन के कार्यान्वयन और विकास को दर्शाने वाला विवरण।

कंपनी उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया गया है जो कि लेखा परीक्षण समिति द्वारा अनुमोदित है। उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचा की शुरूआत दिनांक 01 दिसबंर 2014 से की गई। इन 20 जोखिम को कम करने के लिए योजना बनाई गई है। पहचान की गई जोखिम और न्यून्तम योजना की समीक्षा की जाएगी। और आवधिक आधार पर जोखिम पहचान और प्राथमिक कार्यशालाओं के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। जोखिम प्रबंधन ढांचा को पहले से ही बनाया गया है जिसमें जोखिम प्रबंधन मे स्वतंत्र निदेशक, मुख्य जोखिम प्रबंधक समन्वयक हैं जो जोखिम प्रबंधन समिति को रिपोर्ट करते हैं इसमें विभिन्न विभागों जैसे सिविल, एस एंड टी, आईटी, प्रशासन, विद्युत, परिचालन वित्त आदि के प्रमुख होते हैं। और मुख्य परियोजना प्रबंधक जोखिम और न्यूनतम मालिक के रुप में कार्य करेंगे और जोखिम पहचान उसकी, प्राथमिकताओं और न्यूनतम योजना बनाने के लिए जिम्मेदार होंगें। जोखिम प्रबंधन गतिविधियों पर उचित रुप से नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए एम एस आई के माध्यम से जोखिम मॉनिटरिंग और आश्वन मेकेन्जिम को एंटरप्राईजेज जोखिम प्रबंधन के रूप मे उपलब्ध करवाया गया है जो कि विशिष्ट जोखिम को न्यूनतम योजना को प्रभावशाली रूप से मूल्यांकन करेगा।

11. वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिए कार्यान्वयन और विकसित नीति का विवरण।

समीक्षाधीन वर्श के दौरान कॉर्पोरेट दायित्व के लिए किए गए प्रयासों की रिपोर्ट निदेशक रिपोर्ट के रूप में अनुलग्नक–''घ'' है।

12. अन्य अनुपालन

क. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार नागरिकों को व्यवहारिक दृष्टि से शासन प्रणाली से सूचना प्रदान करने का प्रयास है जिसके तहत सार्वजनिक प्राधिकार के नियंत्रण के अंतर्गत नियम, सूचना प्राप्त कर सकते हैं ताकि प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकार की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता तथा जवाबदेही को प्रोत्साहन मिल सके।

कंपनी ने एक केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी की नियुक्ति की है जिसका नाम कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। समीक्षा अवधि के दौरान लगभग 367 आर टी आई के आवेदन प्राप्त हुए और सभी मामलों का निपटान निर्धारित समय में किया गया। सभी जवाब कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं जो कि पाक्षिक आधार पर अपडेट की जाती है।

वर्ष के दौरान, कुल 22 संसदीय प्रश्न प्राप्त हुए और सभी का समय से रेल मंत्रालय को जबाब दिया गया।

ख. एम सी ए 21 ई–फाइलिंग

कंपनी नियमों–2006 (इलेक्ट्रोनिक फाइलिंग एंड आथन्टीकेशन ऑफ डाक्यूमेंटस) और (कंपनी फाइलिंग ऑफ डाक्यूमेंटस एंड फार्म व एक्सेटंन्सिबल बिजनेस रिपोटिंग लेग्योगेज) संशोधन नियम 2012 की शर्तो के अनुसार कंपनी समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी संवैधानिक प्रपत्र और विवरणियां इलैक्ट्रोनिक माध्यम से भरी हैं।

ग. समझौता ज्ञापन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी के समझौता ज्ञापन की दिशा में निर्देशों के अनुसार समझौता ज्ञापन 2015–16 पर परिवहन एवं पर्यटन संद्य के कार्य बल के साथ चर्चा करने के बाद रेल मंत्रालय के साथ 23.03.2015 को हस्ताक्षर किए गए। सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 के लिए कंपनी को एम ओ यू के लिए ''अच्छी श्रेणी'' प्रदान की गई।

घ. सर्तकता :

सर्तकता विभाग किसी संगठन के प्रबंधन का एक जागरूक भाव और अभिन्न अंग होता है जो कि संगठन के निष्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सर्तकता विभाग में एक पूर्णकालिक मुख्य सर्तकता अधिकारी है जिसे उसकी टीम द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। कंपनी ने निरोधक सर्तकता दंडात्मक सर्तकता की तुलना में निवारक सर्तकता और सुधार के लिए अधिक जोर दिया है। विभाग ने निविदाओं और ठेकों, कार्य का निष्पादन और अन्य प्रक्रियाओं के साथ–साथ शिकायतों की जांच को निर्देशों प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया है। पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से रू. 01 करोड़ से अधिक के सभी ठेके और खरीदारी को डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाता है।

डीएफसीसीआईएल ने शिकायत करने की नीति को अच्छी तरह से परिभाषित किया है जो कि डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट पर सतर्कता पोर्टल पर उपलब्ध है। वर्ष के दौरान पिछले वर्ष की 08 शिकायतों के अलावा सीवीसी /रेलवे और अन्य व्यक्तियों से कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई इनमे से 9 शिकायतों का निपटारा किया गया है शेष 05 शिकायतों की विभिन्न स्तरों पर जांच की जा रही है। वर्ष के दौरान 14 निरोधक जांच आयोजित की गई इनमें से 7 का निपटारा कर दिया गया है और शेष 7 की जांच की जा रही है और 72 अधिकारियों द्वारा दिए गए अचल संपत्ति रिटर्न (आईपीआर) के लिए 12 औचक जांचे की गई।

विभाग द्वारा प्रणाली सुधार का कार्यान्वयनः

1. वेबसाइट पर निविदाओं को अपलोड करना।
2. अधिकारियों के रोटेशनल स्थानान्तरण।
3. कार्यकारी और वित अधिकारियों द्वारा स्टोर का संयुक्त निरीक्षण।

कार्यान्वयन के अंतर्गत प्रणाली सुधार :

1. सभी आउटसोर्सिंग स्टाफ का पुलिस सत्यापन आवश्यक किया गया है।
2. भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में सक्षम प्राधिकारी और डीएफसीसीआईएल अधिकारियों के बीच ड्यूटी की भिन्नता।

जागरूकता और भागीदारी सर्तकता :

केन्द्रीय सर्तकता आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसरण मे दिनांक 27 सितबंर 2014 से 01 अक्टूबर 2014 तक डीएफसीसीआईएल के सभी कार्यालयों में सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष के सर्तकता सप्ताह का विषय था ''तकनीक की शक्ति–भ्रष्टाचार की लड़ाई''। सप्ताह का उद्घाटन शपथ समारोह के साथ मुख्य सर्तकता अधिकारी, डीएफसीसीआईएल द्वारा दिनांक 27.9.2014 को किया गया। उक्त विषय पर एक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें श्री अनिल सिद्यंल, मुख्य तकनीकी परीक्षक, सीवीसी अतिथि वक्ता के रूप मे उपस्थित थे। तकनीक की शक्ति–भ्रष्टाचार की लड़ाई विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को उचित पुरस्कार प्रदान किए गए ।

14 कॉर्पोरेट शासन

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी कॉर्पोरेट शासन पर दिशा निर्देशों के साथ कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार, निम्नलिखित फार्म बोर्ड रिपोर्ट के महत्वपूर्ण अंग है।

(क) कॉर्पोरेट शासन, निदेशक मंडल का संयोजन के साथ–साथ उनकी विभिन्न बैठकों में उपस्थिति निदेशकों आदि के पारिश्रमिक और अन्य संबंधित प्रकटनों पर कंपनी के दर्शन के मुख्य बिन्दुओं को कॉर्पोरेट शासन के अनुलग्नक ''ङ'' में रखा गया है। यह निम्न अनुपालन प्रमाण पत्रों के पूरक हैं।

I) वर्ष 2014–2015 के दौरान वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक और बोर्ड सदस्यों द्वारा कोड ऑफ कन्डेक्ट के अनुपालन के साथ प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा अनुलग्नक ''ङ1'' पर प्रस्तुत है।

II) मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मुख्य वित अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाण पत्र अनुलग्नक ''ङ2'' पर है।

III) कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त कॉर्पोरेट शासन के अनुपालन की प्रमाण पत्र अनुलग्नक ''ङ3'' पर प्रस्तुत है।

(ख) एक '' प्रबंधन विचारविमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट'' अनुलग्नक ''च'' पर प्रस्तुत है।

(ग) कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त सचिविय लेखा परीक्षण रिपोर्ट अनुलग्नक ''छ'' पर प्रस्तुत है।

(घ) एमजीटी–9 बोर्ड रिपोर्ट से निर्धारित फार्म में वार्षिक रिटर्न का सार अनुलग्नक ''ज'' में है।

15. रेगुलेटर अथवा न्यायालय द्वारा परित सार्थक और सामग्री आदेशः

रेगुलेटर/न्यायालय द्वारा कोई सार्थक सामग्री आदेश पारित नही किए गए है जो कि कंपनी से संबंधित और उनके भविष्य के परिचालन को प्रभावित कर सकते हों।

16. आभार

निदेशक, रेल मंत्रालय, राज्य सरकारों, क्षेत्रीय रेलों, सांविधिक अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों के प्रति उनके सहयोग और संरक्षण के लिए आभार प्रकट करते हैं।

ये नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, सांविधिक लेखा परीक्षकों और बैंको द्वारा कंपनी को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए बोर्ड धन्यवाद के साथ उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल और डीएफसीसीआईएल के कर्मचारियों तथा अन्य के प्रति कंपनी को समय–समय पर दिए गए निरंतर बहुमूल्य सहयोग, समर्थन एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करता है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 13.8.2015

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ताक्षर
(ए.के.मित्तल)
अध्यक्ष

अनुलग्नक–"क"

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

31 मार्च 2015 को लेखा परीक्षा रिपोर्ट में सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों के लिए दिए गए जबाब

लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां	प्रबंधन का उत्तर
योग्य विचार के आधार पर 1. बैंकर्स ने लैंड बैंक लेखे (एसएलएओ) से कटौती किए गए कर स्रोत (टीडीएस) पर ब्याज प्राप्त किया है । यह लेखा कंपनी से संबंधित नीं है , कंपनी ने गलत ढंग से इन लेखों में रेल मंत्रालय को भुगतान किए गए समीक्षाधीन परिसंपत्ति को दिखाया है। तद्नुसार चालू परिसंपत्तियों और चालू दायित्यों को रू. 10018560/– करोड़ द्वारा बढ़ा हुआ माना गया है ।	1. डीएफसीसीआईएल और राज्य भूमि अधिग्रहण अधिकारी (एसएलएओ) के फ्लेक्सी जमा संयुक्त बैंक खात में जमा राशि पर ब्याज के संबंध में स्रोत पर कटौती रेल मंत्रालय के आधार पर परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए राज्य भूमि अधिग्रहण अधिकारी सक्षम अधिकारी है । बैंक में जमा राशि रेल मंत्रालय से संबंधित है और यह कंपनी के लेखों का भाग नहीं है जैसा कि वित्तीय विवरणों के नोट नं. 15.1(ए) में बताया गया है। इसी तरह बैंक जमा पर प्राप्त ब्याज के साथ–साथ स्रोत पर कटौती पर प्राप्त ब्याज भी कंपनी के लेखें से संबंधित नहीं है । चूकिं स्रोत पर कटौती प्रमाण पत्र बैंक द्वारा कंपनी के नाम से जारी किया गया है और स्रोत पर कटौती की राशि को रेल मंत्रालय को स्थानान्तरित किया जाना है, बुक्त में रेल मंत्रालय को स्थानान्तरित राशि की एक प्रविष्ट की गई है । ऐसी स्थिति में जब भी बैंक द्वारा जारी स्रोत पर कटौती प्रमाण पत्र डीएफसीसीआईएल के पक्ष में दिया गया है वहां लेखा में शामिल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं थ। इस तरह चालू परिसंपत्तियों और चालू दायित्यों पर कोई ओवर स्टेटमेंट नहीं है ।

अनुलग्नक—"ख"

सचिवीय लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर

क्रसं.	टिप्पणियां	प्रबंधन की टिप्पणीयां
1.	कंपनी के निदेशक मंडल ने गैर कार्यकारी निदेशकों और कार्यकारी के संस्थापन का उचित संतुलन नहीं बनाया है।	कंपनी के एसोसियेशन के अनुच्छेदों के अनुच्छे 81 की शर्तों के अनुसार, पूर्ण कालिक निदेशकों सहित प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है । कंपनी द्वारा रेल मंत्रालय से पूर्व में ही अनुरोध किया जा चुका है कि अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक को कंपनी के बोर्ड में नियुक्त किया जाए और इसकी रेल मंत्रालय से पुष्टि होना शेष है ।
2.	भारत सरकार द्वारा निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, लेखा परीक्षण समिति, परिलब्धि समिति और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति का कंपनी अधिनियम 2013 के सेक्शन 135(1)एवं (3) ओर 177(2) और (3), 178(1) के अनुसार गठन नहीं किया गया है।	रेल मंत्रालय, के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के नाम से 100 प्रतिशत शेयरधारकों के साथ कपंनी एक ''सरकारी कंपनी है''। छह पदेन प्रतिनिधियों के साथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा संपूर्ण पूंजी को आयोजित किया जाता है । कंपनी के एसोसियेशन के अनुच्छेदों के अनुच्छेद 81 की शर्तों के अनुसार, पूर्ण कालिक निदेशकों सहित प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है । कंपनी द्वारा रेल मंत्रालय से पूर्व में ही अनुरोध किया जा चुका है कि अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक को कंपनी के बोर्ड में नियुक्त किया जाए। बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, अधिनियम की आवश्यकतानुसार सांविधिक समितियों का गठन नहीं किया जा सका है ।

अनुलग्नक–"ग"

गोपनीय

भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग

कार्यालय, प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा, रेलवे वाणिज्यिक
काफमों, भारतीय रेल, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली

सं.पीडीए/आर–सी/पीएसयू/32–1/डीएफसीसीआईएल/2015–16/284 दिनांक 20.07.2015

सेवा में,
प्रबंध निदेशक
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन बिल्डिंग
नई दिल्ली– 110001

विषयः 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत भारत के प्रधान निदेशक एवं लेखा परीक्षक की टिप्पणियां ।

महोदय,

31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (6)(ख) के अंतर्गत निल प्रमाण पत्र दिया जाता है । कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी के वित्तीय विवरणों के अनुपालन सहित निल वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों का प्रमाण पत्र वार्षिक आम सभाा के समक्ष रखा जाए । कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट की छह मुद्रित प्रतियां शीघ्र इस कार्यालय को भेजी जाएं।

पत्र की पावती कृपया भेजें ।

भवदीय

संलग्न– यथोक्त ।

(दिनेश भार्गव)
प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा
(रेलवे वाणिज्य)

अनुलग्नक–"ग"

31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिर्पोटिंग ढांचे के अनुसार डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण तैयार करना कपंनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कपंनी अधिनियम 2013 की धारा 139(5) के अंतर्गत सांविधिक लेखा परीक्षकों को नियुक्त किया जाता है इन वित्तीय विवरणों पर अपनी सलाह देने के लिए इस अधिनियम की धारा 143 की धारा में निर्धारित लेखा परीक्षण पर मानको के अनुसार इस अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित लेखा परीक्षा पर आधारित होती है। उनकी दिनांक 30.06.2015 की लेखा परीक्षण रिर्पोर्ट द्वारा ऐसा किया बताया गया है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से मैंने कंपनी अधिनियम की धारा 143(6)(क) के अंतर्गत डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के 31, मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए लेखों की पूरक लेखा परीक्षण किया है । यह पूरक लेखा परीक्षण सांविधिक लेखा परीक्षक के कार्यकरण कागजातों से जानकारी लिए बिना स्वतंत्र रूप से किया गया है और सांविधिक लेखा परीक्षक की जिज्ञासाओं और कंपनी कर्मिकों और लेखांकन अभिलेखों की चयनित जांच तक ही मुख्य रूप से सीमित रखा गया है । हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर हमारे ज्ञान में कोई ऐसा महत्वपूर्ण तथ्य सामने नहीं आया है जिससे हम सांविधिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट अथवा कोई अन्य टिप्पणी कर सके।

स्थान – नई दिल्ली
दिनांक 20.07.2015

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से
हस्ताक्षर
(दिनेश भार्गव)
प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा(लेखा वणिज्य)

अनुलग्नक–"घ"

बोर्ड रिपोर्ट में शामिल सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट के लिए प्रारूप

1. कंपनी की सीएसआर नीति, परियोजना का पर्यावलोकन अथवा प्रस्तावित कार्यक्रमों को आयोजित किए जाने की सक्षिप्त रिपोर्ट और सीएसआर नीति और परियोजनाऐं अथवा कार्यक्रमों के संदर्भ में वेबलिंक।

विजनः

समुदाय और हितधारकों के जीवन स्तर की गुणवत्ता को वढ़ाने एवं उन्हें पूरा करने के लिए सामाजिक दायित्वों की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन ।

मिशनः

बड़े स्तर पर सभी हितधारकों और समाज के लिए जिम्मेदार कॉर्पोरेट ईकाई बनाना ।

कंपनी अधिनियम 2013 के लागू होने के साथ, डीएफसीसीआईएल के लिए एक नई सीएसआर नीति बनाई गई जिसका दिनांक 13.11.2014 को निदेशकमंडल की 47वीं बैठक में अनुमोदन किया गया था । वर्ष 2014–15 के दौरान, सीएसआर के अंतर्गत निम्नलिखित योजनाएं शुरू की गई :

(I) परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए स्किल विकास प्रशिक्षण (पीएपी)

(II) स्कूलों में सामान के साथ कंप्यूटरों को उपलब्ध करवाना ।

(III) निर्माण साइटों पर ईको–सेनीटेशन

(IV) स्वच्छ विद्यालय अभियान (स्कूलों में प्रसाधनों की व्यवस्था)

2. सीएसआर समिति का संयोजनः श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक/परिचालन एवं व्यवसाय विकास/डीएफसीसीआईएल – संयोजक, श्री डी.एस.राणा, निदेशक/अवसंरचना/डीएफसीसीआईएल – सदस्य, श्री गिरीश पिल्लई, सलाहकार/अवसंरचना, रेलवे बोर्ड–नामित निदेशक।

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कंपनी का औसत कुल लाभ : रु 28.90 करोड़

4. निर्धारित सीएसआर खर्च(उपरोक्त मद सं.3 की राशि का 02 प्रतिशत): रू.57.80 लाख।

5. वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर खर्च का विवरणः

   (क) वित्तीय वर्ष में कुल खर्च की जाने वाली राशिः रू.57.80 लाख।

   (ख) खर्च नहीं की गई राशि, यदि कोई होः रू.3.94 लाख।

   (ग) वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की राशि का विस्तृत विवरणः

1	2	3	4	5	6	7	8
क्रसं.	सीएसआर परियोजना अथवा की जाने वाली गतिविधियां	परियोजना को शामिल किए जाने वाला सेक्टर	परियोजना अथवा कार्यक्रम अथवा अन्सय 2. राज्य एवं जिला का उल्लेख जहां योजना अथवा कार्यक्रम किया जाना है	योजना में खर्च की जाने वाली राशि (बजट)अथवा कार्यक्रवार (लाख रूपये मे)	योजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर खर्च राशि उप शीर्षः1 योजनाओं पर अथवा कार्यक्रमों :2 पर प्रत्यक्ष खर्च (लाख रूपये में)	रिर्पोटिंग अवधि तक संचयी खर्च	खर्च राशि– प्रत्यक्ष अथवा किसी कार्यान्वयन एजेन्सी के माध्यम से
1	परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को स्किल विकास प्रशिक्षण	रोजगार बढ़ाने के लिए वोकेशनल स्किल्स	(क) चिंचानी, दहानू , एल जे राउत प्राइवेट आई टी आई में दिनांक 12.01.2015 से शुरू 29 अभ्यर्थियों के लिए दो माह का इलेक्ट्रीशियन ट्रेड प्रशिक्षण। (ख) प्रशिक्षणः (20 अभ्यर्थियों के लिए) अभ्यांकर इन्सटीट्यूट, दाहनू फोर्ट के सामने , दहानू–401601 (ग) इन्फ्रोलिंक कंप्यूटर एजूकेशन, वैभव काम्पलेक्स, इरानी रोड, दहानू में 67 अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण। (घ) सेवायोजन अधिकारी पालनपुर एवं बनासकांठा द्वारा बनासंकठा तालूका के अमीरगंढ मे इकबालगढ़ क्षेत्र के निकट परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए स्किल विकास प्रशिक्षण।	14	13.74	13.74	(क) एल.जे.राउत प्राइवेट, आईटीआई चिंचानी, दहानू महाराष्ट्र। (ख) अंभ्यकर इन्सटीट्यूट, दहानू फोर्ट के सामने, दहानू–401601 महाराष्ट्र। (ग) इन्फ्रोलिंक कम्पयूटर एजुकेशन, वैभव काम्पलेक्स, इरानी रोड, दहानू, महाराष्ट्र। (घ) रोजगार अधिकारी, पालनपुर एवं बनासकांठा , राजस्थान (ड़) मेसर्स धमेन्द्र नाथ, सचिव, नई शिक्षा सुधार समिति, 40, वी.एन.मार्ग, हेवट रोड, इलाहाबाद यूपी (च) मेसर्स कार्तिक शिक्षण संस्थान, 127/289, जूही बस डिपो, कानपुर यूपी

1	2	3	4	5	6	7	8
			(घ)पुरूष चमड़ा पर्स बनाने का प्रशिक्षण और मेरठ यूपी में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए सोलर लालटेंन दी गई। (ङ) कानपुर जिला के परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के 04 ग्रामों और इलाहाबाद, कौशाम्बी एवं फतेहपुर यूपी जिले के 06 ग्रामों को कटिंग एवं टेलरिंग और ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।				
2.	स्कूलों में सामान के साथ कम्पयूटरों को उपलब्ध करवाना।	शिक्षा	(क) गोहिलपुरा प्राइमरी स्कूल, ग्रामः नापदवंता, जिला आणंद गुजरात (ख) इंदिरा नगरी प्राइमरी स्कूल, ग्राम, गना, जिला आनंद गुजरात (ग) प्राइमरी स्कूल, लक्ष्मीपुरा(असोदर)ग्राम असोदर जिला आनंद, गुजरात (घ)सरकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, ग्राम–खेड़ी कलां, फरीदाबाद, हरियाणा (ङ) सरकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, ग्राम–फतेहपुर बिल्लोच, फरीदाबाद, हरियाणा (च) सरकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, ग्राम– असावटी, पलवल, हरियाणा (छ) सरकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, ग्राम–प्रिथ्थला, पलवल, हरियाणा।	4.00	3.98	3.98	मुख्य परियोजना प्रबंधक/डीएफसीसीआईए, वडोदरा और नोएडा

1	2	3	4	5	6	7	8
3.	निर्माण साइटों पर पर्यावरण स्वच्छता की व्यवस्था	स्वच्छता	(क)प्राइमरी स्कूल, खेड़ा, ग्राम–उज्जू खेड़ा, जिला, फिरोजाबाद यूपी (ख) गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, गुलाबवाड़ी, अजमेर	10.00	5.00	5.00	मुख्य परियोजना प्रबंधक / डीएफसीसीआईएल टूंडला एवं अजमेर
4.	स्वच्छ विद्यालय अभियान (स्कूलों में प्रसाधनों की व्यवस्था)	स्वच्छता	(क) नवीन पब्लिक स्कूल, गुलाबवाड़ी, अजमेर सिटी (ख) सीनियर गर्ल्स सेकेण्डरी स्कूल, रामगंज, अजमेर सिटी (ग) सीनियर बालिका एवं बालक स्कूल, पालारा, अजमेर सिटी (घ) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, टेनी, जिला फतेहपुर यूपी (ड) जूनियर हाईस्कूल मौहर जिला फतेहपुर यूपी (च) जीएमएस, गुलाब नगर, जिला यमुना नगर, हरियाणा (छ)जीएमएस, खेरगुरना, जिला पटियाला पंजाब (ज) जीएमएस, अर्बन, जिला पटियाला पंजाब (झ)जेडपी स्कूल बूमतेपाड़ा ग्राम–गुडाली, तहसील, पालघर, जिला– थाणे, महाराष्ट्र (त) भिवन्डी एमएनसी–यूआरसी1, बीएनसीएमसीएस, नं. 69, जिला थाणे, महाराष्ट्र।	30.00	31.14	31.14	मुख्य परियोजना प्रबंधक / डीएफसीसीआइएल अजमेर, इलाहबाद, (पश्चिम), अंबाला एवं मुम्बई

- कार्यान्वयन एजेन्सी का विवरण दें ।

6. यदि कंपनी पिछले तीनों वर्षों में अथवा कोई अन्य कारण से कुल औसत लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रहती है तो बोर्ड रिपोर्ट में खर्च न करने के कारणों को कंपनी को उपलब्ध करवाना होगा।

कारणः स्थानीय बाधाओं, व्यस्त निर्माण गतिविधियों, यातायात के लिए सेक्शन को खोलना ओर स्कूल में की जाने वाली गतिविधियों को अंतिम रूप न दिए जाने के कारण दो फील्ड यूनिटो मुगलसराय और जयपुर ने आबंटित राशि का उपयोग नहीं किया। अनुपयोग राशि का इस्तेमाल चालू वित्त वर्ष 2015–16 में किया जाएगा।

7. सीएसआर नीति का कार्यान्वयन एवं मॉनीटरिंग , कपंनी की नीति और सीएसआर गतिविधियों के अनुपालन सीएसआर कमेटी की जिम्मेदारी का विवरण।

ह/–	ह/–	ह/–
(प्रबंध निदेशक)	(अध्यक्ष, सीएसआर समिति)	(अधिनियम की धारा 380 की उपधारा (1) के खंड में वर्णित व्यक्ति) (जो भी लागू हो)

कॉपोरेट शासन रिपोर्ट

अनुलग्नक–"ङ"

1. कार्पोरेट शासन पर कंपनी के दर्शन का संक्षिप्त विवरणः

कंपनी अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को उच्च श्रेणी की पारदर्शिता, जवाबदेही तथा परिचालन और व्यवहारों के सभी क्षेत्रों में समानता के माध्यम से प्राप्त करने में विश्वास रखती है । कॉर्पोरेट शासन सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन प्रणालियों, कानूनों, नियमों विनियमों का अनुपालन और कंपनी को अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मानकों के अनुसरण का अनुप्रयोग है ।

''गति, ईमानदारी और सफलता'' में विश्वास अत्यन्त महत्वपूर्ण है । इसको प्राप्त करने के लिए उत्तरदायित्व, जवाबदेही, कर्तव्यपालन, पारदर्शिता तथा निष्पक्ष प्रकटीकरण मुख्य माध्यम है ।

2. निदेशक मंडल

2.1 निदेशक मंडल की संरचनाः

कंपनी के अंतर्नियम के अनुच्छेद 80 के संबंध में, भारत के राष्ट्रपति ने लिखित में निर्धारित किया है कि डीएफसीसीआईएल के निदेशक मंडल में कुल 12 निदेशक होंगे। भारत के राष्ट्रपति ने दिः 04.05.2010 के पत्र सं. 2008/इंफ्रा/6/1 द्वारा डीएफसीसीआईएल के निदेशक मंडल की संरचना निम्न प्रकार अनुमोदित की गई हैः–

- अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड (सी आर बी)
- प्रबंध निदेशक सहित पांच पूर्णकालिक क्रियाशील निदेशक
- रेल मंत्रालय द्वारा नामित एक
- योजना आयोग द्वारा नामित एक
- आवश्यकता के अनुसार वित्तीय संस्था से एक निदेशक सहित चार स्वतंत्र गैर सरकारी निदेशक

2.2 बोर्ड की संख्या

रिपोर्ट के समय कंपनी के निदेशक मंडल की कुल मौजूद संख्या सात है जिसमें पांच पूर्णकालिक निदेशक, एक अंशकालिक अध्यक्ष, रेल मंत्रालय से एक अंशकालिक सरकारी निदेशक । योजना आयोग (नीति आयोग) से नामित कोई नहीं है ओर औपचारिक आदेश की प्रतीक्षा है । वित्तीय संस्थान के लिए आरक्षित एक पद सहित चार स्वतंत्र निदेशकों की स्थिति में एक पद रिक्त है । कंपनी के अंतर्नियम के अनुच्छेद 81 (1) के संबंध में, भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार है कि वे कंपनी के निदेशकों को नियुक्त कर सकते हैं।

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित निदेशकों ने बोर्ड को ज्वाइन किया ।

1. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2010/ई/(ओ)II/40/25 दिनांक 20.03.2014 द्वारा प्रतिनियुक्त के आधार श्री आर.के.गुप्ता, प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल की महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे के रूप में नियुक्ति के पश्चात्, यह निर्देशित किया गया है कि श्री आर.के.गुप्ता, प्रबंध निदेशक /डीएफसीसीआईएल के पद पर अग्रिम आदेशों तक कार्य करते रहेंगे ।

2. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2010/ई/(ओ)II/40/25 दिनांक 28.07.2014 द्वारा प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के पद का अतिरिक्त कार्यभार श्री अंशुमान शर्मा, निदेशक/पीपी को उनके कार्य के साथ उनके कार्यभार ग्रहण करने और पीईएसबी से नियमित आधार पर प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के पद को भरने तक अथवा अगले आदेशों, जो भी पहले हो, सौंपा गया है । उन्होंने प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के पद पर दिनांक 28.07.2015 (अपरान्ह) कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

3. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2010/ई/(ओ)II/40/9 दिनांक 14.10.2014 द्वारा सक्षम अधिकारी ने श्री आदेश शर्मा, आईआरएसई, सीएओ, दक्षिण पश्चिम रेलवे को प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के रूप में तत्काल समावेशन के आधार पर पांच वर्ष के लिए नियुक्ति का अनुमोदन प्रदान किया है । उन्होंने प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल के पद पर दिनांक 20.10.2014 (पूर्वान्ह) में कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

4. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2010/ई/(ओ)II/40/4 दिनांक 27.10.2014 द्वारा सक्षम अधिकारी ने श्री डी.एस.राणा, मुख्य परियोजना प्रबंधक/डीएफसीसीआईएल को निदेशक/अवसंरचना डीएफसीसीआईएल के रूप में तत्काल समावेशन के आधार पर पांच वर्ष के लिए नियुक्ति का अनुमोदन प्रदान किया है । उन्होंने निदेशक/अवसंरचना डीएफसीसीआईएल के पद पर दिनांक 27.10.2014 (पूर्वान्ह) में कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

5. रेलवे बोर्ड के पत्र सं.2009/इन्फ्रा/6/2 दिनांक 03.02.2015 के द्वारा भारत के राष्ट्रपति ने श्री ए.के.मित्तल, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड को तत्काल प्रभाव से डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री अरूनेन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के स्थान पर अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के पद पर बने रहने तक या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, नियुक्त किया है ।

वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित निर्देशकों का कार्यभार समाप्त हो गया है :

क. रेलवे बोर्ड के दिनांक 08.01.2014 के पत्र सं. 2013/इन्फ्रा/6/29 के अनुसार श्री भास्कर गुप्ता, स्वतंत्र निदेशक के तीन माह दिनांक 07.04.2014 बढ़ाया गया कार्यकाल समाप्त हो गया है ।

ख. रेलवे बोर्ड के दिनांक 28.07.2014 के पत्र सं. 2010/ई(ओ)II/40/25 के अनुसार श्री आर.के.गुप्ता, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे का प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल का अतिरिक्त कार्यभार दिनांक 28.07.2014 (अपरान्ह) समाप्त हो गया है।

ग. श्री अंशुमान शर्मा, निदेशक/पीपी का प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त कार्यभार दिनांक 20.10.2014 को समाप्त हो गया है।

घ. श्री अंशुमान शर्मा, निदेशक/ परियोजना नियोजन का 27.10.2014 को प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार समाप्त हो गया है।

ङ. श्री अरूनेन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड का अंशकालिक अध्यक्ष, डीएफसीसीआईएल का पदभार दिनांक 03.02.2015 को समाप्त हो गया है।

वित्त वर्ष 2014–2015 के समाप्त होने के बाद निम्नलिखित निदेशक का कार्यभार समाप्त हो गया है:–

क. रेलवे बोर्ड ने अपने दिनांक 24.04.2012 के पत्र सं.2008/इन्फ्रा/6/1 के अनुसार श्री आर.एस.शर्मा, स्वतंत्र निदेशक का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 24.04.2015 को समाप्त हो गया है।

वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान डीएफसीसीआईएल की बोर्ड की संरचना में उनके द्वारा लिया गया निदेशक पद तथा गत वार्षिक आम बैठक के दौरान बोर्ड बैठकों में उनकी उपस्थिति निम्न प्रकार है।

क्र. सं	निदेशकों की श्रेणी	निदेशकों के नाम / नियुक्ति की तारीख	डीएफसीसीआईएल सहित सरकारी कंपनी में निदेशक / अध्यक्ष के रूप में कुल पद, निजी कंपनियों को छोड़कर 1 और 5	डीएफसीसीआईएल सहित सरकारी कंपनी में समिति की सदस्यता / अध्यक्षत के रूप में कुल पद, निजी कंपनियों को छोड़कर (4 और 5)	2014–15 में (अपने कार्यकाल के दौरान) आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या	बोर्ड बैठको मे उपस्थिति की संख्या (अपने कार्यकल के दौरान)	पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति
(i) अध्यक्ष (अंशकालिक सरकारी)							
1	अध्यक्ष रेलवे बोर्ड	श्री ए.के.मित्तल **(डीआईएन–07124281)** (03.02.2015 से कार्यभार संभाला)	अध्यक्ष के रूप में–1	कोई नहीं	1	1	लागू नही
2	अध्यक्ष रेलवे बोर्ड (03.02.2015 तक संभाला)	श्री अरूनेन्द्र कुमार **(डीआईएन–06643537)**(05.07.2013 से कार्यभार संभाला)	अध्यक्ष के रूप में–1	कोई नहीं	3	3	हां
(ii) पूर्णकालिक निदेशक							
1 (क)	प्रबंध निदेशक (28.07.2014 अपरान्त तक कार्यभार देखा)	श्री आर.के. गुप्ता **(डीआईएन 03525313)** (10.05.2011 से कार्यभार संभाला)और दिनांक 20.3.14 से अतिरिक्त कार्य देख रहे हैं ।	1	कोई नहीं	1	1	लागू नही
1 (ख)	अतिरिक्त कार्यभार प्रबंध निदेशक (20.10.2014 अपरान्ह) तक संभाला।	श्री अंशुमान शर्मा **(डीआईएन–03500815)** दिनांक 28.07.2015 तक कार्यभार संभाला।	1	कोई नहीं	1	1	हाँ
1 (ग)	प्रबंध निदेशक	श्री आदेश शर्मा **(डीआईएन–07022393)** दिनांक 20.10.2014 से कार्यभार संभाला।	1	कोई नहीं	2	2	लागू नहीं

2	निदेशक (परियोजना नियोजन)	श्री अंशुमान शर्मा **(डीआईएन– 03500815)** दिनांक 05.04.2011 से कार्यभार संभाला।	1	कोई नहीं	4	4	हाँ
3	निदेशक(परिचालन एवं व्यवसाय विकास)	श्री एच.डी.गुजराती **(डीआईएन– 01393052)** दिनांक 29.11.2012. से कार्यभार संभाला	1	कोई नहीं	4	4	हां
4	निदेशक (वित्त)	श्री एम.के.मित्तल **(डीआईएन– 02889021)** (16.09.2013 से कार्यभार संभाला)	1	लेखा परीक्षक समिति (सदस्य)–1	4	4	हां
5	निदेशक(अवसरंचना) का कार्यभार संभाला दिनांक 27.10.2014 (अपरान्ह तक)	श्री अंशुमान शर्मा **(डीआईएन– 03500815)** (11.03.2014 से कार्यभार संभाला।)	कोई नहीं	कोई नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
6	निदेशक (अवसंरचना)	श्री डी.एस.राणा **(डीआईएन– 07022825)** दिनांक 27.10.2014 (अपरान्ह से कार्यभार संभाला।)	1	कोई नहीं	4	2 (ओएसडी, प.कोरीडोर) एवं निदेशक/अवसंरचना के रूप में	हां (ओएसडी/ पश्चिम कोरीडोर)
(iii) निदेशक (अंशकालिक अधिकारिक)							
1.	सलाहकार (अवसंरचना)/रेलवे बोर्ड	श्री गिरीश पिल्लई **(डीआईएन– 00382088)** (14.11.2012 से कार्यभार संभाला)	1	लेखा परीक्षा समिति (अध्यक्ष)–1	4	4	हां (एक शेयर धारक के रूप में)
2.	योजना आयोग के उपसभापति के सलाहकार	श्री गजेंद्र हल्दिया **(डीआईएन– 02197994)** (02.05.2008 से कार्यभार संभाला)	1	कोई नहीं	4	0	नहीं

(iv) स्वतंत्र निदेशक (अंशकालिक गैर सरकारी)							
1.	अंशकालिक गैर सरकारी 07.04.2014 तक कार्यभार संभाला।	प्रोफेसर भास्कर गुप्ता (23.11.2010 से कार्यभार संभाला) **(डीआईएन– 03391044)**	1	लेखा परीक्षा समिति (अध्यक्ष)–1	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	अंशकालिक गैर सरकारी दिनांक 24.04.2015 तक कार्यभारत संभाला	श्री आर.एस. शर्मा (25.04.2012 से कार्यभार संभाला) **(डीआईएन– 00013208)**	3	लेखा परीक्षा समिति (सदस्य)–2	4	3	नहीं

नोटः

1. निदेशकों द्वारा निदेशक का पद तथा कमेटियों में सदस्यता उन सीमाओं के भीतर है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 165 के अंतर्गत निर्धारित की गई है। सार्वजनिक कंपनियों की गणना के लिए जहां एक व्यक्ति निदेशक, प्राईवेट कंपनी में निदेशक पद या तो होल्ड करता है अथवा कंपनी की सहायक कंपनी इसमें शामिल होती है ।
2. ''अंशकालिक अधिकारी'' उन निदेशकों के विषय में कहा गया है जिन्हें सरकार ने डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में मनोनीत किया है और जो रेल मंत्रालय तथा योजना आयोग(अब नीति आयोग) के अधिकारी है।
3. ''अंशकालिक गैर सरकारी'' शब्द का अर्थ है स्वतंत्र निदेशक।
4. समितियां जिन पर एक निदेशक सेवा कर सकता है, की सीमा पर विचार के उद्देश्य के लिए सभी सार्वजनिक कंपनियां चाहे वे सूचीबद्ध हों या न हों, में शामिल किया गया है।
5. अध्यक्ष/सदस्यता के लिए सीमा की पहचान के उद्देश्य के लिए लेखा परीक्षा समिति और हितधारक शिकायत समिति को केवल लिया गया है।
6. ''लागू नहीं'' का अर्थ है कि या तो इन निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के बाद निदेशक का पद संभाला हो या संबंधित प्राचल में इनके कार्यालय के दौरान कमी न आई हो।

वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान, निदेशक मंडल व्यापार हेतु चार बार मिले । डीएफसीसीआईएल के निदेशक मंडल की आयोजित बैठकों की तिथियां निम्नानुसार है :

क्रमांक	तिमाही	तारीखें
1.	जून, 2014 को समाप्त तिमाही के लिए	13.06.2014
2.	सितंबर, 2014 को समाप्त तिमाही के लिए	29.08.2014
3.	दिसंबर, 2014 को समाप्त तिमाही के लिए	13.11.2014
4.	मार्च, 2015 को समाप्त तिमाही के लिए	12.02.2015

वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान नियुक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरणः

i) श्री आदेश शर्मा / प्रबंध निदेशक, डीएफसीसीआईएल, 20.10.2014 से

श्री आदेश शर्मा, ने डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के पद पर दिनांक 20.10.2014 को कार्यभार ग्रहण किया। श्री शर्मा एन.आई.टी.इलाहाबाद से सिविल इंजीनियिरी में गोल्ड मेडलिस्ट हैं, वह भारतीय रेलवे इंजीनियरी सेवा के 1979 बैच के अधिकारी हैं।

डीएफसीसीआईएल में प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह दक्षिण पश्चिम रेलवे बैंगलोर में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण के पद पर कार्य कर रहे थे। इन्हें रेल परिवाहन के निर्माण और सिविल इंजीनियरिंग का विशाल अनुभव है। इन्होंने मंडल जोनल एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर विभिन्न क्षमताओं में जैसे मंडल रेल प्रबंधक / हुबली, मुख्य इंजीनियर / निर्माण, कार्यपालक निदेशक / सतर्कता, रेलवे बोर्ड और भारतीय रेलवे सिविल इंजीनियरी संस्थान पुणे में प्रोफेसर के पद पर कार्य किया है।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, दक्षिण पश्चिम रेलवे के पद पर कार्य करते हुए दो वर्षों तक 2012–2013 और 2013–2014 में लगातार क्रमशः 240 किमी.नई लाइन को चालू करने के लिए 25 प्रतिशत लक्ष्य के श्रेष्ठ निष्पादन, गेज परिवर्तन और दोहरीकरण के कार्यों के लिए रेल मंत्री कार्य कुशलता शील्ड से सम्मानित किया गया । मंडल रेल प्रबंधक / हुबली के कार्यकाल 2008–2010 के दौरान 36 मिलियन टन लदान के श्रेष्ठ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे के लिए संपूर्ण दक्षता शील्ड सहित 07 शील्डें प्राप्त की।

ii) श्री डी.एस.राणा, निदेशक (संरचना) डीएफसीसीआइएल, 27.10.2014 से

श्री डी.एस.राणा, निदेशक(अवसंरचना) डीएफसीसीआईएल, के पद दिनांक 27.10.2014 से कार्य कर रहे हैं ।श्री राणा सिविल इंजीनियर के साथ परियोजना प्रबंधक में स्नातकोत्तर हैं और भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं । उन्होंने विभिन्न क्षमताओं निर्माण, प्रापण एवं मध्य रेलवे की सतर्कता विंग में कार्य किया हैं । कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह डीएफसीसीआईएल जयपुर में मुख्य परियोजना प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहे थे ।

श्री राणा, डीएफसीसीआईएल के स्थापना चरण से साथ हैं और रेलवे के प्रथम अधिकारी हैं जिन्होंने प्रतिष्ठित रेलवे सेवा छोड़कर स्थायी समावेशन के आधार पर कंपनी को ज्वाइन किया है । प्रसंगवश वह डीएफसीसीआईएल के बोर्ड के प्रथम आंतरिक अधिकारी भी हैं ।

मुख्य परियोजना प्रबंधक, मुम्बई के रूप में कार्य करते हुए, श्री राणा ने नीतिगत कार्य जैसे परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए आरआरपी एवं मुआवजा मैट्रिक, मुम्बई की उच्च शहरी क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण को सुनिश्चित कर विभिन्न कार्य किए । उन्हें महाराष्ट्र में बड़ी संख्या सांविधिक पर्यावरणीय क्लीयरेंश प्राप्त करने का श्रेय भी जाता है जो कि जायका के साझेदारी में पश्चिमी कोरीडोर के चरण–2 वित्तीय समाप्ति को समय से कराने का नेतृत्व किया । श्री राणा द्वारा पर्यावरणीय एवं सामाजिक मुद्दों पर लिखे गए आलेख को परियोजना प्रबंधकों के लिए हेंड बुक के रूप में प्रयोग करने के लिए विभिन्न अवसंरचना मंत्रालयों एवं पीएसयू को व्यापक रूप से परिपत्रित किया गया ।

iii) श्री अशोक कुमार मित्तल, अध्यक्ष, / डीएफसीसीआईएल, दिनांक 03.02.2015 से

श्री अशोक कुमार मित्तल, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन सचिव के रूप में दिनांक 01 जनवरी, 2015 को कार्यभार ग्रहण किया । इससे पूर्व वह सदस्य कार्मिक और भारत सरकार के पदेन सचिव के रूप में रेलवे बोर्ड में कार्य कर रहे थे। 07 जुलाई 1956 को जन्में श्री मित्तल इंजीनियरिंग में स्नातक (आनर्स) हैं।

भारतीय रेल भंडार सेवा(आईआरएसएस) के 1976 बैच के अधिकारी श्री ए.के.मित्तल ने भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड में निदेशक/भंडार, कार्यपालक निदेशक/सतर्कता और कार्यपालक निदेशक/भंडार के पद पर कार्य किया है। उन्होंने मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे के पद पर भी कार्य किया है। वह पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक और दक्षिण मध्य रेलवे सिकन्द्राबाद और डीजल लोकोमोटिव वर्क्स वाराणसी में भंडार नियंत्रक के पद पर रहे हैं । रेलवे बोर्ड में ज्वाइन से पहले सदस्य, कार्मिक, महाप्रबंधक, दक्षिण पश्चिम रेलवे हुबली के पद पर थे। उन्होंने तीन बड़ी रेलवे दक्षिण रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे में अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला है।

6. लेखा परीक्षा समिति

लेखा परीक्षा समिति का संयोजन

निर्देशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति 14.03.2008 को गठित की गई है और समय समय पर पुर्नगठित की जाती है। वर्तमान में लेखा समिति की संरचना निम्नानुसार है:

क्रसं.	सदस्य	पद	समिति की सदस्यता ग्रहण करने की तिथि
1.	श्री गिरीश पिल्लई सरकार द्वारा नामित	सदस्य	15.01.2013
2.	श्री एम.के.मित्तल निदेशक/वित्त	सदस्य	13.06.2014
3.	श्री अंशुमान शर्मा निदेशक/परियोजना नियोजन	सदस्य	28.04.2015

दिनांक 14.03.2008 को आयोजित बैठक में बोर्ड द्वारा निर्धारित संदर्भ में कार्य किया जाएगा जो हैं:

- आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के बारे में आवधिक रूप से लेखा परीक्षकों के साथ विचार–विमर्श।
- लेखा परीक्षकों के अवलोकन समित लेखा परीक्षा के कार्य क्षेत्र के बारे में विचार–विमर्श तथा निर्णय।
- बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व अर्द्ध वार्षिक तथा वार्षिक वित्तीय विवरण की समीक्षा तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित करना।
- लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित वित्तीय प्रबंधन से संबंधित किसी भी मामले में जांच पड़ताल।
- निदेशक मंडल द्वारा किसी अन्य मामले को लेखा परीक्षा समिति की जानकारी में लाना।
- आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त करना तथा देय परिलब्धियों सहित नियुक्ति की शर्तों को तय करना। (16.06.2009 को आयोजित बोर्ड की 12वीं बैठक मं मद सं.4 में जोड़ा गया)

दिनांक 25.06.2010 को पुर्नगठित लेखा परीक्षा समिति के संदर्भ में।
लेखा परीक्षा समिति में शामिल निम्नलिखित की भूमिका होगी।

1. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का निरीक्षण तथा इसकी वित्तीय सूचना का प्रकटन ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त तथा विश्वसनीय है।
2. लेखा परीक्षा शुल्क के निर्धारण के बारे में बोर्ड को सिफारिशें।
3. सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रदान की गई किसी अन्य सेवा के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान का अनुमोदन।

4. अनुमोदन हेतु बोर्ड के प्रस्तुत करने से पूर्व वार्षिक वित्तीय विवरण की प्रबंधन के साथ समीक्षा।

5. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 के खंड (2एए) के संदर्भ में बोर्ड की रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले निदेशक की जिम्मेदारी के विवरण के अपेक्षित मुद्दे;

   - यदि लेखा तथा कार्यप्रणाली में कोई परिवर्तन है तो इसके लिए कारण दें;
   - प्रबंधन द्वारा निर्णय के आधार पर प्राक्कलन सहित प्रमुख लेखा प्रविष्टियां;
   - लेखा परीक्षा जांच परिणामों में पाए गए वित्तीय विवरणों को उचित समायोजन;
   - वित्तीय विवरणों से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन;
   - किसी संबंधित पार्टी के लेन–देन का प्रकटन; तथा
   - लेखा परीक्षा रिपोर्ट के प्रारूप में शर्तें।

6. अनुमोदन के लिए बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व तिमाही वित्तीय विवरण की प्रबंधन के साथ समीक्षा।

7. प्रबंधन के साथ आंतरिक लेखा परीक्षा तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्त समीक्षा।

8. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, विभाग के शीर्ष अधिकारियों की स्टाफिंग तथा वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना तथा आंतरिक लेखापरीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रिया की पर्याप्त समीक्षा, यदि कोई हो तो।

9. किसी विशेष जांच पड़ताल के लिए आंतरिक लेखापरिक्षकों तथा/या लेखापरीक्षकों के साथ विचार–विमर्श तथा उसका अनुपालन।

10. ऐसे मामलों की जहां धोखाधड़ी या अनियमित्ता या सामग्री के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता की संभावना की आंतरिक जांच आंतरिक लेखापरीक्षकों/एजेंसी द्वारा की जाएगी तथा निष्कर्ष की समीक्षा और मामले के बारे में बोर्ड को सूचित करना।

11. लेखा परीक्षा प्रारंभ करने से पूर्व लेखापरीक्षा की प्रकृति तथा क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखापरीक्षा के साथ विचार–विमर्श तथा साथ ही साथ किसी संबंधित क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखा परीक्षा उपरांत विचार–विमर्श।

12. जमाकर्ता, ऋणपत्र धारकों, अंशधारकों (घोषित लाभांश के गैर भुगतान के मामले में) तथा क्रेडिटरों को भुगतान में वास्तविक चूककर्ताओं के लिए कारण का पता लगाना।

13. व्हीसल ब्लोअर(मुखविर) मकेनिज्म की कार्यप्रणाली की समीक्षा।

14. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा टिप्पणी पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।

15. संसद की सार्वजनिक उपक्रम (सीओपीयू) की समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा।

16. स्वतंत्र लेखापरीक्षक, आंतरिक लेखापरीक्षक तथा निदेशक मंडल के बीच संवाद का मार्ग प्रशस्त करना।

17. कंपनी में पार्टी से संबंधित सभी लेन–देन की समीक्षा। इस उद्देश्य के लिए लेखापरीक्षा समिति एक सदस्य को नामित कर सकती है जो पार्टी संबंधी लेन देन की समीक्षा के लिए जिम्मेदार होगी।

व्याख्याः– ''संबंधित पार्टी लेन–देन'' कथन का वही अर्थ है जोकि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा मानक 18 में निहित है।

18. लेखापरीक्षा प्रयासों के समन्वय की स्वतंत्र लेखा परीक्षा के साथ समीक्षा ताकि कवरेज की पूर्णता, अत्यधिक प्रयासों की कमी तथा सभी लेखापरीक्षा स्रोतों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करना।

19. स्वतंत्र लेखापरीक्षक तथा प्रबंधन के साथ निम्न पर विचार एवं समीक्षाः

   - कंप्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण तथा सुरक्षा सहित आंतरिक नियंत्रण की उपयुक्तता, और
   - प्रबंधन के प्रत्युतर के साथ स्वतंत्र लेखा परीक्षक की जांच पड़ताल तथा सिफारिशों से संबंध।

20. निम्न का प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षक तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षक के साथ विचार विमर्श तथा समीक्षा।

- पूर्व लेखा परीक्षा की सिफारिशों की स्थिति सहित वर्ष के दौरान के वास्तविक निष्कर्ष।
- लेखापरीक्षा कार्य के दौरान आई कोई दिक्कत तथा गतिविधियों के कार्यक्षेत्र पर कोई प्रतिबंध या अपेक्षित सूचना की प्राप्ति।

21. कोई अन्य कार्य करना जैसा कि लेखापरीक्षा के विचारार्थ विषय में उल्लिखित है।

दिनांक 07.08.2012 को पुनर्गठित लेखा परीक्षा समिति के लिए अतिरिक्त विचारार्थ विषय और जारी रखा जा रहा है:

कॉर्पोरेट संचालन पर डीपीई के दिशा निर्देश का अध्याय–4 लेखा परीक्षा समिति के साथ व्यवहार करता है। अध्याय का खंड 4.5 में अपेक्षित है कि निम्नलिखित सूचना की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की जाएगी।

क) प्रबंध विचार विमर्श और वित्तीय स्थितियों का विश्लेषण तथा आपरेशंस का परिणाम

ख) प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किए गए पार्टी ट्रांजैक्शन से संबंधित विवरण

ग) सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रबंध पत्र/आंतरिक नियंत्रण निर्बलता

घ) आंतरिक नियंत्रण निर्बलता से संबंधित सांविधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

ङ) लेखा परीक्षा समिति से पूर्व मुख्य लेखा परीक्षक की नियुक्ति या निष्कासन और

च) मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाणन/घोषणा

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177(4)के अतिरिक्त संदर्भ में लेखा परीक्षा समिति:

1. अन्य बातों के साथ–साथ प्रत्येक लेखा परीक्षा समिति बोर्ड द्वारा लिखित विशिष्ट संदर्भ के अनुसार कार्य करेगी जिसमें सम्मिलित है–

(i) कंपनी के लेखा परीक्षक की नियुक्ति की शर्तें और परिलब्धियां, नियुक्ति के लिए सिफारिश;

(ii) लेखा परीक्षकों की स्वतंत्र और निष्पादन, और लेखा परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए रिव्यू और मानीटर करना ;

(iii) लेखा परीक्षक रिपोर्ट ओर वित्तीय विवरण की जांच;

(iv) संबंधित पार्टीयों के साथ कंपनी के लेनदेन बाद में किसी भी संशोधन अथवा अनुमोदन;

(v) आंतरिक कॉर्पोरेट ऋणों और व्ययों की जांच

(vi) जहां भी आवश्यक हो अंडरटेकिंग अथवा कंपनी की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन;

(vii) जोखिम प्रबंधन प्रणालीयों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का मूल्यांकन;

(viii) पब्लिक ऑफर ओर संबंधित मदों के माध्यम से उत्पन्न फंड का उपयोग और मॉनीटरिंग;

(ix) तंत्र की निगरानी और जो लेखा परीक्षा समिति निदेशक और कर्मचारी जिनके विरूद्व जुल्म हुए हैं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना और यदि किसी कर्मचारी अथवा निदेशक द्वारा बार बार तुच्छ शिकायतों के मामलें में,लेखा परीक्षा समिति संबंधित निदेशक अथवा कर्मचारी के विरूद्व फटकर सहित उचित कार्यवाही कर सकती है ।

लेखा परीक्षा समिति की शक्तियां :

पर्याप्त शक्तियों के साथ निदेशक मंडल द्वारा अपनी भूमिका के अनुरूप लेखा परीक्षा समिति को निवेश किया जाना चाहिए जिनमें निम्नलिखित को शामिल किया जाना चाहिए:

(i) अपनी शर्तों के संदर्भ में किसी भी गतिविधि की जांच।

(ii) किसी कर्मचारी की किसी भी रूप में सूचना की तलाश।

(iii) निदेशक मंडल के अनुमोदन के अधीन बाहर से कानूनी अथवा प्रोफेशनल परामर्श लेना।

(iv) यदि आवश्यक हो, संबंधित विशेषज्ञों के साथ बाहरी लोगों की उपस्थिति को सुरक्षित करना।

(v) मुखविर की सुरक्षा करना।

(vi) आंतरिक कन्ट्रोल प्रणाली के बारे में लेखा परीक्षक की टिप्पणीयों को लेखा परीक्षा समिति कॉल कर सकती है , लेखा परीक्षा का क्षेत्र, लेखा परीक्षकों की टिप्पणीयों और बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व वित्तीय विवरण की जांच और अन्य कोई मुद्दों को आंतरिक और संविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के प्रबंधन पर चर्चा कर सकती हैं।

(vii) लेखा परीक्षा समिति के निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी शक्तियां।

(viii) कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 177 की उप धारा (4)में वर्णित मदों से संबंधित किसी भी मामलें अथवा बोर्ड द्वारा भेजे गए मामलों की लेखा परीक्षा समिति जांच करने के लिए प्राधिकारी होगी और इस उद्देश्य के लिए उसे बाहरी स्रोतों से पेशेवर परामर्श प्राप्त करने की शक्ति होगी और उसे कंपनी के रिकार्ड में वार्णित सूचना को उपयोग करने का पूरा अधिकार होगा ।

समीक्षावधि के दौरान समिति में निम्न तिथियों को 5 बार बैठक की–10.06.2014, 18.07.2014, 29.08.2014, 13.11.2014 एवं 12.02.2015

वर्ष 2014–15 के दौरान समिति के सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार हैः–

सदस्य	पद	आयोजित बैठकें**	बैठकों में उपस्थिति***
श्री एम के मित्तल	सदस्य	5	5
श्री आर.एस. शर्मा	सदस्य	5	4
श्री गिरीश पिल्लई	सदस्य	5	5

** ''आयोजित बैठकें'' दर्शाती है कि समिति के सदस्यों की अवधि के दौरान बैठकों की संख्या।

** ''बैठकों में उपस्थिति'' दर्शाती है कि अपने कार्यकाल के दौरान सदस्यों ने कितनी बैठकों में भाग लिया।

4. पारिश्रमिक समिति

I) कॉर्पोरेट शासन पर डीपीई दिशा निर्देश के अध्याय 5 के संदर्भ में, बोर्ड की पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया गया। बोर्ड की पारिश्रमिक समिति में श्री गिरीश पिल्लई, नामित निदेशक, अध्यक्ष, श्री एम.के.मित्तल, अध्यक्ष और श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक/परिचालन एवं व्यवसाय विकास इसके सदस्य है, को शामिल किया गया है। पारिश्रमिक समिति निर्धारित सीमा के अंदर वार्षिक बोनस/चल वेतन पूल तथा नीति का निर्णय करेगी ताकि इसे कार्यपालकों तथा गैर यूनियनाइज्ड पर्यवेक्षकों में वितरित किया जा सके। समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक करेंगे।

ii) **निदेशकों की पारिश्रमिक**

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत डीएफसीसीआईएल पूर्णतः सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी है, कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति रेल मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इस प्रकार नियुक्त क्रियाशील निदेशक सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान के औद्योगिक महंगाई भत्ते (आईडीए) नमूने के अंतर्गत तथा समय–समय पर भारत सरकार द्वारा जारी निबंधन व शर्तों के अनुरूप मेहनताना लेते है। आई डी ए वेतनमान (2007) और भत्तों का बास्केट डीएफसीसीआईएल में कार्यान्वित है।

कंपनी बोर्ड के अंशकालिक सरकारी (सरकार द्वारा नामित) निदेशक कंपनी से कोई पारिश्रमिक नहीं लेते हैं। वे सरकार से केवल सरकारी अधिकारी के रूप में पारिश्रमिक लेते है। अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र) वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड की बैठकों में उपस्थित होने के लिए फीस लेते है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों को किए गए भुगतान का विवरण नीचे दिया गया है ।

क्र.सं.	निदेशक का नाम	बोर्ड/उप समिति की बैठक में उपस्थिति की संख्या*	फीस (रुपयो में)
1	श्री आर.एस. शर्मा	3(बीएम) 4(एसी) 1(सीएसआर)	1,80,000

*इसमें बोर्ड/उप समिति की बैठकों (लेखा परीक्षा समिति की बैठके (एसी) और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआर) की संख्या शामिल है । इसमें वर्ष 2013–14 के लिए सिटिंग फीस रू.20,000 शमिल है ।

वर्ष 2014–15 के लिए पूर्णकालिक निदेशकों की पारिश्रमिक पैकज का प्रकटीकरण:

क्र.सं	निदेशक का नाम	वेतन एवं भत्ते (रुपये में)	अन्य लाभ एवं पर्क्स (रुपये में)	निष्पादन संबंधी प्रोत्साहन (रुपये में)	कुल (रुपये में)
1	श्री आर.के. गुप्ता (प्रबंध निदेशक)	31,000.00	—	—	31,000.00
2	श्री आदेश शर्मा (प्रबंध निदेशक)	14,26,876.00	—	—	14,26,876.00
3	श्री एच.डी.गुजराती निदेशक(परि.एवं.व्य. विकास)	28,01,476.00	1,99,209.00	—	30,00,685.00
4	श्री डी.एस.राणा निदेशक(अवसंरचना)	20,95,301.00	2,85,154.00	—	23,80,455.00
5	श्री अंशुमान शर्मा निदेशक(पीपी)	27,40,919.00	1,43,047.00	—	28,83,966.00
6.	श्री एम.के.मित्तल निदेशक (वित्त)	25,03,289.50	2,00,930.00	—	27,04,219.50
	कुल योग	**1,15,98,861.50**	**8,28,340.00**	—	**1,24,27,201.50**

टिप्पणी:

1. अन्य लाभों में लीज किराया, चिकित्सा प्रतिपूति, विदेश सेवा योगदान, नियोक्ता द्वारा दिए जाने वाले अनुलब्धिया ,भविष्य निधि का योगदान शामिल है ।

5. सामान्य बैठकें

वार्षिक आम बैठक

कंपनी की वार्षिक आम बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई, जहां कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है। पिछले तीन वर्षों के दौरान हुई ऐसी बैठकों का विवरण नीचे है:

वार्षिक आम बैठक	वर्ष	स्थान	तारीख	समय
षष्टम	2011–2012	कॉर्पोरेट आफिस – बोर्ड रूम, 5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110001	26.09.2012	15.30 बजे सांय
सातवीं	2012–2013	कमेटी रूम, द्वितीय तल, रेल भवन, रायसीना रोड नई दिल्ली–110001	27.09.2013	12.30 बजे सांय
अष्टम	2013–2014	कमेटी रूम, द्वितीय तल, रेल भवन, रायसीना रोड नई दिल्ली–110001	19.09.2014	16.00 बजे

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में पास किए गए विशेष संकल्पों का विवरण

वार्षिक आम बैठक	वर्ष	स्थान	तारीख	समय
षष्टम	2011–12	कोई नही	26.09.2012	15.30 बजे दोपहर
सातवीं	2012–2013	कोई नहीं	27.09.2013	12.30 बजे दोपहर
अष्टम	2013–2014	धारा 180(1)(सी)में निर्धारित सीमा से अधिक राशि के ऋण की शक्ति	19.09.2014	16.00 बजे

6. प्रकटन

क. वित्तीय विवरणों को नोट सं.28 में प्रकट किए गए प्रमुख प्रबंधन व्यक्तियों के अलावा कंपनी को भौतिक रूप से किसी पार्टी से लेन–देन में नही किया गया है।

ख' कंपनी पर नियमों के तहत् गैर–अनुपालन के लिए किसी सांविधिक प्राधिकार द्वारा कोई दंड नहीं लगाया गया है।

ग. कंपनी ने सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी कॉर्पोरेट शासन के दिशा निर्देशों का अनुपालन किया है। दिशा निर्देशों के अनुरूप डीएफसीसीआईएल ने अपने बोर्ड के सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के लिए व्यवसाय आचार संहिता एवं नीति शास्त्र विकसित किया है और वर्ष 2014–2015 के लिए निदेशक रिपोर्ट में कॉर्पोरेट शासन तथा प्रबंध विचार विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट भी शामिल की है।

घ. परियोजना निष्पादन डीएफसीसीआईएल को सौंपने के उद्देश्य से व्यय के सभी मदों को डीएफसीसीआईएल के लेखा में नामे किया गया है और वह परियोजना निष्पादन से संबंधित है।

ड. निदेशक मंडल के लिए कोई व्यक्तिगत व्यय नहीं किया गया।

च. प्रतिशत के रूप में प्रशासनिक व्यय का कुल व्यय जो वर्ष 2013–2014 में 5.24 प्रतिशत था वर्ष 2014–2015 में घटकर 4.14 प्रतिशत हो गया है।

7. कॉर्पोरेट संचारः

जनता की उम्मीदों के विकास के लोकतंत्रीकरण को बढानें के लिए भागीदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए। इस परिदृश्य में, अवसंरचना परियोजना में संचार की भूमिका काफी बढ़ गई है । इस तरह की मेगापरियोजनाओं के कार्यान्वयन की सफलता संगठन और हितधारकों के साथ निहित होती है। परियोजनाओं के लाभों और राजनीति जोखिम ओरा सामाजिक और सभी हितधारकों के बीच संचार की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बड़ी अवसरंचना परियोजनाओं के प्रबंधन और विकास के लिए गए निर्णयों में भी संचार सहायता करता है। यह परियोजनाएं काफी संवेदनशील हैं और इनमें राजनीति, समाजिक, पर्यावरणीय और अन्य चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेष ध्यान की जरूरत होती है, परियोजना के कार्यान्वयन और सफल निष्पादन आवश्यक होते हैं।

डीएफसीसीआईएल ने हितधारकों एवं उनकी संचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संचार रणनीति पर आधारित प्रभावी कार्ययोजना और उसकी संचार रणनीति को तैयार किया है। संबंधित फोटोग्राफ के साथ प्रेस रिलीज के माध्यम से बड़ी घटनाओं की सूचना और महत्वपूर्ण अपडेट को नियमित रूप से साझा किया जाता है। अवधि के दौरान विभिन्न अवसरों पर 13 प्रेस रिलीज जारी की गई और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में संबंधित का व्यापक कवरेज किया गया । डीएफसीसीआईएल में कार्य की प्रगति से संबंधित समाचार मदों को पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है। इसके अलावा डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साक्षात्कार के माध्यम से मीडिया विचार विमर्श की भी व्यवस्था की गई हैं और मीडिया में प्रकाशित भी किया गया है।

निर्माण गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए समय से निविदाओं का प्रकाशन, सूचनाएं और सांविधिक भूमि अधिग्रहण अधिसूचनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं । अवधि के दौरान क्षेत्रीय, और राष्ट्रीय अंर्तराष्ट्रीय समाचार पत्रों में कुल 235 निविदाएं और अधिसूचनाएं प्रकाशित की गई ।

इसके अलावा, डीएफसीसीआईएल ने सृजनात्मक रेडियो स्पॉट के माध्यम से विशेषरूप से परियोजना प्रभावित व्यक्तियों हितधारकों को शिक्षित और अभिनव तरीके अपनाए हैं । बिग एफएम, रेडिया मिर्ची, एफएम गोल्ड, विविध भारती और संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न हिंतधारकों में जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से सप्ताह के अंत में प्राईम टाइम पर दोनों कोरीडोर सहित बड़े शहरों के एफएम चेनलों पर एक 30 सेकेण्ड का रेडियो स्पॉट प्रसारित किया गया था।

त्रैमासिक डीएफसी न्यूज लेटर में स्थायी आंतरिक संचार विशेषताओं के अलावा आंतरिक सामग्री को भी प्रकाशित किया जाता है और विभिन्न हितधारकों जैसे मंत्रालयों, राज्य सरकार और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों के अलावा अपने कर्मचारियों को वितरित किया जाता है।

संचार में अधिकारियों की दक्षता को बढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष के दौरान डीएफसीसीआईएल द्वारा दो संचार कार्यशालाओं को आयोजन किया गया जिसमें 75 प्रतिभागियों को ब्रान्डिंग, मीडिया परिचनय, संचार और धारणा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

कंपनी की अच्छी प्रतिष्ठा को बनाए रखने और उत्पन्न करने के लिए डीएफसीसीआईएल ने 07 से 13 जनवरी 2015 तक आयोजित वाइब्रेन्ट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में भाग लिया। प्रदर्शनी में परियोजना से संबंधित एक स्टॉल लगाई गई जिसमें दो लाख से अधिक दर्शकों ने स्टॉल को देखा।

आंतरिक संचार को मजबूत करने के लिए काफी उपाय किए गए हैं । सभी मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों में पीआर कार्यो को समन्वित करने के लिए नामित अधिकारी को पदनामित किया गया है। डीएफसीसीआईएल के प्रदर्शन के लिए कॉर्पोरेट फिल्म को तैयार किया गया है और कॉर्पोरेट कार्यालय सहित मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शिनियों और सम्मेलनों में इसे दिखाया जा रहा है। सभी मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों में परियोजना प्रभावित व्यक्तियो के साथ नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जा रही हैं और परियोजना के बारे में गलतफहमी को दूर किया जा रहा है। हितधारकों की सहायता के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को तैयार किया गया है और डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

8. लेखा परीक्षा अर्हताः

बोर्ड रिपोर्ट के भाग सचिविय लेखा परीक्षक फार्म सहित लेखा परीक्षा की अर्हता पर प्रबंधन का उत्तर दिया जाता है।

9. बोर्ड सदस्यों का प्रशिक्षणः

डीएफसीसीआईएल ने अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम दिलवाने के लिए चिंतित है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का विवरण कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट में अलग से दिखाया गया है। बोर्ड सदस्यों के परिचय के क्रम में , वर्तमान में उनके बोर्ड में ज्वानिंग पर निदेशक को एक सेट दस्तावेज/बुकलेट देने की परम्परा रही है। कागजाातों के कागजातों के सेट में पिछले वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट , ज्ञापन और एसोसियशन के अनुच्छेद, एमओयू के साथ समझौता ज्ञापन , लक्ष्य और उपलब्धियां सम्मिलित हैं। यह पदधारी को मूल सूचनाएं उपलब्ध करवाता है । इसके अतिरिक्त बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों को समय समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, सार्वैजनिक उद्यम संथान द्वारा आयोजत मूल इंडक्शन प्रशिक्षक और प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे आईएसबी मोहाली सम्मिलित हैं, नामित किया जाता है।

10. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन :

निदेशक मंडल को प्रस्तुत मुख्य कार्यकारी और सीएफओ द्वारा हस्ताक्षरित प्रभामण पत्र रिपोर्ट के अनुलग्नक ड–2 में संलग्न है।

11. व्यापार आचार संहित एवं नीति शास्त्र

कंपनी ने बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ स्तर प्रबंधन के लिए आचार संहिता तैयार की है जोकि निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित हैं। बोर्ड की 36वीं बैठक में निर्देश के द्वारा बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यापार आचार संहिता एवं नीति शास्त्र जो 1 अप्रैल 2009 से लागू है, को डीपीई के दिशा निर्देश में सुझाये गए मॉडल कोड ऑफ कन्डेक्ट के द्वारा बदला गया। निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए आचार संहिता के निबधन में, आचार संहिता का पालन किया गया है और वार्षिक अभिवचन सभी बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों से प्राप्त किया गया है। 2014–15 के दौरान बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि को प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा को अनुबंध ''ड–1'' में दिया गया है। आचार संहिता कंपनी की वेबसाइट www.dfccil.gov.in पर भी उपलब्ध है।

12. मुखविर (व्हीसल ब्लोअर) नीति

डीएफसीसीआईएल अपने कार्यों को ऊँचे पेशेवर अंदाज, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ करने में विश्वास रखती है और अपने सभी कर्मचारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए कंपनी एक ऐसी संस्कृति के निर्माण में विश्वास रखती है जहां सभी कर्मचारियों के लिए उनकी चिंताओं को अनीतिपरक प्रथाओं या कदाचार के संबंध में उठाना सुरक्षित रहेगा। कंपनी ने एक व्हीसल ब्लोअर नीति बनाई है। यह नीति समर्थ कर्मचारियों को समर्थ बनाने के लिए एक फ्रेमवर्क उपलब्ध कराती है जो कंपनी के अंदर गंभीर अनियमितताओं से संबंधित चिंताओं को बिना किसी डर के उठाना चाहते हैं। और जो प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों सहित डीएफसीसीआईएल के कर्मचारियों द्वारा संरक्षित प्रकटन कवर करते है।

13. अनुपालन प्रमाण–पत्र

सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरुप में निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में कार्यरत कंपनी सचिव से प्रमाण पत्र वार्षिक रिपोर्ट का अंश है।वार्षिक रिपोर्ट के भाग का फार्म (अनुलग्नक ''ड–3'') पर है।

अनुबंध ''ङ''–1

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा संचालित व्यवसाय और नीतिशास्त्र संहिता के अनुपालन के संबंध में प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणा।

मैं, आदेश शर्मा, प्रबंध निदेशक, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड घोषणा करता हूं कि निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारीगणों ने 2014–15 के दौरान संचालित व्यवसाय और नीतिशास्त्र संहिता का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित किया है।

ह./–
(आदेश शर्मा)
प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12.06.2015

अनुलग्नक''ङ–2''

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

प्रबंध निदेशक और निदेशक/ वित्त का प्रमाणन

हमने वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए तुलन पत्र, लाभ हानि विवरण और नकद प्रवाह विवरण सहित वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है और हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसारः

(i) इन विवरणों में कोई भी हकीकत में असत्य विवरण या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छोड़ा नहीं गया है अथवा विवरणों में गुमराह नहीं किया गया है।

(ii) कंपनी के मामलों में को ध्यान में रखते हुए इन विवरणों के साथ प्रस्तुत सभी सत्य और स्पष्ट विचार प्रस्तुत किए गए हैं।

(iii) जहां तक हमारे ज्ञान एवं विश्वास में है, वर्ष के दौरान कंपनी में किसी भी धोखाधड़ी और गैरकानूनी अथवा कंपनी की आचार संहिता के उल्लंघन मे नहीं किया गया है।

(iv) हम वित्तीय रिर्पोटिंग के लिए आंतरिक नियंत्रणों के रखरखाव और स्थापित करने के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिर्पोटिंग से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है। हमने इस प्रकार आंतरिक नियंत्रण के संचालन और डिजायन की कमियों लेखा परीक्षको ओर लेखापरीक्षण समिति के समक्ष खुलासा किया है, कमियों को दूर करने के लिए उठाए जाने वाले कदम अथवा इन कमियों को दूर करने का प्रस्ताव किया है।

(v) वर्ष के दौरान हमने लेखा नीतियों में बदलाव के बारे में लेखा परीक्षकों एवं लेखा परीक्षण समिति को सूचित कर दिया है, और इसका खुलासा भी वित्तीय विवरणों में कर दिया गया है और,

(vi) हम इसके लिए सजग है कि कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की कुल वित्तीय रिर्पोटिंग कर्मचारी अथवा प्रबंधन महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है और न ही कोई धोखाधड़ी की गई है ।

ह./–
एम.के.मित्तल
निदेशक/वित्त

ह./–
आदेश शर्मा
प्रबंध निदेशक

स्थान– नई दिल्ली
दिनांक:13.06.2015

अनुबंध ''ङ''–3

ए के जी एंड कंपनी
कंपनी सचिव
पताः ए–16, जितारनगर, परवाना रोड़, दिल्ली–110051
फोनः 011–22025417, 9312210264
ई–मेलः guptaashish75@gmail.com

सदस्य
मैं, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय, 5वां तल, डीएमआरसी भवन परिसर
प्रगति मैदान, नई दिल्ली–110001

विषय : केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम 2010 के लिए कॉर्पोरेट संचालन से संबंधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत कॉर्पोरेट संचालन की स्थितियों के अनुपालन के प्रसंग में अनुपालन प्रमाणपत्र।

1. यह प्रमाणपत्र डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (यहां कंपनी के रूप में परिभाषित) द्वारा कॉर्पोरेट संचालन की नीतियों के वित्तीय वर्ष समाप्ति 31 मार्च, 2015 में केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम 2010 के तहत निर्धारित दिशानिर्देशों (यहां दिशानिदेश के रूप में परिभाषित) जो मई, 2010 से लागू है, के अनुपालन के संबंध में जारी किया गया है।

2. कॉर्पोरेट संचालन की नीतियों के अनुपालन का उत्तरदायित्व प्रबंधन का है। मेरी जांच उन प्रणालियों तथा उनके कार्यान्वयन तक सीमित है जिनका कंपनी ने कॉर्पोरेट संचालन के लिए अनुपालन किया है जो दिशानिर्देशों के अनुसार है। न तो यह लेखा परीक्षा का भाग है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरण (फायनेंशियल स्टेटमैंट) से संबंधित कोई टिप्पणी है। मेरा कर्तव्य है कि जो भी तथ्य दर्ज किए गए हैं उनका आंकलन पेशेवर ढंग से किया जाए तथा प्रत्येक अभिलेख को संपूर्णता और यथार्थता के आधार पर प्रमाणपत्र जारी किया जाए।

3. प्रमाणपत्र के जारी करने के उद्देश्य के लिए जिन सूचनाओं और स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी, मेरे अनुमान के अनुसार वे सब मैंने एकत्र कर लिए हैं और आवश्यकता के अनुसार मुझे संबंधित दस्तावेज, प्रमाणपत्र तथा अभिलेख उपलब्ध कराए गए।

4. मैं, प्रमाणित करता हूं कि पिछले वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2015 में कंपनी ने निम्न के अतिरिक्त अपनी कॉर्पोरेट संचालन रिपोर्ट में विभिन्न दिशानिर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन किया है;

   क. खंड सं. 3.2 जो निदेशक मंडल संयोजन–नामित निदेशकों से संबंधित है।

   ख. खंड सं. 3.6 जो आपदा प्रबंधन प्रणाली के एकीकरण तथा संरेखण से संबंधित है।

5. मैं यहां पर यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि यह अनुपालन इस बात का आश्वासन नहीं देता कि जिस प्रकार से प्रबंधन ने कंपनी के कारोबार का संचालन किया, भविष्य में भी इस प्रकार की दक्षता तथा कार्य कुशलता के साथ कार्य करता रहेगा।

ह./–
आशीष कुमार गुप्ता
कंपनी सचिव
एफसीएस, एलएल.बी, बीएससी (एच)
एफसीएस.–6433, सी.पी. 6359

स्थानः दिल्ली
दिनांक 05.08.2015

अनुबंध–च

प्रबंधकीय विचार विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट

औद्योगिक ढांचा एवं विकास

किसी देश का संपूर्ण आर्थिक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के विकास से मापा जा सकता है। भारतीय रेलवे का नक्शा नशों का एक ऐसा नेटवर्क है जो भारत की अर्थव्यवस्था के हृदय में रक्त संचार की तरह कार्य करता है । भारतीय रेलवे सामाजिक आर्थिक विकास की प्रमुख भूमिका के साथ प्राचीन भारत का एक यूनिक इन्टीग्रेटर है।

रेल परिवहन हमारे देश के परिवहन ढाचें में रीढ़ की हड्डी के समान है । रेल परिवहन को जवाबदेह, आरामदेह, और सुरक्षित और ग्लोबल मानकों के अनुसार होना चाहिए। भारतीय रेल माल भाड़ा के मार्केट शेयर को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, डीएफसीसीआईएल ने एक ''विषेश उद्देश्य व्हीकल'' को ध्यान में रखकर डेडीकेटेड फ्रेट लाइनों के लिए योजना एवं विकास, निर्माण, रखरखाव और परिचालन का उत्तरदायित्व लिया है।

उन्होंने अपने भाषण में ''डीएफसीसीआईएल परियोजना के बारे में उल्लेख किया है'' पूर्वी और पश्चिमी रूटों पर दो डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर परियोजनाओं का कार्यान्वयन एक संचयी कदम है। वर्ष 2015–2016 में हमारा लक्ष्य सिविल ठेकों को 750 किमी. और प्रणाली ठेकों को 1300 किमी. एवार्ड करने का रहेगा। चालू वर्ष में पूर्वी डीएफसी के दुर्गावती–सासाराम के 55 किमी.सेक्शन को पूरा करने का प्रस्ताव है। चार अन्य डीएफसी के लिए प्राथमिक इंजीनियरिंग कम यातायात सर्वेक्षण(पीईटीएस) प्रगति पर हैं और इस वर्ष पूरा कर लिया जाएगा। हमारा विचार है कि डीएफसी फीडर रूटों के निर्माण को निजी भागीदारी से किया जाए।

कंपनी की दृष्टि और मिशन निम्नानुसार हैः

विजनः

भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी को बनाने और ग्राहक की तरफ ध्यान देते हुए विश्वसनीय सेवाओं के माध्यम से रेल के शेयर बाजार का विस्तार करना है।

मिशनः

समर्पित एजेन्सी के रूप में मिशन को वास्तविकता में करने के लिए डीएफसीसीआईएल का मिशन हैंः

1. उचित तकनीक के साथ कोरीडोर को बनाना ताकि ग्राहकों को सस्ते विकल्पों को प्रदान किए जा सकें और अतिरिक्त क्षमता और सुनिश्चित कार्यकुशलता जवाबदेही, सुरक्षा प्रदान कर मालभाड़ा के बाजार के शेयर को भारतीय रेलवे द्वारा प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना।

2. सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए एवं परिवहन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अनुकूल पर्यावरण माध्यम के रूप में उपयोगकर्ताओं को बढ़ावा देकर रेलवे को अपनाना।

परियोजना निष्पादन पर पूंजीगत खर्च

31, मार्च 2015 को परियोजना निष्पादन पर संचयी खर्च रू.6130.24 करोड़ हुआ जिसमें स्थायी परिसंपत्तियों पर रू.12.24 करोड़, प्रगति में पूंजी कार्य पर रू.3772.42 करोड़, विकास के अंतर्गत परिसंपत्तियों पर रू.9.31 करोड़ ओर पूंजी अग्रिम पर रू.2836.27 करोड़ खर्च शामिल है। वर्ष 2014–15 में परियोजना निष्पादन पर कुल खर्च रू.1961.03 करोड़ जिसमें मूर्त परिसंपत्तियों पर रू.2.85 करोड़, विकास के अंतर्गत परिसंपत्तियों पर रू.1.68 करोड़, पूंजी अग्रिम पर रू.245.40 करोड़ और प्रगति में पूंजी कार्य पर रू.1711.10 करोड़ शामिल है।

ताकत

परियोजना में भूमि अधिग्रहण ताकत की अपनी पहचान होती है। यहां तक कि दुर्गम क्षेत्रों में, महाराष्ट्र विशेष रूप ग्रेटर मुंबई में, अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) और राज्य के राजस्व और अन्य अधिकारियों के साथ सुचारु रूप से गहन संपर्क के साथ एक सतर्क और संवेदनशील दृष्टिकोण का एक परिणाम है।

डीएफसी स्वंय विद्युतीकृत के कार्यान्वयन में पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए बहुत बड़ी ताकत है। पर्यावरण स्तर पर, आवश्यक रूप से पूर्व पर्यावरण सांविधिक मंजूरी इसमें वन भूमि डायवर्जन, सीआरजेड, एएसआई संरक्षित स्मारक, अन्य इको–संवेदनशील जोन की आवश्यक है। ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र (टीटीजेड) सहित, मेनग्रोव क्षेत्रों, संजय गांधी राष्ट्रीय पार्क परिसर में सभी राज्यों से पेड़ो कटाई शामिल है।

सामाजिक और पर्यावरण प्रबंधन यूनिट (सेमू) के लिए क्षमता निर्माण किया गया है। अब प्रत्येक कोरीडोर अलग से महाप्रबंधक की अध्यक्षता में प्रोफेशनलस की टीम द्वारा समर्थित है। इसी तरह फील्ड स्तर पर सामाजिक और पर्यावरण गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से सहायक परियोजना प्रबंधक पदस्थ कर सेमू द्वारा क्षमता निर्माण किया गया है।

प्रत्येक कोरीडोर को अब अलग से महाप्रबंधक की अध्यक्षता में प्रोफेशनलस की टीम द्वारा समर्थित किया गया है। इसी तरह फील्ड स्तर पर सेमू द्वारा क्षमता निर्माण किया गया है जहां ईडीएफसी–1, ईडीएफसी–2 एवं ईडीएफसी–3 के लिए सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों के लिए सहायक परियोजना प्रबंधक को पदस्थ किया गया है।

निर्माण चरण के लिए पर्याप्त संख्या में विभिन्न स्तरों पर अनुभवी अधिकारियों को पदस्थ किया गया है। संगठन में कार्य के लिए रेलवे की अनुभवी टीम लगाकार एक ताकतवर कार्य किया है।

निर्बलताः

विभिन्न नियमों के अंतर्गत निर्माण सामग्री को प्राप्त करने के लिए सांविधिक क्लीयरेंश को प्राप्त करने देरी के कारण कार्यान्वयन एजेन्सीयों का कार्य प्रभावित हुआ है। इस कार्य को शीघ्र करने के लिए अधिकारियों से निरन्तर संपर्क किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा विभिन्न सांविधिक मंजूरी को प्राप्त करने में देरी और उसके उप ठेकेदार से परियोजना ही साख पर जोखिम हो सकता है।

डीएफसी को दोनों कोरीडोर के लिए 3376 किमी. में फैली 11539 हैक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। पूर्वी कोरीडोर में डीएफसी संरेखण पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से होकर गुजरता है। पश्चिमी कोरीडोर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से गुजरता है। भूमि अधिग्रहण संबंधित राज्यों का विषय होने के कारण कंपनी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भूमि का अधिग्रहण राज्य सरकारो/क्षेत्रीय रेलों, केन्द्रीय सरकार, एनआरआरपी 2007 के प्रावधानों द्वारा विभिन्न दिशा निर्देशों के अपनाते हुए पर्यावरणीय और सामाजिक विचारों के संबंध में फंडिग एजेसियों की आवश्यकता और परियोजना से प्रभावित पक्षों की आशाओं को पूरा करते हुए किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण में पारदर्शिता ओर उचित मुआवजा, पुर्नवास एवं पुर्नस्थापन अधिकार अधिनियम 2013 संशोसन विधेयक द्वारा पारित, नए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी अधिग्रहण के लिए देय मुआवजा एवं आर एंड आर को डीएफसीसी द्वारा दिनांक 01.01.2015 से दिया जा रहा है। नए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रेलवे बोर्ड द्वारा एक नया पात्रता मैट्रिक जारी किया गया है और इसे दिनांक 01.01.2015 से लागू कर दिया गया है। संबंधित प्राधिकारियों से अनुमोदन देरी से प्राप्त होने के कारण परियोजना के निष्पादन में बाधा आ सकती है।

सुअवसरः

पर्यावरण अनुकूल तरीके से ग्रीन फील्ड डीएफसी परियोजना के क्षेत्र में भविष्य की डीएफसी परियोजना में वास्तविकता को दोहराने का अवसर प्रदान करना है।

डीएफसी परियोजना सीधे और परोक्ष रूप से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने, रेल परिवहन क्षमता में एक लंबी छंलाग, गारंटीशुदा समय में ट्रंजिट और संचालन क्षमता को लाना होगा।

कार्य के सफलता पूर्वक होने से देश में रेल द्वारा रेल भाड़ा परिवहन में एक नए कीर्तिमान स्थापित होने की आशा है जो कि देश में ''परिवहन लोजीस्टिक'' को कम लागत में लाने का कार्य करेगा।

मेक इन इंडिया से नए अवसर, दिल्ली मुम्बई औद्योगिक कोरीडोर (डीएमआईसी) और (एडीकेआईसी) अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कोरीडोर को लाने से देश के निर्माण सेक्टर में बड़ा प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। ढांचागत लाभों, उच्च–वोल्यूमैट्रिक और टनेज और उच्च गति क्षमताओं को अन्य परिवहन के माध्यम की अपेक्षा डीएफसी तेजी के साथ प्रगति करेगी। इस लोजिटिक टर्मिनल के विकास और वेगनों के लिए पूर्व में आवश्यकता है।

डीएफसीसीआईएल नेटवर्क/भारतीय रेल नेटवर्क के अंदर उद्योगों के साथ समन्वय रखकर क्षमता को बनाने और डीएफसीसीआईएल के संगठनात्मक ढांचे के अंदर कंपनी को मार्केटिंग टीम को बनाना होगा। रेल परिवहन के लाभों, जैसे ईंधन बचत, पर्यावरण, तीव्र डिलीवरी, किफायती, सड़क परिवहन के अपेक्षा कम लागत में इन्वेन्ट्री के लिए जागरूक करने से विश्व स्तरीय लोजोस्टिक सेवाओं से विश्व स्तरीय लोजोस्टिक ढांचा के विकास में सहभागिता को बढावा मिलेगा।

सेक्टर के ग्रोथ को प्राप्त करने के क्रम में, कंपनी को मार्केट में लोजिस्टिक दाताओं के साथ जेवी के रूप में सभी अवसरों को अपनाना चाहिए। इस दिशा में, कंपनी ने इन्लेंड वाटर ऑथरिटी ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन बनाकर शुरूआत की है।

आशंका

समय पर परियोजना की डिलीवरी को सुनिश्चित करने के क्रम में, सभी स्टेक होल्डर्स और परियोजना में सम्मिलित पक्षकारों जैसे रेल मंत्रालय, योजना आयोग, वित्त मंत्रालय, राज्य सरकारें, जापान इन्टरनेशनल को–ऑपरेशन एजेन्सी, विश्व बैंक के साथ समन्वित प्रयासों को करने की आवश्यकता है और डीएफसी अनुमानित समापन लागत के अंदर और समय से प्रत्येक दायित्वों को सुनिश्चित करते हुए कार्य को पूरा सुनिश्चित करना होगा। समन्वित प्रयासों के बावजूद, हमारे अन्दरूनी एवं बाहरी तत्वों से उत्पन्न आशकाओं से परियोजना का कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। निर्माण चरण के दौरान, ठेकेदार को सभी आशकाओं से मुक्त भूमि को देना बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। संरेखण से विभिन्न उपयोगिताओं के रिलोकेशन, निर्माण से पहले और निर्माण के दौरान समान्तर सेक्शन में भारतीय रेलवे की परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की बड़ी आशंका है। यद्यपि परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कंपनी ने अपने संगठनात्मक ताकत बनाई है, ठेकेदार द्वारा प्रशिक्षित और अनुभवी कर्मचारियों की उपलब्धता और परियोजना प्रबंधन सलाहकार को सुनिश्चित किया गया है।

रणनितियां

परियोजना में भूमि अधिग्रहण एक चुनौती होती जा रही है। लेकिन संगठन की ताकत का एक ही समय कसौटी, और आगे के परीक्षणों और मुसीबतों के माध्यम से समय सीमा में संगठन की अधिग्रहीत क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, कंपनी ने भारत सरकार द्वारा अपनाई गई राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनः स्थापना नीति के अनुपालन और उसे सुनिश्चित करने की सतत् रणनीति बनाने का प्रयास किया है। डीएफसी ने उनकी भागीदारी पर बल देकर पुनर्वास और पुनर्वास प्रक्रिया में उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करके परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) की जरुरतों को पूरा किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुनर्वास और पुनर्वास योजना से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त किया गया। पूर्वीडीएफसी–1 एवं पूर्वी डीएफसी–2 में इसके अलावा प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को 9 राज्यों में बढ़ाया गया है। समय से और परेशानीमुक्त अधिग्रहण को सुनिश्चित करने के लिए, राज्यों में भूमि अधिग्रहण की प्रगति को मॉनिटरिंग करने के लिए मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है और इससे राज्य मशीनरी के साथ अच्छा तालमेल हो रहा है।

कंपनी चालू प्रणाली और प्रक्रियाओं को आगे बढ़ा रही है। डीएफसीसीआईएल ने विश्व बैंक के दिशा निर्देश के अनुसार अपने ईआरपी (सैप) के कार्यान्वयन के लिए आईटी फर्म का चयन किया है। परियोजना का उद्देश्य है कि वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, उद्यम परिसंपत्ति प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण सूचना प्रबंधन,भौगोलिक सूचना प्रबंधन, पोर्टल, दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली आदि को केन्द्रीयकृत कर आंतरिक सोल्यूशन सोफ्टवेयर का कार्यान्वयन करना है। ईआरपी सोल्यूशन को संगठन के अधिकांश महत्वपूर्ण कार्यों में चलाया जाएगा। प्रणाली त्वरित निर्णय लेने, विभिन्न कार्यों के बीच बेहतर योजना और समन्वय को सुनिश्चित करने, बेहतर डाटा प्रबंधन, प्रभावी रिपोटिंग, ज्ञान प्रबंधन आदि का कार्य करेगा। इससे समय की बचत होगी।

दृष्टिकोण

कंपनी परिवहन के क्षेत्र में विश्व स्तरीय अवसंरचना के द्वारा भारत के परिवहन के क्षेत्र में प्रतिमान स्थापित करने तथा क्षमता को बढ़ाने की ओर अग्रसर होगी। कंपनी परियोजना के कार्यान्वयन में संरक्षा के साथ–साथ गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए बचनबद्ध है। इस सबंध में फील्ड कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए उत्तम अर्तराष्ट्रीय निर्माण अभ्यास के उपाय किए गए हैं।

आगे की राह

डीएफसीसी अपने तीन **''एस'' ''ईमानदारी (Sincerity), तीव्र गति (Speed) और सफलता (Success)''** के आदर्श वाक्य के लिए प्रतिबद्ध है जो संगठन के मिशन विजन और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ेगा।

जोखिम और चिंताएं

कंपनी उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचे की स्थापना की है जो कि लेखा परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित है । उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचे को दिनांक 01 दिसबंर 2014 से कार्यान्वयन किया गया है। ''योजना और निर्माण चरण'' एवं परिचालन चरण'' के दौरान मुख्य 10 जोखिमों की प्राथमिकता और पहचान की गई। इन 20 मुख्य जोखिमों के लिए मिटीगेशन योजना भी तैयार की गई है। जोखिम की पहचान और कम करने की योजना को इस तरह बनाया गया है कि उसे जोखिम पहचान और प्राथमिक कार्यशालाओं द्वारा आवधिक आधार पर अपडेट एवं रिव्यू किया जा सकता है। जोखिम प्रबंधन ढांचे को परिभाषित किया गया है है जिसमें जोखिम प्रबंधक समिति के साथ–साथ कार्यों को करने के लिए एक स्वंतत्र निदेशक, एक मुख्य जोखिम प्रबंधक कोआरडीनेटर जोखिम प्रबंधक समिति को रिपोर्ट करते है, इसमें विभिन्न विभागों जैसे सिविल, एसएंडटी, आईटी, प्रशासन, विद्युत, परिचालन, वित्त आदि और मुख्य परियोजना प्रबंधकगण रहते हैं जो कि जोखिम कम करने की योजना की पहचान करने के लिए उत्तरदायी होते हैं और प्राथमिकता के आधार पर कम करने के लिए ढांचा तैयार करते हैं। जोखिम प्रबंधन की गतिविधियों को जोखिम को मॉनीटरिंग के लिए उचित नियंत्रण को सुनिश्चित किया जाता है और विशिष्ट जोखिम के लिए मिटीगेशन योजना को प्रभावशाली बनाने के लिए उद्यम जोखिम प्रबंधन कार्यों के रूप में एमआईएस के माध्यम से मेकेन्जिम एश्योरेंश को सुनिश्चित किया जाता है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां

किसी भी संगठन में, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एक आंतरिक प्रक्रिया होती है, जो इकाई प्रबंधन और कार्मिकों को जोखिम से प्रभावित करती है और लक्ष्य को प्राप्त करने, अधिक जोर से परिचालनों को और अधिक व्यवस्थित ढंग से कार्यान्वयन के सामान्य उद्देश्यों को प्राप्त किया जाता है और हानि, दुरूपयोग और नुकसान के विरूद्ध संसाधनों की सुरक्षा की जाती है। कंपनी की आंतरिक प्रणालियां और पद्धतियां हैं जो परिचालन के कार्यान्वयन को और अधिक व्यवस्थित, नीतिपरक, मितव्ययी कुशलता और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करती हैं। जो कंपनी के आकार के साथ पर्याप्त और समरूप हो। यद्यपि आंतरिक नियंत्रण की प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है, प्रबंधन निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इसे सुनिश्चत करने के क्रम में सभी आंतरिक नियत्रंण प्रणालियों और प्रक्रियाओं को किया जाता हे और वर्तमान प्रक्रियाओं और आतंरिक नियंत्रण प्रणालियों में आने वाली कमियों का आंकलन किया जाता है, प्रक्रियाओं और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों को मजबूत करने के उपाय किये जाते हैं। तद्नुसार, कंपनी में आंतरिक नियत्रण प्रणलियों के लिए लेखा परीक्षण समिति ने एक अध्ययन संचालित किया हैं। निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति आंतरिक लेखा परीक्षक रिपोर्टों, सांविधिक लेखा परीक्षक और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों की भी समीक्षा की जाती है। प्रबंधन लेखा परीक्षक की सिफारिशों एवं निष्कर्षो की समीक्षा करता है, जहां आवश्यक होता है उचित कार्रवाई की जाती है और सिफारिशों के कार्यान्वयन को मॉनीटर किया जाता है।

औद्योगिक संबंधः

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध शांति एवं सोहाद्रपूर्ण रहे। डीएफसीसीआईएल ने दिनांक 30.10.2014 को अपना 9वां स्थापना दिवस कॉर्पोरेट कार्यालय, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन परिसर में मनाया। संगठन के वार्षिक समारोह में अध्यक्ष, डीएफसीसीआईएल एवं रेलवे बोर्ड, रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारीगण और डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने डीएफसीसीआईएल के कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए वार्षिक पुरस्कारों का वितरण किया। दिनांक 21.05.2014 आंतक विरोधी दिवस और दिनांक 20.08.2014 को सद्भावना दिवस मनाया गया। कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में दिनांक 19.11.2014 को राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई।

सूचना तकनीक और विकासः

डीएफसीसीआईएल को कोर व्यवसाय प्रक्रिया में प्रोद्योगिकी के लाभ की एक विशेष पहचान के रूप में दिनांक 13 अगस्त,2014 को सैप

एस (SAP ACE) पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पहला अवसर है जब किसी सार्वजनिक उपक्रम को दिया गया है जहां भूमि अधिग्रहण की अपनी कोर प्रक्रिया के लिए पूर्वी और पश्चिमी कोरीडोर दोनों के 14 मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों , कार्पोरेट कार्यालय दोनों में जीआईएस और सीएडी के साथ इसी तरह सैप सोल्यूशन का लाभ दिया गया है।

डीएफसीसीआईएल में अब सैप कार्यान्वयन के अंतिम चरण में हैं। लगभग सभी जांचे पूर्ण हो चुकी हैं और कर्मचारियों और अधिकारियों ने सैप पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। कॉर्पोरेट कार्यालय के चौथे तल पर डाटा सेंटर को स्थापित किया गया है। यह डाटा सेन्टर को डब्लयूएएन(वाइट एरिया नेटवर्क) आधारित वीपीएन अथवा एमपीएलएस(मल्टी–प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग) के प्रयोग द्वारा सभी 14 मुख्य परियोजना प्रबंधकों को जोड़ा गया है। इस तरह पूर्व एवं पश्चिम दोनों कोरीडोर के सभी मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालय डीएफसीसीआईएल के डाटा सेन्टर से जुड़ गए हैं। डीएफसीसीआईएल डाटा सेन्टर की क्षमता को बढ़ाने के लिए अधिक जगह लेने पर विचार कर रहा है। डिजास्टर रिकवरी डाटा सेन्टर का भी प्रस्ताव शुरू किया गया है।

परिचालन स्वीकृति चरण प्रगति पर है। महत्वपूर्ण भागों की परिचालन टेंस्टिग को मानव संसाधन विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है और नियमित रूप से सैप के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। फुटकर एवं छोटे बिलों एवं पेरोल को सैप के माध्यम से किया जाता है।

लगभग सभी डीएफसीसीआईएल कर्मचारियों को ईएसएस(एम्पलाइज सेल्फ सर्विस) लाइसेंस जारी कर दिया गया है। इस प्रकार प्रत्येक कर्मचारी पोर्टल के माध्यम से अपनी पे स्लिप, छुटटी के लिए आवेदन और विभिन्न यूजर मेनुअलों और अन्य सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। परियोजना ठेकेदार और सलाहकार बिलों के ऑन लाइन प्रस्तुत करने के लिए वीपीएन के माध्यम से ईआरपी सिस्टम से कर सकते हैं।

स्टीयरिंग कमेटी, प्रोसेस ऑनर्स, कोर टीम सदस्यों के निर्देशन में सैप कार्यान्वयन प्रगति पर है। चूंकि सैप का कार्यान्वयन एक डायनेमिक प्रक्रिया है, उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए भविष्य की आवश्यकताओं को संबोधित किया जाएगा।

पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षणः

